सुप्रभात
रांची, बुधवार
26.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 16




06 कारगिल विजय दिवस : पाकिस्तानी सैनिकों को मारा, भगाया

## एक खेती ऐसी भी...


फोटो : समीर

## दगा दे रहा मानसून, झारखंड के किसान बेहाल

### खेतों में बिचड़े तैयार, रोपनी का इंतजार, सिर्फ 12.79% में ही आच्छादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के किसान बारिश की बूंदों के लिए तरस रहे हैं। बादल तो उमड़ते हैं लेकिन कहीं-कहीं हल्की फुहार देकर ओझल हो जाते हैं। राज्य में मानसून की बेरुखी का असर यह है कि 24 जुलाई तक राज्य में 434.7 एमएम की जगह मात्र 236.3 एमएम वर्षा हुई है, जो सामान्य से 46% कम है। राज्य में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण 12.79% ही धनरोपनी हो पायी है। राज्य में 24 में से सिर्फ तीन गोड्डा, सिमडेगा और साहिबगंज में सामान्य वर्षा हुई है।

राजधानी रांची सहित बाकी के 21 जिलों में सामान्य से कम वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। जुलाई माह में बेहद कम वर्षा का प्रभाव खेती पर साफ दिख रहा है। राज्य में 18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धानरोपनी का लक्ष्य है, पर 24 जुलाई तक महज 02 लाख 30 हजार 143 हेक्टेयर (12.79%) में ही धान का आच्छादन हुआ है।

झारखंड में लगातार दूसरे साल सूखे की आहट दिख रही है। किसान परेशान हैं। खेतों में बिचड़े तैयार कर अच्छी बारिश की राह ताक रहे हैं ताकि रोपनी कर सके। मक्का भी लक्षित 03 लाख 12 हजार 560 हेक्टयर की जगह सिर्फ 01 लाख 52 हजार 425 हेक्टेयर क्षेत्र (48.77%) में लगा है। इस वर्ष 06 लाख 12 हजार 900 हेक्टेयर जमीन पर दाल की फसल लगाने का लक्ष्य था, जिसमें से 01 लाख 42 हजार 361 हेक्टेयर (23.23%) में ही फसल लग सकी है।

### अब भी राहत की उम्मीद

झारखंड के किसानों की उम्मीद को लेकर मौसम विभाग ने कुछ अच्छी खबर दी है। विभाग के अनुमान के मुताबिक 28 जुलाई से राज्य में अच्छी बारिश की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सकुर्लेशन बन रहा है, जो 25 जुलाई को लो प्रेशर में तब्दील होगा। इसके प्रभाव से 28 जुलाई से राज्य में अच्छी मानसूनी वर्षा की उम्मीद है। 28 जुलाई से मानसूनी गतिविधियों में तेजी हो सकती हैं। 27 जुलाई तक कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिल सकती है।

## निर्यात नीति को मंजूरी समेत हेमंत कैबिनेट से 29 प्रस्ताव पास

# रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों की संपत्ति जांच की मिली मंजूरी

- अमर बाउरी, रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी व नीलकंठ पर दर्ज होगी पीइ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में 29 प्रस्ताव मंजूर किये गये। पूर्ववर्ती रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में मंत्री रहे अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी व नीलकंठ सिंह मुंडा पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रारंभिक जांच दर्ज करने का आदेश दिया गया। हाईकोर्ट में दर्ज पीआईएल के आधार पर एसीबी ने मांगी थी अनुमति। मालूम हो कि डालटनगंज निवासी पंकज कुमार यादव ने पूर्व सरकार के इन मंत्रियों के खिलाफ हाईकोर्ट ने 2020 में पीआईएल दायर किया था और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जांच का अनुरोध किया था। पूर्व की सरकार के इन मंत्रियों के विरूद्ध धनार्जन से संबंधित जांच एसीबी ने की। (शेष पेज 11 पर)

### संविदाकर्मियों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश

संविदा पर कार्यरत महिला कर्मियों को भी 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा। निजी क्षेत्र में एक पौधा लगाने पर 5 यूनिट बिजली फ्री दी जायेगी। अधिकतम पांच पौधे लगा सकते हैं। प्रत्येक वृक्ष में पांच-पांच यूनिट 5 साल तक फ्री होगी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने वाले कर्मियों के लिये एनपीएस से ओपीएस का लाभ प्राप्त करने के लिए दिशा निर्देश की मंजूरी दी है।

**पौधा लगाने पर बिजली में सब्सिडी :** मुख्यमंत्री द्वारा वन महोत्सव के दौरान की गई घोषणा के अनुपालन के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 से शहरी क्षेत्र में रहने वाले आम जनता को उनके निजी जमीन पर वृक्ष लगाने पर उनके बिजली के विपत्र में प्रति वृक्ष पांच यूनिट बिजली पर सब्सिडी दिये जाने की स्वीकृति दी गयी।

### संगठित अपराध की जांच एटीएस को

उन्होंने कहा कि संगठित अपराध को भी आतंकवादी निरोधी दस्ता के द्वारा जांच कराने का फैसला लिया है। रांची में मोटर वाहन दुर्घटना विवादों की सुनवाई के लिये जिला न्यायाधीश का पद स्वीकृत हुआ है। वित्त विभाग के अंतर्गत 29 कर्मियों की सेवा नियमित की गयी है। ये मुख्यालय सहित विभिन्न ट्रेजरी में कार्यरत हैं।

## झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह ने मांगी इच्छा मृत्यु

### कोर्ट में अर्जी दायर कर कहा, घुट-घुट कर जीने से मौत बेहतर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह ने अदालत से इच्छा मृत्यु की अपील की है। उन्होंने अदालत को बताया है कि सरकार हमें चैन से जीने नहीं दे सकती है, मरना मेरा मौलिक अधिकार है, इसलिए मुझे इच्छा मृत्यु की इजाजत दी जाये। इसके साथ ही पूर्व विधायक ने इच्छा मृत्यु के बाद अपने अंगों को दान करने की भी अपील की है। मृत्यु के बाद शरीर के अंगों को दान करने की कागजी प्रक्रिया पूरी करने को लेकर भी संजीव सिंह ने अदालत में फरियाद भी लगायी।

संजीव सिंह ने मंगलवार को न्यायालय में आवेदन देकर इच्छा मृत्यु मांगी है। इसकी पुष्टि उनके अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने की है। अधिवक्ता ने बताया कि श्री सिंह की ओर से यह अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश-16 अखिलेश कुमार की अदालत में दायर की गयी है। अर्जी में उन्होंने कहा है कि घुट घुट कर जीने से मौत बेहतर है। संजीव सिंह फिलहाल धनबाद के एसएनएमएमसीएच में इलाजरत हैं। 10 जुलाई को धनबाद जेल में कुर्सी से गिर जाने के बाद वह चोटिल हो गये हैं।

### रिम्स में जान पर खतरा

कोर्ट ने उन्हें रिम्स में बेहतर चिकित्सा के लिए ले जाने का आदेश दिया है लेकिन संजीव सिंह रिम्स जाने को तैयार नहीं हैं। संजीव के परिवार जनों का कहना है कि रिम्स में उनकी जान को खतरा है। ऐसे में स्थानीय अथवा बाहर के किसी हायर सेंटर में उन्हें खुद के खर्चे पर इलाज की अनुमति कोर्ट दे। उनके परिजनों का कहना है कि जिस मामले में वह जेल में बंद हैं, उसके सूचक का परिवार सत्ताधारी दल से जुड़ा हुआ है। पत्नी रागिनी सिंह ने आरोप लगाया था कि हो सकता है कि वहां सही ट्रीटमेंट नहीं हो और उसके बाद उनके जान पर खतरा आ जाये। इसलिए उन्हें हायर सेंटर में रेफर किया जाये। इसके लिए संजीव सिंह के अधिवक्ता ने कोर्ट में स्थानीय सहित बाहर के कुछ हायर सेंटर के नाम भी सुझाये थे।



# देवघर, जमशेदपुर, पलामू गुमला समेत 14 डीसी बदले

### विशाल सागर देवघर, शशि रंजन पलामू, हिमांशु मोहन गये लातेहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने देवघर, पलामू, सिमडेगा, लातेहार, कोडरमा और पाकुड़ समेत 14 जिलों के डीसी को बदल दिया है। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री की जगह पर विशाल सागर को देवघर का नया डीसी बनाया गया है। वहीं ए दोड्डे को पलामू से हटाकर दुमका का डीसी बनाया गया है। मंजूनाथ भजंत्री को देवघर से हटाकर जमशेदपुर का डीसी बनाया गया है। रविशंकर शुक्ला को दुमका से हटाकर सरायकेला खरसावां का डीसी बनाया गया है। गिरीडीह के डीडीसी रहे शशि भूषण मेहरा को जामताड़ा के डीसी बनाये गये हैं।


विशाल सागर, मंजूनाथ भजंत्री, शशि रंजन और हिमांशु मोहन।

जियादा के क्षेत्रीय निदेशक अजय कुमार सिंह को सिमडेगा का डीसी बनाया गया है। खूंटी के डीसी रहे शशि रंजन को पलामू का डीसी बनाया गया है। पाकुड़ के डीसी रहे बरुन रंजन को धनबाद का डीसी बनाया गया है। उत्पाद आयुक्त करण सत्यार्थी को गुमला का डीसी बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सचिव मेघा भारद्वाज को कोडरमा का डीसी बनाया गया है। कृषि निदेशक चंदन कुमार को रामगढ़ का डीसी बनाया गया है। पर्यटन में संयुक्त सचिव रहे हिमांशु मोहन को लातेहार का डीसी बनाया गया है। आईटी के डायरेक्टर विशाल सागर को देवघर का डीसी बनाया गया है। वहीं आदिवासी कल्याण आयुक्त के पद पर कार्यरत लोकेश मिश्रा को खूंटी का नया डीसी बनाया गया है। इससे संबंधित कार्मिक ने आदेश जारी कर दिया है। कार्मिक के अवर सचिव विनोद कुमार के आदेश से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रभार रहित पदाधिकारी कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग में योगदान करेंगे।

### विष्णु अग्रवाल से आज इडी करेगी पूछताछ

**रांची।** राजधानी रांची में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्रवाई से जमीन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। बरियातू रोड स्थित सेना की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन के बाद इडी की टीम अब नामकुम के पुगड़ु में मौजूद 9.30 एकड़ जमीन मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में झारखंड के चर्चित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को पांचवी बार पूछताछ के लिए तलब किया गया है। उन्हें समन भेज 26 जुलाई को रांची स्थित इडी ऑफिस बुलाया गया है।

**टाइम पीटिशन खारिज :** इडी के बुलावे के बाद एक बार फिर विष्णु अग्रवाल ने स्वास्थ्य का हवाला देकर इडी में टाइम पीटिशन डाला। पर, इडी ने कारोबारी विष्णु अग्रवाल का टाइम पीटिशन खारिज कर दिया है। बताया जाता है कि पुगडू जमीन मामले में उन्होंने सारे दस्तावेज देखने के बाद जमीन खरीदी।

## बात-बात पर वापस नहीं कर सकेंगे अवॉर्ड, बदली नीति

# पुरस्कार लेने से पहले करने होंगे साइन !

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एक संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि शीर्ष सांस्कृतिक संस्थानों और अकादमियों को सरकारी पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं से हस्ताक्षर कराने चाहिए, ताकि बाद में 'पुरस्कार वापसी जैसी स्थिति' से बचा जा सके। संसदीय समिति ने इस बात पर जोर दिया कि साहित्य अकादमी या अन्य सांस्कृतिक अकादमियां 'गौरराजनीतिक संगठन' हैं।

जब भी उनके द्वारा कोई पुरस्कार दिया जाता है, तो प्राप्तकर्ता की सहमति ली जानी चाहिए ताकि वह 'राजनीतिक कारणों' से इसे वापस नहीं लौटा सकें। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने संसद के दोनों सदनों में पेश एक रिपोर्ट में यह बात कही। पैनल ने अपनी टिप्पणियों में कहा कि पुरस्कार लौटाये जाने की स्थिति में पुरस्कार विजेता को भविष्य में ऐसे पुरस्कार के लिए 'विचार नहीं किया जायेगा। 'पैनल ने 'राष्ट्रीय अकादमियों और अन्य सांस्कृतिक संस्थानों के कामकाज' पर अपनी 'थ्री हंड्रेड फिफ्टी फर्स्ट रिपोर्ट' में रेखांकित किया कि इस तरह के पुरस्कारों की वापसी 'देश के लिए अपमानजनक' है। (शेष पेज 11 पर)

### प्रतिष्ठा पर आती है आंच



पैनल ने कहा, 'पुरस्कार वापसी से जुड़ी ऐसी अनुचित घटनाएं अन्य पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों को कमजोर करती हैं और पुरस्कारों की समग्र प्रतिष्ठा पर भी असर डालती हैं। समिति ने पाया कि प्रत्येक अकादमी द्वारा दिये गये पुरस्कार भारत में एक कलाकार के लिए सर्वोच्च सम्मान बने हुए हैं। अवॉर्ड वापसी के बढ़ते मामलों पर संसदीय समिति ने चिंता जतायी है। साथ ही सिफारिश की है कि शीर्ष सांस्कृतिक संस्थानों और अकादमियों को पुरस्कार देने से पहले साइन कराने चाहिए कि वह इसे वापस नहीं करेंगे। पुरस्कार, किसी कलाकार का सम्मान होता है। इसमें राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। समिति ने सुझाव दिया, 'एक ऐसी प्रणाली बनायी जा सकती है जहां प्रस्तावित पुरस्कार विजेता से पुरस्कार की स्वीकृति का हवाला देते हुए एक वचन लिया जाये और पुरस्कार विजेता भविष्य में किसी भी समय पुरस्कार का अपमान नहीं कर सके। समिति ने कहा, 'पुरस्कार लौटाए जाने की स्थिति में पुरस्कार विजेता के नाम पर भविष्य में ऐसे पुरस्कार के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

# ऐसा दिशाहीन विपक्ष आज तक नहीं देखा : मोदी

### नाम में क्या रखा है, ईस्ट इंडिया कंपनी, इंडियन मुजाहिदीन, पीएफआइ का दिया हवाला

- इंडिया नाम रख कर जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मणिपुर मामले पर मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है। इसी सिलसिले में मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक पीएम मोदी ने विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि ऐसा दिशाहीन विपक्ष आज तक नहीं देखा। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को देश का अब तक का सबसे दिशाहीन गठबंधन करार दिया। उन्होंने कहा सिर्फ नाम से कुछ नहीं होता, अच्छा काम भी दिखना चाहिए। पीएम मोदी ने ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिदीन जैसे नामों का हवाला देते हुए कहा कि केवल देश के नाम के इस्तेमाल से लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता। (शेष पेज 11 पर)

### इंडिया नाम रखने पर तीखा प्रहार



पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष बिखरा और हताश है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लंबे समय तक सत्ता में रहने की कोई इच्छा नहीं हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने भी इंडिया लगाया था, इंडियन मुजाहिद्दीन में भी इंडिया है। पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया में भी इंडिया है। इंडियन मुजाहिद्दीन और पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया आतंकवादी संगठनों के नाम है। इंडियन मुजाहिद्दीन, पीएफआइ का जिक्र कर पीएम मोदी ने विपक्ष के नये गंठबंधन इंडिया तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, हमने पीपुल्स फ्रंट को बैन किया वो भी खुद को इंडिया कहते हैं। आज के समय में इंडिया का नाम जोड़ने का जो फैशन है वह अर्बन-नक्सलवाद से संबंधित है वे खुद को वैध करने के लिए इंडिया नाम जोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि मुख्य विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नाम भी एक अंग्रेज एओ ह्यूम ने रखा था।

### कांग्रेस का पलटवार

पीएम मोदी के विपक्षी गठबंधन के नाम की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी और पीएफआई से करने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष में घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी नेताओं ने जबरदस्त पलटवार किया। राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि 'मिस्टर मोदी, आप हमें जो चाहें बुला लें, हम इंडिया हैं। हम मणिपुर को ठीक करने और हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेंगे। हम उसके सभी लोगों के लिए प्यार और शांति वापस लायेंगे। हम मणिपुर में भारत के विचार का पुनर्निर्माण करेंगे।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# क्या दूसरे राज्यों के टेट पास को शिक्षक नियुक्ति में मिलेगा मौका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को झारखंड सरकार से इंस्ट्रक्शन लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इस मामले में पूछा कि झारखंड सरकार ने वर्ष 2016 के बाद से अब तक टेट परीक्षा नहीं ली है तो ऐसे में 23 अगस्त 2010 के एनसीटीई की गाइड लाइन में प्रावधान है कि अगर राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है तो दूसरे राज्य या केंद्र सरकार से टेट पास अभ्यर्थियों को शिक्षक नियुक्ति में कंसीडर किया जायेगा।

कोर्ट ने इस संदर्भ में अगली सुनवाई 18 अगस्त तक राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि झारखंड में वर्ष 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा क्यों नहीं ली गयी। प्रार्थी की ओर से रोहित रंजन सिन्हा और विशाल कुमार ने पैरवी की। (शेष पेज 11 पर)

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### बीएसएफ जवान के हमले में पूर्व मुखिया की मौत

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी पंचायत अंतर्गत गोल्हना गांव में एक बीएसएफ के जवान ने पूर्व मुखिया दंपति एवं उनके परिवार पर तलवार से अचानक हमला कर दिया। इसमें कजरी के पूर्व मुखिया सत्यदेव तिवारी की मौत हो गयी।

### ओम बिरला की सर्वदलीय बैठक में भी गतिरोध जारी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर महिला उत्पीड़न की घटना को लेकर लोकसभा में जारी गतिरोध को तोड़ने के उद्देश्य से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में सभी दलों के नेताओं की बैठक में भी इसका कोई समाधान नहीं निकाल सके।

### मोदी सरकार को कोई डर नहीं : अमित शाह

**नयी दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन मेरा विपक्ष से यह आग्रह है कि वे इस संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा के लिए माहौल बनाना बनाये। उन्होंने यह भी कि सरकार को मणिपुर पर चर्चा से कोई डर नहीं है। कुछ छिपाना भी नहीं है।

### प्रकाश झा के पिता का निधन, पटना में अंत्येष्टि

**पटना।** बॉलीवुड के बड़े निर्देशकों में शुमार प्रकाश झा के पिता तेजनाथ झा (95) का निधन हो गया है। पटना के जय प्रकाश नगर स्थित आवास (विपश्यना) पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब थी।

### नागालैंड की फांगनोन कोन्याक ने रचा इतिहास

**नयी दिल्ली।** देश के संसदीय इतिहास में राज्यसभा में नागालैंड से पहली महिला सदस्य एस फांगनोन कोन्याक ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही का सफलता पूर्वक संचालन कर छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजातियों की सूची में 12 और जातियों को शामिल करने से संबंधित संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (5वां संशोधन) विधेयक 2022 पारित कराया।

### सेंसेक्स फिसला निफ्टी बढ़ा

**मुंबई।** विदेशी बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एशियन पेंट्स समेत 17 दिग्गज कंपनियों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गयी। जिसके दबाव में सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

### गीतिका शर्मा आत्महत्या मामले में गोपाल कांडा बरी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गीतिका शर्मा आत्महत्या मामले में हरियाणा के विधायक गोपाल कांडा को मंगलवार को बरी कर दिया है।

### बीआरएस विधायक का चुनाव अवैध घोषित

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने राज्य में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक वनमा वेंकटेश्वर राव के चुनाव को अमान्य करार दिया है और दूसरे स्थान पर रहे जलागम वेंकटराव के चुनाव को सही घोषित किया है।

### डोभाल ने की वांग यी से मुलाकात

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और सीपीसी में विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी से मुलाकात की।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |

हाइकोर्ट में कपिल सिब्बल ने दी दलील, कहा

# जेवीएम से आये हैं बाबूलाल, नेता प्रतिपक्ष के लिए दूसरा नाम दे भाजपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सहित नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को कहा गया कि नेता प्रतिपक्ष के लिए बीजेपी ने नाम नहीं दिया है। इस पर भाजपा की ओर से कहा गया पहले ही नेता प्रतिपक्ष के नेता के लिए बाबूलाल मरांडी का नाम दिया जा चुका है। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जेवीएम पार्टी से जीत कर आए थे, भाजपा के साथ उनके मर्जर के मामले में अभी तक विधानसभा स्पीकर का कोई निर्णय नहीं आया है। नेता प्रतिपक्ष के लिए ऐसे व्यक्ति का नाम दिया जाना चाहिए जो बीजेपी के चुनाव चिह्न से लड़ा हो और जीता हो। उनहोंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 212 के तहत हाई कोर्ट विधानसभा की कार्यवाही में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकता। वहीं सुभाष देसाई बनाम स्पीकर महाराष्ट्र का जिक्र करते हुए भाजपा की ओर से कहा गया कि राजनीतिक पार्टी का एकाधिकार है कि वह किसे विधायक दल का नेता बनाती है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि मुख्य सूचना आयुक्त और लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए शीघ्र बैठक होगी। मामले की सुनवाई 30 अगस्त को होगी।

## खबर एक नजर में

### नवयुग कंपनी लिमिटेड के साथ क्यू कांप्लेक्स के निर्माण को लेकर एक सप्ताह में निर्णय ले सरकार

**हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया अंतिम मौका**

**रांची।** देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पास क्यू कंपलेक्स के फेज-टू का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया अंतिम मौका देते हुए कहा है कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के साथ क्यू कंपलेक्स के निर्माण के संदर्भ में 1 सप्ताह में निर्णय ले। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कंपलेक्स के दूसरे फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये देने का आग्रह सरकार से किया है। यह मामला अभी सरकार के पास लंबित है। बता दें कि सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैद्यनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कंपलेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है लेकिन राज्य ने अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया है।

### सरयू राय के खिलाफ पीआइएल निष्पादित

**रांची।** पूर्वी जमशेदपुर से विधायक और पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे सरयू राय के खिलाफ विनय कुमार सिंह द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थी को उचित फोरम में बात रखने की छूट देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। विनय सिंह ने विधायक सरयू राय पर मंत्री रहते छोटे-छोटे रूप में भ्रष्टाचार करने और खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रहते हुए अपने एनजीओ युगांतर भारती समेत अन्य माध्यम से कल-कारखाना संचालकों को ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। इस मामले में एसीबी से भी शिकायत की गयी थी।

### भाजपा विधायक दल की बैठक कल

**मानसून सत्र को लेकर होगी चर्चा**

**रांची।** भाजपा विधायक दल की बैठक 27 जुलाई को पार्टी मुख्यालय में होगी। अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी शामिल होंगे। पार्टी के मुख्यालय प्रभारी प्रदीप वर्मा ने बताया कि विधानसभा के आगामी मॉनसून सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक 27 जुलाई को प्रदेश मुख्यालय में शाम 7 बजे आयोजित है। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे।

### झारखंड पुलिस के प्रशिक्षण संस्थानों की हुई समीक्षा

**रांची।** एडीजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे ने झारखंड पुलिस के प्रशिक्षण संस्थानों के कार्यों की समीक्षा की। इसको लेकर डीआईजी झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग, एसपी जेएपीटीसी पदमा, जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट, सीटीसी मुसाबनी, अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार रांची, पर्यवेक्षक सीआईएटी स्कूल रांची और प्राचार्य टीटीएस जमशेदपुर को निर्देश दिये गये थे। सभी को अपने-अपने संस्थानों से संबंधित कार्यों की विवरणी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में तैयार कर समीक्षा बैठक में शामिल हुए और प्रशिक्षण से संबंधित कार्यों को बताया।

### इडी कोर्ट ने आरोपी को एबीपी देने से किया इनकार

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बहुचर्चित 1.08 करोड़ रुपये के अलकतरा घोटाले की राशि का मनी लांड्रिंग करने के आरोपी कोलकाता निवासी महेश मेहरा एवं रांची निवासी नागवंत पांडे को राहत देने से इनकार किया है। दोनों ने अलग-अलग अग्रिम जमानत याचिका (एबीपी) दाखिल की थी। अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

### अवर सचिव पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग की अवर सचिव उषा मुंडू पर कार्रवाई होगी। उनके उपर कार्यपालक दंडाधिकारी खूंटी के पद पर रहते हुए कई आरोप लगे थे। जिसके बाद राज्य सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत अधिकारी रमाकांत सिंह को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। उषा मुंडू से 15 दिनों में जवाब मांगा गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 में विभिन्न कोषांगों में आपूर्ति किए गये भोजन एवं अल्पाहार तथा वाहन कोषांग एवं विभिन्न कोषांगों में लगे टेंट, समियाना तथा अन्य सामग्री के विपत्रों का सत्यापन एवं भुगतान में अनियमितता बरतने संबंधी आरोप लगा है। पूरे मामले पर खूंटी डीसी ने प्रपत्र (क) गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की है, जिसमें प्रथम दृष्टया जांच में सही पाया गया है।

### रोटी-बेटी बचाओ अभियान चलायेगा भाजपा एसटी मोर्चा

**5 अक्टूबर से प्रारंभ होकर संविधान दिवस 26 नवंबर को संपन्न होगा**

**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा पूरे प्रदेश में पदयात्रा कर आदिवासी समाज के बीच जन जागरण चलाया जायेगा। यह जनजागरण अमर शहीद सिद्धो-कान्हो की जन्मस्थली भोगनाडीह से आरंभ होकर अमर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की जन्मस्थली पर जाकर संपन्न होगा। पदयात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में शिवशंकर उरांव ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से आदिवासी समाज के अस्तित्व को ही मिटाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इसलिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा पूरे राज्य में अभियान के माध्यम से पदयात्रा कर जनजागरण चलायेगी। यह अभियान आगामी 5 अक्टूबर को रानी दुर्गावती के 500वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रारंभ होकर संविधान दिवस 26 नवंबर को संपन्न होगा। मोर्चा के कार्यकर्ता पदयात्रा यात्रा के दौरान माटी, रोटी और बेटी पर जिस प्रकार से षड्यंत्र रच कर कब्जा किया जा रहा है। उस बात को आदिवासी समाज के बीच बताया जायेगा। ैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, रामकुमार पाहन,अशोक बड़ाईक, सूलेंन गाड़ी, बिरसा मिंज सहित कई उपस्थित थे।

यह योजना राज्यकर्मियों और आश्रितों के लिए हेमंत सरकार का तोहफा

# राज्यकर्मियों व रिटायर्ड कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना से मिलेंगे ₹5 लाख : बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पदाधिकारियों/ कर्मियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए देय चिकित्सा भत्ता को समाप्त करते हुए इसके स्थान पर वार्षिक प्रीमियम पर स्वास्थ्य बीमा योजना की सुविधा दिये जाने की व्यवस्था का निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। उनके मुताबिक राज्यकर्मियों/सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना से अच्छादित किये जाने के लिए कई प्रस्ताव तय हुए हैं। बन्ना गुप्ता के मुताबिक यह योजना राज्यकर्मियों और उनके आश्रितों के लिए हेमंत सरकार द्वारा तोहफा है।



**योजना में क्या है व्यवस्था :** कर्मियों के आश्रित सदस्यों, जिनमें उनके पति, पत्नी, पुत्र, वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित, विधवा, परित्यकता पुत्री), नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता ( प्रतिमाह 9000/- और उसपर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले) शामिल होंगे। इसके आलोक में 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अन्तर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा।

**500 प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता :** राज्य विधानसभा के पूर्व सदस्य, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत, सेवानिवृत्त, राज्य सेवाओं के सेवानिवृत पदाधिकारी, कर्मचारी, राज्य सरकार के बोर्ड, निगम, संस्थान, संस्था के कार्यरत सेवानिवृत नियमित कर्मी, राजकीय विश्वविद्यालयों एवं उनके अंतर्गत कॉलेजों में कार्यरत, सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं शिक्षेत्तर कर्मी बीमा प्रदान करने के लिए यथा निर्धारित बीमा राशि का भुगतान कर इस योजना से आच्छादित हो सकेंगे। योजना के लाभुक होने के बाद राज्य सरकार के द्वारा ऐसे सभी कर्मियों/ सेवानिवृत कर्मियों को 500 प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता का भुगतान जायेगा और योजना के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बीमा कंपनी का चयन किया जायेगा।

## कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

**रांची।** झारखण्ड सहकारिता अंकेक्षक भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्तद्ध संवर्ग नियमावली 2014 यथा प्रथम संशोधित नियमावली 2021 की अध्याय 3 सीधी भर्ती नियम 9 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में संशोधन की स्वीकृति दी गई। झारखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संवर्ग नियमावली 2014 यथा प्रथम संशोधित नियमावली, 2016 एवं द्वितीय संशोधित नियमावली 2021 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। झारखण्ड बाल विकास सेवा अराजपत्रित कर्मचारी भर्ती तथा सेवा शर्त्त, संशोधन नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गई। राज्य कर्मियों-सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

ज्ञानोदय योजनांतर्गत राज्य के सरकारी विद्यालयों के लिए सुनो बच्चों, आदिवासी संघर्ष के नायक शिबू सोरेन की गाथा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन नामक पुस्तकों का क्रय एवं वितरण मनोनयन के आधार पर मेसर्स प्रभात प्रकाशन, प्रा. लि से किये जाने के लिए झारखंड वित्त नियमावली के नियम 235 के प्रावधानों को स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के लाभुकों को झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के माध्यम से चिकित्सा सहायता अनुदान प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

### झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक, 2023 को मिली स्वीकृति

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक-2023 को स्वीकृति मिल गयी है। इससे राज्य को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में चिकित्सा महाविद्यालय, पारा मेडिकल, फार्मेसी, होमियोपैथी, यूनानी चिकित्सा पद्धति, आयुर्वेदिक संस्थानों में स्वास्थ्य चिकित्सा से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं। ये सभी कॉलेज राज्य में स्थापित विभिन्न विश्वविद्यालय तथा झारखंड राज्य पारा मेडिकल, नर्सिंग एवं फार्मेसी काउंसिल से संबद्ध है। राज्य में स्वास्थ्य विज्ञान से संबंधित विश्वविद्यालय अलग से स्थापित नहीं है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विज्ञान से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों को सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने में कठिनाईयां हो रही है तथा इस क्षेत्र में शोध कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। देश के कई राज्यों में यथा-बिहार,राजस्थान एवं अन्य राज्यों में स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय स्थापित है।

# आदिम जनजाति को जेएसएससी और एसएससी की तैयारी करायेगी सरकार

### तैयारी कराने में नेट, जेआरएफ और बीटेक बैकग्राउंड वालों की मदद लेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य के अति कमजोर जनजातीय समुदाय (पीवीटीजी) के युवाओं को झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमिशन (जेएसएससी), स्टाफ सेलेक्शन कमिशन (एसएससी) की निःशुल्क आवासीय तैयारी करने का निर्णय लिया है। अगस्त महीने से इसकी शुरूआत होनी है। इसके लिए अलग अलग विषयों की तैयारी के लिए सरकार एक्सपर्ट के तौर पर नेट, जेआरएफ, बीटेक, एमएससी, पीएचडी बैकग्राउंड वाले कैंडिडेट की मदद लेगी। चयनित अभ्यर्थी पीवीटीजी वर्ग के युवाओं को कोचिंग देंगे। इसके लिए डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान की ओर से विज्ञापन जारी करते योग्य कैंडिडेट्स से बायोडाटा मांगा गया है। अंशकालीन अस्थायी सेवा के लिए योग्य कैंडिडेट संस्थान में 31 जुलाई को शाम 6 बजे तक अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं। अगस्त के पहले सप्ताह में इंटरव्यू प्रक्रिया का आयोजन होगा। इसकी सूचना ई-मेल या फोन के जरिये बाद में दी जायेगी।

**पढ़ाने के लिए इतनी होनी चाहिये योग्यता :** संस्थान के निदेशक स्तर से जारी विज्ञापन के मुताबिक पेपर-वन (हिंदी और इंग्लिश) के लिए हिन्दी में नेट, जेआरएफ या पीएचडी की डिग्री होनी चाहिये। किसी शैक्षणिक संस्थान में दो सालों तक टीचिंग का अनुभव भी हो। पेपर-2 (ट्राइबल एंड रिजनल लैंग्वेज) के तहत संथाली, मुंडारी, हो, खड़िया, कुड़ूख, कुरमाली, खोरठा, नागपुरी, पचपरगनिया जैसी भाषा में पढ़ाने को कैंडिडेट के पास संबंधित विषय में नेट, जेआरएफ या पीएचडी डिग्री के अलावे दो सालों का टीचिंग एक्सपीरिएंस भी होना चाहिये। पेपर-3 (जेनरल नॉलेज) के तहत जेनरल साइंस, गणित, मेंटल एबिलिटी, कंप्यूटर, जेनरल स्टडीज, झारखंड आधारित जानकारी की पढ़ाई करायी जानी है। इसके लिए बीटेक, एमएससी या नेट या जेआरएफ की डिग्री होनी चाहिये। सोशल साइंसेज में मास्टर या नेट, जेआरएफ या पीएचडी की डिग्री का होना जरूरी होगा। इंटरव्यू के दौरान कैंडिडेट को अपने टीचिंग क्षमता को दिखाने को 10 मिनट का समय दिया जायेगा। चयनितों को 1000 रुपये (प्रति घंटी) की दर से सप्ताह में 6 कार्यदिवस में अध्यापन का मौका मिलेगा।

## पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच का आदेश राजनीतिक स्टंट : बाबूलाल

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उच्च न्यायालय के हलफनामे में घोषित अपने परिवार की संपत्ति की जांच भी एसीबी से कराकर मिसाल पेश करें**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की कैबिनेट बैठक में पूर्व सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच एसीबी से कराने के निर्णय पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जांच तो विभागीय मंत्री के आदेश से ही किया जा सकता है। फिर इतने तामझाम से कैबिनेट में प्रस्ताव लाना राजनीतिक ड्रामेबाजी से अधिक कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा जांच से नही भागती है। लेकिन, अच्छा होता मुख्यमंत्री जी यदि इतना ही भ्रष्टाचार के खिलाफ संवेदनशील हैं तो उसकी शुरूआत अपने घर से ही करें। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार ने दिल्ली उच्च न्यायालय में लोकपाल की सुनवाई में हलफनामा देकर 108 संपत्ति की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि हिम्मत है तो मुख्यमंत्री जी इस घोषित अघोषित सभी संपत्तियों के श्रोत की जांच अपने ही सरकार के एसीबी से कराकर आदर्श प्रस्तुत करें।

## एटीएस को मिले 11 दारोगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में संगठित अपराध गिरोहो के फंडिग, आर्थिक स्त्रोत, अपराध से अर्जित किये हुए संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई के खिलाफ मुहिम तेज करने के लिये आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) को 11 एसआई मिले हैं। नए एसआई मिलने के बाद एटीएस द्वारा की जा रही जांच में तेजी आने की उम्मीद है। 20 जुलाई को राज्य पुलिस स्थापना पर्षद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इसमें रांची जिला बल के 2, सरायकेला खरसावां से एक, पलामू से एक धनबाद से तीन, हजारीबाग से दो, देवघर से एक और जमशेदपुर जिला बल के एक एसआई को एटीएस में पदस्थापित किया गया है। डीजीपी के आदेश में कार्मिक डीआईजी ने इससे संबंधित आदेश बीते सोमवार को जारी कर दिया है। साथ ही जिले के एसएसपी और एसपी को तत्काल विरमित करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन मुख्यालय ने मांगा है।

**इनलोगों का हुआ है एटीएस में तबादला**

- रांची जिलाबल के एसआई अभिषेक कुमार सिंह और समीर भगत
- सरायकेला-खरसावां जिलाबल के एसआई प्रेमलता कुमारी
- पलामू जिलाबल के एसआई रोहित कुमार कालिंदी
- धनबाद जिलाबल के एसआई संदीप बाघवार, अमृत प्रताप टेटे और रौशन बारा
- हजारीबाग जिलाबल के एसआई रंजीत कुमार लिंडा और अरविंद कुमार रविदास
- देवघर जिलाबल के एसआई बीरेंद्र कुमार रविदास
- जमशेदपुर जिलाबल के एसआई महेंद्र हेब्रम

एटीएस ने आपराधिक संगठन गिरोहों के खिलाफ अब तक 109 ठिकानों पर की छापेमारी

# धनबाद में आतंक का पर्याय बने प्रिंस खान गिरोह के शूटर अफजल समेत 10 गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के डीजीपी समेत आला अधिकारियों के साथ हुई बैठक और अपराध पर लगाम लगाने का लेकर हुई फटकार के बाद झारखंड के सभी विंग सक्रिय हो गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बढ़ते अपराध को रोकने के लिए आला अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया था। निर्देश के आलोक में झारखंड एटीएस की टीम रेस हुई और अपराधिक संगठन गिरोह के खिलाफ छापेमारी की। झारखंड एटीएस की टीम ने अपराधिक संगठन गिरोह के खिलाफ 109 ठिकानों पर छापेमारी कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया। छापेमारी अमन साहू अमन सिंह प्रिंस खान कालू लामा और अमन श्रीवास्तव के ठिकाने पर छापेमारी की गई इस छापेमारी के दौरान चंदन साव, बॉबी साव, सोनू कुमार समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं करीब पचास लाख रुपए, पांच पिस्तौल, एक स्कॉर्पियो समेत अन्य कई सामान भी बरामद किया। एटीएस ने धनबाद में सक्रिय प्रिंस खान गिरोह का शूटर अफजल अंसारी को पलामू पुलिस के सहयोग से मनातू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

**धनबाद में बमबारी और गोलीबारी की घटना में था शामिल :** धनबाद जिले में बीते एक जून को तोपचांची थाना क्षेत्र के शान-ए-पंजाब होटल पर बमबारी की घटना हुई थी। इसके अलावा बीते दस जुलाई को गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के बिहारी लाल चौधरी के शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर फायरिंग की घटना में हुई थी, इन दोनों में अफजल शामिल था। दोनों घटनाओं को अंजाम देने के लिए अफजल अंसारी को प्रिंस खान ने 3.5 लाख रुपये दिये थे। अफजल को पलामू जिले के मनातू थाना कांड संख्या- 45 / 2016 में पॉक्सो कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई गई है। आइजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि एटीएस लगातार नक्सलियों व संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ मामले पर राज्यपाल का बयान गलत : सुप्रियो भट्टाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बांग्लादेशी घुसपैठ पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बयान नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने किसी नेता की बातों को कैसे आधार मान लिया। राज्यपाल ने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासियों की जीवनशैली बदल जाएगी। घुसपैठिये यहां आकर आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के सामने वे इस मुद्दे को रख चुके हैं।

**राज्यपाल का इंटरव्यू विधानसभा में मुद्दा बनकर उभरेगा :** मंगलवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल की बातें परेशान करने वाली हैं। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड की कोई भी सीमा बांग्लादेश के साथ नहीं जुड़ी हुई है। राज्यपाल को यह जानना जरूरी है कि झारखंड की भौगोलिक स्थिति बदल रही है। केंद्र के हाथों में सेना और बीएसएफ के जवान हैं। सुरक्षा का जिम्मा भी केंद्र के हाथों में है, तो फिर घुसपैठ की बात कहां तक सच है? राज्यपाल का इंटरव्यू विधानसभा में मुद्दा बनेगा।

**बाबूलाल और अनंत ओझा के कहने पर मान लेना सच नहीं :** सुप्रियो ने कहा है कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और साहिबगंज के विधायक अनंत ओझा के कहने पर कैसे मान लिया जा सकता है, कुछ कहने के लिए भी सबूत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र में विधानसभा में मॉब लिंचिंग का विधायक आने वाला है। 1932 आधारित नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण जैसे विषय लाए जाएंगे। इससे बीजेपी के लोगों को तकलीफ है।

**भाजपा का ऑफिस कहीं और से चलेगा, तब तो दिक्कत होगी :** सुप्रियो ने कहा कि घुसपैठ का पता पार्टी तय नहीं कर सकती है। भाजपा का ऑफिस कहीं और से चलेगा, तब तो दिक्कत होगी।

**इंडिया के नाम पर पीएम की आपत्ति पर उठाया सवाल :** सुप्रियो ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को लेकर भी सवाल उठाया। कहा कि यदि इंडिया की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की जा रही है, तो फिर भाजपा के लोग खेलो इंडिया, जीतो इंडिया, शाइनिंग इंडिया और बढ़ेगा इंडिया जैसी बात क्यों करते हैं।

झामुमो का राज्यपाल पर लगाये गये आरोप पर भाजपा ने किया पलटवार

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को आंतरिक सुरक्षा के लिए स्पेशल ब्रांच ने भी बताया था बड़ा खतरा

**यूपीए के शासनकाल में राजभवन हुआ करता था कांग्रेस का एक्सटेंशन दफ्तर**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के द्वारा राज्यपाल पर लगाये गये आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा की राजभवन एनडीए के कार्यकाल में स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि झामुमो के नेताओं को यूपीए का कार्यकाल याद आ रहा है, जब राज भवन कांग्रेस का एक्सटेंशन ऑफिस हुआ करता था। उन्होंने कहा कि बंगलादेशी घुसपैठियों के जरिये पूरे संथाल परगना क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गई है। सिर्फ पाकुड़ जिले में अंतिम दो सर्वे की तुलना करने पर मुसलमानों की जनसंख्या में अप्रत्याशित रूप से 42 प्रतिशत वृद्धि दिखती है। उन्होंने कहा कि इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है और सीमा पार करने के बाद इनको तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले दलों के द्वारा वोटर कार्ड उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद को आदिवासियों का हिमायती बताते हैं।लेकिन, इन्हीं बंगलादेशी घुसपैठियों के द्वारा सबसे ज्यादा आदिवासी बेटियों को प्रेम जाल में फंसा कर विवाह कर स्थानीय निकाय और पंचायतों पर कब्जा जमाया जा रहा है। आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को बदलने का इन घुसपैठियों के द्वारा बड़ा षड्यंत्र चल रहा है।

उन्होंने राज्य सरकार के विशेष शाखा ने 2 जून, 2023 ज्ञापांक 238 के जरिये सभी उपायुक्त और आरक्षी अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा था कि संथाल परगना क्षेत्र के विभिन्न मदरसों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को ठहराया जाता है और उसके बाद फर्जी सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है। विशेष शाखा ने इसे राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया था। लेकिन तुष्टीकरण में अंधी राज्य सरकार अपनी विशेष शाखा के रिपोर्ट को भी नजरअंदाज कर रही है।

# टाटा स्टील ने पहली तिमाही के लिए 59,490 करोड़ रुपये का समेकित राजस्व कमाया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**मुंबई।** टाटा स्टील ने गत 24 जुलाई को अपने 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने तिमाही के लिए 59,490 करोड़ रुपये का समेकित राजस्व दर्ज किया। इसी अवधि में 10% के इबीआईटीडीए मार्जिन के साथ 6,122 करोड़ रुपये रहा।

कर पश्चात समेकित लाभ (पीएटी) 525 करोड़ रुपये था। ब्रिटिश स्टील पेंशन स्कीम (बीएसपीएस) में बाय-इन लेनदेन के कारण गैर-नकद आस्थगित कर शुल्क से लाभप्रदता प्रभावित हुई। हालाँकि, बीएसपीएस की बीमा खरीद के सफल समापन ने टाटा स्टील यूके को प्रभावी रूप से जोखिम से बाहर कर दिया है। भारत में, कंपनी का राजस्व 34,901 करोड़ रुपये था, और इबीआईटीडीए 7,514 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। टी. वी. नरेंद्रन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, ने कहा : तिमाही के दौरान, वैश्विक आर्थिक सुधार को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जिससे स्टील सहित कमोडिटी की कीमतें प्रभावित हुईं। भारत में, घरेलू स्टील की मांग बढ़ती रही और साल-दर-साल आधार पर लगभग 10% बढ़ी, लेकिन वैश्विक संकेतों के अनुरूप स्टील की हाजिर कीमतें कम हो गईं। टाटा स्टील ने स्थिर प्रदर्शन किया, भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन लगभग 5 मिलियन टन रहा। घरेलू डिलीवरी

**टीवी नरेंद्रन को 1 नवंबर 2013 को टाटा स्टील ने भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के एमडी के रूप में नियुक्त किया था और 1 नवंबर 2017 को उन्हें टाटा स्टील के वैश्विक सीइओ और एमडी के रूप में नियुक्त किया गया था**

20% से अधिक थी और भारत की स्पष्ट इस्पात खपत की तुलना में तेज गति से बढ़ी। हमने ब्रांडेड उत्पाद एवं खुदरा तथा औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि देखी। जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 37% और 24% बढ़ी। पिछले 12 महीनों में व्यक्तिगत होम बिल्डरों के लिए हमारी खुदरा बिक्री 3 मिलियन टन से अधिक हो गई है। तिमाही के दौरान, टाटा स्टील ने पूंजीगत व्यय पर 4,089 करोड़ रुपये खर्च किए, जिससे कलिंगनगर में 5 एमएनटीपीए विस्तार और पंजाब में 0.75 एमएनटीपीए की ईएएफ मिल पर प्रगति हुई। भारत में, लगभग 5 मिलियन टन कच्चे इस्पात के उत्पादन में साल-दर-साल 2% की वृद्धि देखी गई, जो मुख्य रूप से नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड में रैंप-अप द्वारा संचालित है। घरेलू डिलीवरी में वृद्धि के कारण सालाना आधार पर 4.8 मिलियन टन की डिलीवरी 18% अधिक रही। प्रमुख अंतिम उपयोग खंडों में व्यापक आधार पर सुधार देखा गया। कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी कौशिक चटर्जी ने कहा, वैश्विक इस्पात प्रसार में नरमी के बावजूद, हमारा मार्जिन मोटे तौर पर लगभग 10% पर स्थिर था। भारतीय कारोबार ने लगभग 22% का उच्च मार्जिन उत्पन्न किया और इबीआईटीडीए 7,514 करोड़ रुपये रहा। यूरोप में आधार पर मार्जिन मोटे तौर पर समान था क्योंकि प्रति टन राजस्व में वृद्धि कम मात्रा और बढ़ी हुई इनपुट लागत से संतुलित थी। यूके में, ब्रिटिश स्टील पेंशन योजना की शेष देनदारियों के लिए बाय-इन लेनदेन पूरा हो गया है, जिससे टाटा स्टील यूके को सफलतापूर्वक जोखिम से मुक्त कर दिया गया है। इस्पात बाजारों में अस्थिरता ने कार्यशील पूंजी और नकदी प्रवाह को प्रभावित किया है, लेकिन हम भारत में विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और तिमाही के दौरान पूंजीगत व्यय पर 4,089 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इससे 71,397 करोड़ रुपये का शुद्ध कर्ज हो गया है। समूह की तरलता स्थिति 30,569 करोड़ रुपये पर मजबूत बनी हुई है, जिसमें 19,043 करोड़ रुपये नकद और नकद समकक्ष शामिल हैं। हम नकदी प्रवाह को अधिकतम करने के लिए लागत अनुकूलन, परिचालन सुधार और कार्यशील पूंजी प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। स्थिरता हमारी रणनीति के मूल में है जिसमें व्यापक खुलासे प्रदान करना शामिल है। हमने हाल ही में अपनी पहली व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित की है और स्थिरता प्रकटीकरण के संबंध में वैश्विक और राष्ट्रीय मानकों के विकास में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर करणी सेना ने की आतिशबाजी



जमशेदपुर। कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या क्षत्रिय करणी सेना परिवार के युवा जिला अध्यक्ष मोहित सिंह के नेतृत्व में साकची गोलचक्कर पर पदाधिकारियों ने आतिशबाजी कर लोगों के बीच लड्डू वितरण कर जश्न मनाया । साथ ही कारगिल युद्ध में बलिदान हुए 527 जवानों से ज्यादा वीरों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बताया गया कि किस तरह भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को उनकी सीमा में खदेड़ कर कारगिल युद्ध में विजय पताका फहराई थी और अमर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश के आन-बान व शान की रक्षा की थी। मौके पर मौजूद करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिनय सिंह,हरी सिंह राजपूत, रंजन सिंह, मोहित सिंह,विकास सिंह,सौरभ सिंह, शुभम, श्रवण सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

### साकची गोलचक्कर पर महागठबंधन ने पीएम का किया पुतला दहन



जमशेदपुर। महागठबंधन के पूर्वी सिंहभूम नेताओं ने संयुक्त रूप से साकची गोलचक्कर पर गत सोमवार की शाम मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ पीएम नरेंद्र भाई मोदी का पुतला जला कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। पुतला दहन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के महासचिव भरत सिंह, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणपति करवा, ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, जदयू के मंगल माजी ,सानू कालिंदी सुभाष दास झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता निमाई हेंब्रोम अनिरुद्ध पुरी जी जिला सचिव शंभू सिंह गांधी अमित विकास संगठन के अब आप इंदर कुमार पांडे जिला सचिव कानन गणेशन अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव मंगल पात्रो बस्ती मंडल अध्यक्ष सुभद्रा कर्मकार सम्राट हेंब्रोम युवा नेता राजकुमार सोरेन आदि तमाम महागठबंधन के नेता मौजूद थे।

### पेयजल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत लेकर जुस्को के पदा. से की भेंट

**जमशेदपुर।** टिस्को लीज एरिया सीतारामडेरा में काफी घरों में जुस्को की पानी आपूर्ति नही हो पा रही है। इस संबंध में जुस्को के पानी विभाग के जनरल मैनेजर श्री संजीव कुमार झा से मिलकर जनहित की समस्या से अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का शिष्ट मंडल ने मिलकर तथ्यों के साथ बातों को तार्किक ढंग से रखा। पवन ने कहा कि लीज एरिया के लोग नियमित रूप से उपभोक्ता है लगातार पानी बिजली के बिल का भुगतान करते है इसके बावजूद पानी का सप्लाई न होना चिंता का बिषय है। हर घर मे पानी की आपूर्ति नियमित रूप से करना जुस्को की जिम्मेवारी है। कुछ दिनों से रात 12 बजे पानी की सप्लाई की जा रही है जो सही नही है। पानी न आने के कारण आम जनता काफी परेशान है वह भी सीतारामडेरा जैसे छेत्र में। जबकि टाटा स्टील द्वारा कमांड एरिया में बोरिंग की अभी अनुमति नही दे रखी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजन सिंह ने कहा कि तेजी से आबादी बढ़ रही है परन्तु पानी सप्लाई का नेटवर्क दशकों पुराना है इसे जल्द बदलने की मांग की। झा ने गंभीरता से समशयो को सुना तथा स्वीकार किया कि इन इलाकों में परेशानी है। उन्होंने अपने विभाग के अधिकारी राजीव कुमार को निर्देश दिया कि तत्काल नए पाइप लाइन के लिए योजना बनाएं। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, राजन सिंह, सुरेश शर्मा, परमजीत सिंह शामिल थे।

# आज गांधी मैदान से निकलेगी भव्य सैनिक सम्मान यात्रा, तिरंगे झंडे से पटा शहर

**नाम्या स्माइल फाउंडेशन की सभी तैयारियां हुईं पूरी**

**समापन समारोह में शहीद परिवारों का होगा सम्मान**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर अमर शहीदों का सम्मान करने के लिए लौहनगरी जमशेदपुर पूरी तरह तैयार है। सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर निकाले जाने वाली सैनिक सम्मान यात्रा में मोटरसाइकिल के संग हजारों युवाओं एवं शहरवासियों के शामिल होने की उम्मीद है। बुधवार को सुबह 9 बजे मानगो गांधी मैदान से निकलने वाली इस यात्रा का आगाज वीर शहीद के परिवारजनों को सम्मानित कर किया जाएगा। वहीं, गोलमुरी स्थित शहीद स्थल पर इसका विधिवत समापन होगा। संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की अगुवाई में निकलने वाले इस यात्रा को लेकर युवा वर्गों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सैनिक सम्मान यात्रा में कुणाल षाड़ंगी स्वयं व्यवस्थाओं को सीधे तौर पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। यात्रा में एक खुली जीप को बहुत ही खूबसूरत ढंग से सजाया जा रहा है। यात्रा में सुसज्जित रथ पर मां भारती की मनमोहक झांकी आकर्षक का केंद्र रहेंगे। सैनिक सम्मान यात्रा के मार्ग में दर्जनों तोरण द्वार बनाये गये हैं तथा इसमें शामिल होने वाले लोगों के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन की ओर से विशेष तैयारी की गयी है। यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठन के द्वारा कई स्थानों पर सेवा शिविर के माध्यम से पुष्पवर्षा, शीतल पेय एवं खाद्य पदार्थों की सेवा की जाएगी।




## हाथों में तिरंगा झंडा लेकर जुलूस में उत्साह से भाग लें शहरवासी : कुणाल

इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि सैनिक सम्मान यात्रा में जमशेदपुर के हर कोने से युवाओं की टोली हाथों में तिरंगा लिये अमर शहीदों के प्रति सम्मान भाव के साथ इस यात्रा में शामिल होंगे। कुणाल षाड़ंगी ने युवाओं एवं शहरवासियों को अधिक से अधिक की संख्या में शामिल होकर मां भारती की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले वीर सैनिक तथा उनके परिजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यात्रा का एकमात्र उद्देश्य राष्ट्र, वीर सैनिक तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान और आदर प्रदर्शित करने के साथ विशेषकर युवा वर्गों में देशप्रेम की भावना को मजबूत करने का है। इन मार्गों से होकर गुजरेगी सैनिक सम्मान यात्रा: संस्था द्वारा सैनिक सम्मान यात्रा मानगो गांधी मैदान से प्रारंभ होकर खुदीराम बोस चौक, मानगो पुल, साकची गोलचक्कर, जुस्को गोलचक्कर, बिष्टुपुर, जुगसलाई, स्टेशन, बर्मामाइंस, लालबाबा फाउंड्री, टिनप्लेट चौक के रास्ते गोलमुरी गोलचक्कर होकर गोलमुरी स्थित शहीद स्थल पर सम्पन्न होगी।

### नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2023-24 के लिए आवेदन आमंत्रित

जमशेदपुर। नेतरहाट आवासीय विद्यालय की कक्षा- 6 में 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बालकों के सत्र-2023-24 में नामांकन हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी जो दो पालियों (2-2 घंटे की) में प्रमंडल स्तर पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार आरक्षण का पालन करते हुए अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों की चिकित्सीय जाँचोपरान्त सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही उनका नामांकन लिया जायेगा। आवेदन प्रक्रिया 12 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/ भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुँचने की अंतिम तिथि/31.08.2023 है। ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि/25.09.2023 से प्रारम्भ होगी। प्रवेश परीक्षा की तिथि/08.10.2023 (रविवार) को है। अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी / स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। जिनका जन्म दिनांक 01.08.2011 से 31.07.2013 के बीच हुआ हो।

## नरेंद्रन अगले पांच वर्ष तक बने रहेंगे ग्लोबल एमडी व सीइओ

**निदेशक मंडल ने 18 सितंबर 2028 तक एमडी व सीइओ बने रहने की मंजूरी दी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड के ग्लोबल एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन के कुशल नेतृत्व पर एक बार फिर निदेशक मंडल ने भरोसा जताया है। नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश के आधार पर, टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने 19 सितंबर, 2023 से 18 सितंबर, 2028 तक प्रभावी पांच साल की अवधि के लिए टीवी नरेंद्रन को कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने पर विचार किया और सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जो रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं है। पुनर्नियुक्ति कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। सीईओ और एमडी के रूप में टी. वी. नरेंद्रन का वर्तमान कार्यकाल 18 सितंबर, 2023 को समाप्त होगा। एमडी के रुप में नरेंद्रन का यह लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। नरेंद्रन के लीडरशिप में टाटा स्टील लिमिटेड ग्लोबल स्टील मार्केट में अपनी अमिट पहचान बनाने में न सिर्फ कामयाब हुई है बल्कि भारत में 2023 तक 40 मिलियन टन स्टील उत्पादन लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

## टाटा स्टील माइनिंग के एमडी पंकज सतीजा राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार से सम्मानित

**नयी दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों ग्रहण किया पुरस्कार**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** टाटा स्टील माइनिंग के प्रबंध निदेशक, पंकज सतीजा को भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मिनरल बेनेफिशिएशन और सस्टेनेबल खनिज विकास के क्षेत्र में उनके अथक कार्यों के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2022 से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में सतीजा को यह पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार समारोह में माननीय केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, प्रल्हाद जोशी, माननीय खान, कोयला और रेलवे राज्य मंत्री, रावसाहेब पाटिल दानवे, सचिव, खान मंत्रालय, विवेक भारद्वाज और भारत सरकार के अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। खान मंत्रालय द्वारा स्थापित इस पुरस्कार का उद्देश्य भूविज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों और उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्ति या टीमों को सम्मानित करना है। यह प्रतिष्ठित सम्मान भूविज्ञान और खनन के क्षेत्र में सतीजा के उत्कृष्ट योगदान और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रमाण है।

## सरयू के खिलाफ हाइकोर्ट ने प्रार्थी को उचित फोरम पर जाने की सलाह दी

**ग्वाला बस्ती के विनय कुमार सिंह ने दायर की थी याचिका**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ग्वाला बस्ती, टेल्को, जमशेदपुर के विनय कुमार सिंह ने विधायक सरयू राय पर मंत्री रहते किये गये भ्रष्टाचार की जांच करने के लिये एक पीआईएल झारखंड हाईकोर्ट में दायर किया था। कोर्ट ने आज इसकी सुनवाई की। माननीय मुख्य न्यायाधीश के कोर्ट ने याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार नहीं किया, इसे निष्पादित कर दिया। प्रार्थी को इसे उचित फोरम पर उठाने के लिए कहा। कोर्ट के निर्णय की व्याख्या सरकार के वकील और प्रार्थी के वकील अलग-अलग कर रहे हैं। सरकार के वकील का कहना है कि कोर्ट ने याचिका को वापस लिया मानकर निष्पादित कर दिया। प्रार्थी के वकील कह रहे हैं कि कोर्ट ने भ्रष्टाचार मानकर सरयू राय के उपर एफआईआर करने का निर्देश दिया है और याचिका निष्पादित कर दिया है। इधर सरयू राय का कहना है कि वे कोर्ट का लिखित निर्णय आने का इंतजार कर रहे हैं। लिखित निर्णय से पता चलेगा कि सरकार के वकील का कहना सही है कि प्रार्थी के वकील का। पर इतना तो सही है कि कोर्ट ने याचिका का निष्पादन कर दिया। इसकी सुनवाई कोर्ट अब नहीं करेगा।

# तख्त श्री हरि मंदिर जी पटना साहिब : लाख टके का सवाल, झारखंड की भागीदारी रहेगी या नहीं

>> झारखंड का प्रतिनिधित्व काटने पर अड़ा बिहार सिख प्रतिनिधि बोर्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** लाख टके का सवाल है कि सिखों के दूसरे बड़े धार्मिक तख्त एवं गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली का प्रबंधन करने वाली तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी में झारखंड के सिखों की भागीदारी पूर्वतः रहेगी अथवा नहीं। पिछले कई सालों से बिहार के सिखों की संस्था बिहार सिख प्रतिनिधि बोर्ड झारखंड के सिखों की भागीदारी काटने के उद्देश्य में लगी हुई है और इस बार तो उसने पटना हाई कोर्ट जाने का मन भी बना लिया है। बोर्ड की ओर से पटना उच्च न्यायालय की वकील विजेता विश्वास ने इस आशय का एक नोटिस भी तख्त के कस्टोडियन जिला एवं सत्र न्यायाधीश पटना, निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करने वाली बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार एवं निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी पटना सिटी को भेजा है और इसकी प्रति प्रबंधन कमेटी के प्रधान सरदार जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह को भेजी गई है। तख्त का प्रबंधन करने के लिए बिहार राज्य विधानसभा ने संविधान बनाया था और इसमें पांच निर्वाचन क्षेत्र रखे गए। तीन निर्वाचन क्षेत्र पटना एवं पटना सिटी तथा चौथा निर्वाचन क्षेत्र उत्तरी बिहार एवं पांचवा निर्वाचन क्षेत्र दक्षिणी बिहार अर्थात गंगा नदी का दक्षिणी इलाका बनाया गया। दक्षिण बिहार अर्थात सासाराम भागलपुर जमालपुर नालंदा नवादा आदि में 15 गुरुद्वारे हैं और तकरीबन 125 से ज्यादा गुरुद्वारे एवं सिख संस्थाएं धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में काम कर रही हैं। यहां बोकारो के जोगिंदर सिंह जोगी अध्यक्ष तो जमशेदपुर के सरदार शैलेंद्र सिंह कार्यकारी अध्यक्ष तथा वर्तमान में सरदार इंद्रजीत सिंह महासचिव की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इंदरजीत सिंह एवं दिल्ली के धाकड़ अकाली नेता अवतार सिंह हित और उत्तर बिहार के लखविंदर सिंह तथा पटना सिटी के खनूजा ने कमेटी चलाई है उससे पटना के स्थानीय सिख नाखुश रहे हैं। दिल्ली दरबार एवं बादल परिवार तक आसान पहुंच के कारण हित के खिलाफ कोई कुछ कर नहीं सका परंतु अब उनके निधन के बाद पटना के सिखों मैं एक तरह से ठान लिया है की बाहरी लोगों को कमेटी में किसी भी हाल में काबिज नहीं होने देना है। बोर्ड का तर्क है कि झारखंड 2000 में ही बिहार से अलग हो चुका है और हिस्सेदारी क्यों दी जाय। महासचिव इंदरजीत सिंह कहते हैं कि चुनावी प्रक्रिया चल रही है और इस बार दक्षिण बिहार सीट से झारखंड को हटाना मुमकिन नहीं है लेकिन देखना होगा कि कानून किस तरह से अपना काम करता है। जमशेदपुर से झारखंड सिख विकास सभा के अध्यक्ष गुरदीप सिंह पप्पू और राष्ट्रीय सनातनी सिख सभा के कुलविंदर सिंह कहते हैं कि यहां तो सिखों की भागीदारी में वृद्धि की जानी चाहिए और पटना के लोगों को अपना दिल बड़ा करना चाहिए। झारखंड के सिखों की संख्या के आधार पर तीन प्रतिनिधित्व की मांग पर बोकारो के सरदार सेवा सिंह हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक गए और कोर्ट ने बॉल बिहार सरकार के पाले में डाल दी। बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवम झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं रामगढ़ के सरदार इंद्रजीत सिंह कालरा के अनुसार झारखंड के सिखों को समुचित कदम व्यापक भागीदारी के लिए उठाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने कोल्हान की सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, रांची निवासी तथा झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह सेठी से रांची में बैठक बुलाने का आग्रह किया है और उनके अनुसार यहां रणनीति बनाकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने की जरूरत है। जिससे संवैधानिक प्रक्रिया पूरी होने से झारखंड के तीन प्रतिनिधि प्रबंधन कमेटी में जाएं।

## खबर एक नजर में

### श्री राकेश्वर पांडे कैंटीन होटल रेस्टोरेंट वर्कर्स यूनियन के सभी इकाइयों के अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** यूनाइटेड क्लब कर्मचारियों ने राकेश्वर पांडे को सर्वसम्मति से कोआप करते हुए यूनियन के अध्यक्ष निर्वाचित किए। बीके डिंडा को कोआप करते हुए सह-अध्यक्ष और ददन सिंह को भी कोआपट करते हुए महा सचिव चुने। यूनियन कमिटी मेंबर्स के निर्वाचन में दीपक कुमार मुखर्जी को 69 वोट, दिनेश पांडे को 33 वोट, गुरुदेव नाद को 9 वोट, माधव हरिपाल को 39 वोट, राधे श्याम भगत को 44 वोट श्री राजू सोना को 57 वोट, तिलक सिक्का को 26 वोट मिले। इसमें चार कमेटी मेंबर चुने गए जिसमें दीपक मुखर्जी, राजू सोना, राधे श्याम भगत, माधव हरिपाल निर्वाचित हुए। दिनांक 26. 6.23 से चल रही इस निर्वाचन प्रक्रिया में ट्यूब मेकर्स क्लब, जी टाउन क्लब, गोलमुरी क्लब ,बेलडीह क्लब और यूनाइटेड क्लब के चुनाव संपन्न होने के साथ ही राकेश्वर पांडे कैंटीन होटल रेस्टोरेंट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष, बीके डिंडा सह-अध्यक्ष और ददन सिंह को महासचिव चुना गया । इस चुनाव के दरमियान चुनाव पदाधिकारी अंजनी कुमार और उनकी टीम ने बहुत ही अच्छे तरीके से संवैधानिक चुनाव कराया। कर्मचारियों ने खुशी जाहिर करते हुए चुने हुए पदाधिकारियों को फूल माला से स्वागत किया। ज्ञातव्य है की इन सभी क्लबों के चेयरमैन टाटा स्टील के उच्च पदाधिकारी हैं। उपरोक्त सारे क्लब अपने सिद्धांतों एवं टाटा स्टील के कल्चर को अपनाते हुए चलते हैं।

### नविष्कार प्रोब्लम आइडेंटिफिकेशन चैलेंज प्रतियोगिता 29 को



**जमशेदपुर।** नवाचार रिसर्च इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन काउंसिल,जमशेदपुर नविष्कार प्रोब्लम आईडेंटिफिकेशन चैलेंज प्रतियोगिता 2023 का आयोजन कर रही है। इस प्रतियोगिता का फाइनल 29 जुलाई को साकची के मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के सभागार में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगा। इसी दिन सेमीफाइनल भी आयोजित किया जाएगा। सर्किट हाउस में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए पूरे देश से आइडियाज आए हैं। इन सभी आइडियाज को लेकर एक्सपोर्ट में 9 टीमों का चयन किया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देश के युवाओं को सशक्त बनाकर उनमें समस्या समाधान कौशल को विकसित करना है। यह कार्यक्रम 4 चरणों में विभाजित है। फाइनल में प्रथम आने वाली टीम को 50000 रुपये नगद द्वितीय आने वाली टीम को 25000 रुपये नगद इनाम दिया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के सभागार में 29 जुलाई को रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

### कांग्रेस ने मणिपुर की घटना के खिलाफ जुगसलाई में निकाला मशाल जुलूस



जुगसलाई। जुगसलाई प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी, महिला कांग्रेस कमिटी, युवा कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मशाल जुलूस कार्यक्रम का आयोजन जुगसलाई फ्लाईओवर, एसबीआई बैंक के समीप से मणिपुर में घटी विभत्स घटना के खिलाफ तथा मणिपुर में अविलंब शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से तथा डबल इंजन सरकार के मोदीजी एवं शाहजी का आंख खोलने के लिए बड़े संख्या में कांग्रेसजन सड़क पर उतर कर मशाल जुलूस में हिस्सा लिया। मशाल जुलूस में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। मशाल जुलूस गौशाला चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश में आपसी वैमनस्यता बहुत बढ़ गई है। मणिपुर की घटना लगभग तीन महीने से घट रही है। डबल इंजन की सरकार ने राजधर्म का पालन नही कर पाई है। इसका सम्पूर्ण दोष मोदीजी और शाहजी के माथे पर होगी, ऐसा कहा जाता है कि कानून व्यवस्था मिनटों में संभाल लेते है। देश में संवेदनशील सरकार बनाने में कांग्रेस पार्टी का साथ दें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रखण्ड अध्यक्ष कैसर आलम अंसारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, प्रदेश सचिव के के शुक्ल, योगी मिश्रा, उपाध्यक्ष राज किशोर यादव, संजय सिंह आजाद, जितेन्द्र सिंह, पुनीता चौधरी, सुदर्शन तिवारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

### विधायक सविता महतो एवं पिंकी लायेक ने किया पौधरोपण



चांडिल। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड के द्वारा चांडिल के बोराबिंनदा में आयोजित 74 वां वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ के विधायक सविता महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप में सरायकेला वन प्रमंडल पदाधिकारी आदित्य नारायण एवं चांडिल जिला परिषद पिंकी लायेक उपस्थित थे। इस दौरान वहां उपस्थित सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण किया एवं पर्यावरण को बचाने के लिए संदेश। विधायक सविता महतो ने कहा क्षेत्र में स्थापित किसी भी कंपनी से अगर प्रदूषण हो रहा है अगर इस कंपनी से निकलने वाले दिनों से पर्यावरण को मुस्कान पहुंच रही है तो कोई लिखित सूचना दे उह कंपनी के ऊपर निश्चित कार्रवाई होगी। वन प्रमंडल पदाधिकारी सरायकेला आदित्य नारायण ने कहा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में इस दौरान 1 लाख 72 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है। जिला परिषद पिंकी लायेक ने कहा हम सभी को साथ मिलकर पर्यावरण को बचाए रखने की जरूरत है। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु माहतो, पूर्व जिप सदस्य ओमप्रकाश लायेक, मुखिया पारुल उंराव, रेंजर शशि प्रकाश, फॉरेस्टर रमन ठाकुर, मुकेश महतो, सनातन रवानी, राना प्रताप, सुरेंद्र कुमार, मुन्ना सोरेन सहित कई लोगों ने वृक्षारोपण किया।

### साकची बाजार शिव मंदिर में सहस्त्र घट जलाभिषेक का आयोजन



जमशेदपुर। मंगलवार को साकची बाजार श्री श्री शिव मंदिर में सावन माह के शुभ अवसर पर सर्व कल्याण की कामना हेतु सहस्त्र घट जलाभिषेक का आयोजन किया गया। श्री श्री साकची शिव मंदिर और श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर में जलाभिषेक से पहले वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा पंडित बिपीन झा के सानिध्य में 11 पुजारियों द्वारा विधिवत अभिषेक पूजा शुभारंभ किया गया। जलाभिषेक के बाद भगवान महादेव का श्रृंगार कर शाम को महाआरती की गई। महाआरती क बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में बोल बम और भोले बाबा के जयकारे लगते रहे। मंदिर कमिटी से जुड़े सात यजमान क्रमशः उषा-उमेश साह, रानी-संजय अग्रवाल, किरण-कमल चौधरी, अनिता-गिरधारी लाल खेमका, उर्मिला-शंकरलाल अग्रवाल, अंजना-मनोज अग्रवाल, निर्मला-विजय अग्रवाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर महादेव का दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक किया। भोले बाबा का अभिषेक हेतु एक छोटा टैंकर जल जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) से लाया गया था। इस धार्मिक अवसर पर बजरंग लाल अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, आशीष खन्ना, मुरारी लाल अग्रवाल, मनीषा संघी सहित काफी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।

# बीएसएफ जवान ने पीडीएस डीलर समेत 4 को तलवार से काट डाला, एक की मौत

डीलर सत्यदेव तिवारी की गयी जान
डीलर के घर को किया आग के हवाले
हमलावर आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आरोपी को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।



घटनास्थल पर जमी लोगों की भीड़।

**पड़वा, पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के गोल्हना निवासी बीएसएफ के जवान उर्मिल तिवारी ने डीलर, उनकी पत्नी समेत चार ग्रामीणों को तलवार से काट दिया। इस घटना में डीलर की मौत हो गई है जबकि अन्य लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए हैं। सभी जख्मी का इलाज में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में किया जा रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद बीएसएफ जवान ने डीलर के घर को आग के हवाले कर दिया। उसके बाद अपने घर जाकर खुद को अपने घर में बंद कर लिया। जानकारी के अनुसार के बीएसएफ के जवान उर्मिल तिवारी उर्फ रूपेश का पीडीएस डीलर तिवारी के साथ जमीन का विवाद था। बीएसएफ का जवान सुबह से तलवार लेकर घूम रहा था। करीब दो बजे सतयदेव तिवारी के घर में घुस गया और तलवार से हमला कर दिया। डीलर तिवारी उनकी पत्नी पूर्व मुखिया सोनमति देवी, रमाकांत तिवारी की पत्नी सहित एक अन्य महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नकुल शाह, प्रकाश होरो पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। आरोपी को घर से निकालने व सरेंडर कराने की कोशिश की जा रही है। आरोपी गिरफतार हो चुका है पुलिस छानबीन कर रही है। आरोपी जख्मी कर अपने घर में खुद को बंद कर लिया था। अंदर से दो ताला लगा कर बंद हो गया था। पुलिस बड़ी मशक्कत के बाद किवाड़ तोड़कर कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक तलवार पैकेट में गांजा और आधार कार्ड मिला जिसमे रोहित तिवारी नाम है। मालूम हो की आरोपी का नाम रोहित उर्फ उर्मिल तिवारी है। घटना जमीनी विवाद को लेकर हुई है। आरोपी को पुलिस थाना ले गई। सत्यदेव तिवारी के दो पुत्र है इसमें एक आर्मी में कमांडेंट के पोस्ट पर तैनात है। जबकि एक पढ़ाई कर रहा है। दो पुत्री भी है। घटना में सत्यदेव तिवारी के अलावे 3 गंभीर रूप से घायल है। दो महिला को रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतक की पत्नी सोनमती का स्थिति नाजुक बताया जा रहा है।

### एक सप्ताह पहले हुई थी जमीन की मापी

पड़वा। मृतक सत्यदेव तिवारी व आरोपी उमिल तिवारी उर्फ रूपेश का घर अगल बगल में स्थित है। आरोपी उमिल का कहना था कि सत्यदेव तिवारी का नाली उसके जमीन में है। यह विवाद दो माह से चल रहा था। अंचल द्वारा जमीन की मापी कराई गई थी। मापी के बाद नाली सत्यदेव तिवारी के अपने जमीन में ही था। मापी के बाद ही आरोपी ने डीलर सत्यदेव तिवारी को देख लेने की धमकी दिया था।

### घर के बाहर बैठे थे पति-पत्नी

मंगलवार को दोपहर लगभग एक बजे डीलर सत्यदेव तिवारी अपने पत्नी सोनमती देवी के साथ घर के बाहर बैठे हुए थे इसी दौरान सनकी बीएसएफ जवान उमिल तिवारी तलवार से सत्यदेव तिवारी पर हमला कर दिया। पति को बचाने का प्रयास कर रही पूर्व मुखिया सोनमती देवी पर भी तलवार से कई जगह काट दिया आवाज सुनकर बचाने दौड़े सुशील तिवारी व रामाकांत तिवारी पर भी तलवार से हमला कर घायल कर दिया।

### मृतक घर पहुंचे पूर्व सांसद व पूर्व विधायक

घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर, उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु सिंह, मुखिया महाराणा प्रताप सिंह, प्रशांत किशोर सहित हजारों लोग मृतक के घर पहुंचे।

## स्पीड न्यूज

### एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट में झुलसे लोगों में सात की हालत गंभीर

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद के समीप स्थित आजम रिजवी के घर में सोमवार को एलपीजी गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की घटना में झुलस कर घायल हुए लोगों में साथ की हालत गंभीर बनी हुई है। इनमें 4 को रांची तथा 3 को पटना रेफर कर दिया गया है। रेफर हुए घायलों में अख्तर हुसैन, रामस्वरूप विश्वकर्मा, उम्मे हबीबा 45 वर्ष, शौकत आलम को रांची तथा रूही प्रवीण, रोशन कुमार, मनमोहन कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। मालूम हो कि आजम रिजवी के घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर लिखकर ब्लास्ट हो गया था इस घटना में करीब दर्जन भर लोग झुलस कर घायल हो गए थे। घायलों का इलाज औरंगाबाद में चल रहा था।

### मुहर्रम को लेकर पाटन थाने में हुई शांति समिति की बैठक



पाटन पलामू। प्रखंड के लोइंगा पंचायत भवन में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता पाटन इंसपेक्टर विष्णुदेव राम ने की। बैठक में पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव, लोइंगा पंचायत के मुखिया गुडु यादव समेत कई लोग उपस्थित थे। बैठक में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाने के लिए दोनों समुदायों सेआग्रह किया गया। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान कोई भी व्यक्ति अगर गलत मैसेज करता है तो उसकी जानकारी प्रशासन को दें। पाटन पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। कहा कि शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनायें। मौके पर पाटन पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि नंद यादव, थाना एसआई विजय कुमार, एएसआई लक्ष्मण यादव, मुखिया प्रतिनिधि रोहित राजक,हरेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह,विशेष पासवान,मोहफिज अंसारी, पिंकी विश्वकर्मा, बादरुद्दीन मियां,रामप्रवेश सिंह, पंसस सबिता देवी महेंद्र सिंह, विनोद पाण्डेय, कमलकांत तिवारी समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### प्रबंधन समिति की बैठक में उल्लासपूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाने का निर्णय



**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्कूल रूआर-2023 अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। वहीं सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सतहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया जायेगा। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि बच्चों में देशभक्ति का भाव जागृत करने के लिए स्वाधीनता विषयक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा तथा उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। कहा कि शिक्षा के माध्यम से हमारी कोशिश है कि बच्चे स्वतंत्र बनें स्वच्छंद नहीं। बैठक में अध्यक्ष कुंती देवी, संयोजिका पार्वती देवी, सदस्य प्रतिमा देवी, सुधा देवी, वैष्णवी कुमारी, पूनम रानी व प्रियंका कुमारी उपस्थित थे।

### वन है तो जल है, जल है तो कल है : आशीष



**मेदिनीनगर।** राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल में युवा सामाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज ने अपने चल रहे वन एवं पर्यावरण अभियान के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर पीपल, गुल मोहर और कई फलदार पौधों को विद्यालय परिसर में लगाने का काम किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशीष ने कहा कि पौधारोपण धरती मां और प्रकृति मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का तरीका है, हम इस माध्यम से मां धरती को हमे दिये हर वस्तु के लिये धन्यवाद कर सकते है। पृथ्वी पर जल है तभी जीवन है और जल इसलिए है, क्यूंकि यहा पेड़, पौधे और ये पर्यावरण है जिसको संरक्षित करना हमारा कर्तव्य और धर्म भी है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश शुक्ला जी ने अपने शिष्य आशीष भारद्वाज द्वारा लगातार चार वर्षों से चलाए जा रहे वन एवं पर्यावरण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बाल संसद से अमित शाह और माही कुमारी ने आशीष भारद्वाज के प्रयासों पर बच्चों के साथ मिलकर भाव व्यक्त किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में बच्चों के साथ विद्यालय के अध्यापक रबीन्द्र पाल, उपेन्द्र पांडेय, प्रेमचंद कुमार, राहुल गुप्ता, आकाश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी जी मन की बात नहीं मणिपुर की बात कीजिए : आप



**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल ने मंगलवार को मणिपुर के सवाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में बयान नहीं दिए जाने पर उन्हें मुंहचोर कहा है। जायसवाल ने कहा कि मणिपुर में औरत को नग्न कर प्रदर्शित करने की घटना की गुंज विश्वव्यापी है और मोदी उस पर बोलने से बचने की कोशिश कर रहे हैं, इससे अधिक और क्या अपमान देश के लिए हो सकता है? जायसवाल ने कहा कि मणिपुर जल रहा था और मोदी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में नाच रहे थे। जायसवाल ने कहा कि राज्य सभा आप सांसद संजय सिंह को मणिपुर के प्रश्न उठाने पर निलंबित कर दिया गया, यह तानाशाही नहीं तो क्या है। रोज - रोज बोलने वाले मणिपुर पर बोलने से बच रहे हैं, क्यों? यह देश-विदेश में नजरे चुरा रहे हैं, कबतक चुप रहेंगे? यह मोदी को मुंहचोर होने के प्रमाण है। आप जन आंदोलन से पैदा हुई पार्टी है और हम जन संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर पलामू जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी, वरीय नेता मुकेश दीक्षित जी, अरुण कुमार मेहता, शशिकांत तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता,अशोक यादव , एसडी सिंह, गणेश, लव तिवारी, वीरेंद्र दुबे आदि मौजूद थे।

### शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जायेगा : शशि रंजन



**बिश्रामपुर (पलामू)।** मुहर्रम पर्व को लेकर बिश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि रंजन व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि अफवाह फैलाना कानूनन जुर्म है। इसलिए किसी भी तरह का अफवाह नहीं फैलाएं और न ही किसी अफवाह पर ध्यान दें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि मिलजुल कर मनाने से पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। मौके पर शिक्षाविद अशोक पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह, ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, विजय कुमार रवि, अरविंद पांडेय, आजम सिद्दीकी, यदुनी राम, मो सत्तार खलीफा पेंटर जिलानी, सलीमुदीन अंसारी, बिहारी लाल गुप्ता, हरिकृष्ण सिंह, राजकुमार मेहता, इदरीस हवरी, विजय सिंह, संजय सिंह, राजकुमार चौधरी, महेंद्र चौधरी, सोना देवी, देवनाथ यादव, इम्तियाज अंसारी, सुरेंद्र मेहता, गफूर अंसारी, मसीर खलीफा, सूर्य कुमार ठाकुर, तस्लीम अंसारी, चंद्रदेव चौधरी सहित दोनो समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

### मध्य विद्यालय मेराल की संयोजिका ने किया आत्महत्या का प्रयास

पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के मेराल मध्य विद्यालय की संयोजिका भवानी देवी ने जहर खा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। संयोजिका ने बयान में मेराल के मुखिया पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जिसके कारण जहर खाने पर मजबूर होना पड़ा। संयोजिका अपने बच्चों के साथ अलग रहती है। उसके पति का भी जहर खाने से मौत कुछ दिन पहले हो गयी थी। मेराल मुखिया छोटु सिंह ने कहा कि संयोजिका द्वारा लगाया गया आरोप गलत है। उसे कोई प्रताड़ित नहीं किया गया है। इसके पहले बहकावे में आकर संयोजिका द्वारा मेरे उपर केश किया गया था।

# अंतिम धाम स्वच्छ एवं सुंदर रखें : अरुणा शंकर

## कहा- लकड़ी की दर नहीं बढ़ेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राजा हरिश्चंद्र घाट मैं चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा संवेदक इसका निर्माण कार्य जल्द खत्म करें काफी विलंब हो चुका है। प्रथम महापौर ने बताया कि मैंने माननीय सांसद बीडी राम जी से अनुरोध कर निगम में उनके कोटे की राशि से अपने कार्यकाल में इस घाट का बाउंड्री वॉल ऊंचा करने, बरसात के दिनों में शव जलाने हेतु बाहर में बड़ा शेड निर्माण, मुख्य गेट बनाने तथा जरूरत के हिसाब से पेवर लगाने की स्वीकृति दी थी जिसका कार्य काफी धीमी गति से संवेदक कर रहे जो दुखद है। मैं नगर आयुक्त से बात करूंगी। निरीक्षण के क्रम में घाट की देखरेख कर रही संस्था पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य भी उपस्थित थे। चेंबर सदस्यों ने प्रथम महापौर को बताया लकड़ी दिन पर दिन महंगी होती जा रही जहां पहले लकड़ी 500 रुपए क्विंटल मिलता था आज आरा मिल में लगभग 700 प्रति क्विंटल मिल रहा और लाने ले जाने का खर्च अलग से पढ़ता है जिसके घाटे की भरपाई चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर तथा सदस्यों के सौजन्य से किया जा रहा। आज भी लकड़ी, सफाई, आग देने का खर्च सहित घाट पर मात्र 3500/ रुपया ही लिया जाता साथ ही कई शव निशुल्क भी जलाए जाते। चेंबर सदस्यों ने शव दाह खर्च न्यूनतम 4000 तक करने की बात कहीं जिस पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा यह एक पुण्य कार्य है दर नहीं बढ़ेगा जो घाटा होगा हम सब मिलकर वहन करेंगे इसकी सदस्यों ने स्वीकृति दी। प्रथम महापौर ने घाट की सफाई की प्रशंसा करते हुए घाट की देखरेख कर रहे चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, कम दर पर लकड़ी उपलब्ध करा रहे रिंकू दुबे, कोषाध्यक्ष अनवर को बधाई दी साथी अनवर के द्वारा अब तक अपने निजी सहयोग से 43 लावारिस शव को जलाने के लिए भी प्रथम महापौर एवं सदस्यों ने प्रशंसा की। प्रथम महापौर ने अपने निजी सहयोग से लगाए सीसीटीवी, इनवर्टर तथा निगम द्वारा लगाया गया ठंडा पानी का मशीन का भी निरीक्षण किया जो सारे चालू हालत में थे। चेंबर राजा हरिश्चंद्र घाट में फूल पत्ती पौधे भी लगाकर सजाएं जिसमें मैं सहयोग करूंगी, क्योंकि यही अंतिम धाम है इसे स्वच्छ एवं सुंदर रखना हमारा कर्तव्य। इस अवसर पर चेंबर सदस्य रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, अनवर, मनीष भिवानीया, प्रेम जयसवाल, सुनील गुप्ता तथा निगम के एसडीओ द्वेष जी के अलावे मोहल्ले के लोग उपस्थित थे।

पत्रकार पिता के श्राद्ध कर्म में पर्यावरण धर्म के तहत पर्यावरणविद व एसपी ने किया पौधरोपण

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी : एसपी

श्राद्ध में पौधा लगाने से मृत आत्मा को मिलती है शांति : पर्यावरणविद कौशल किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बेलवाटीकर गुरुद्वारा रोड में जिले के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता स्व विश्वनाथ राम के श्राद्ध में पहुंचे एसपी समेत शहर के कई हस्तियां और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मृत आत्मा की शांति के लिए थाईलैंड प्रजाति के फलाहुवा आम का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के गार्जियन का साया सर से हट जाए तो उनके नाम का आंगन में फलदार पौधा लगाकर बच्चों की तरह बचाना चाहिए। जिसे उस वृक्ष के छाया से मृत आत्मा की शांति तो मिलती ही है साथ-साथ उनके परिवार के बहुत सारी समस्याओं का भी निदान होता है। इससे पहले पर्यावरणविद कौशल ने स्वर्गीय विश्वनाथ राम के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एसपी चंदन सिन्हा ने स्व विश्वनाथ राम के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों से मिलकर दुख की घड़ी में साथ देने की भरोसा दिलाया। उक्त अवसर पर उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए समाज के सभी लोगों को पौधारोपण करने की जरूरत है। वृक्ष लगाने से मानव जीवन को कई तरह का प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से कई लाभ मिलता है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार शाह, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, संत मरियम विद्यालय के निदेशक अविनाश देव, भोलू जी, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, रंजीत जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश व रविंद्र कुमार उपाध्याय, दिलीप कुमार, मुरारी प्रसाद, नीतीश तिवारी, संतोष सिन्हा, मनोहर, बंटी, दिवाकर, डॉ. शतीश कुमार, शिक्षिका अनिता वर्मा, कांग्रेस नेता छोटू सिंह, सरोज कुमार तारा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झामुमो नेता विवेकानंद सिंह ने हिंदू न्यास बोर्ड को सौंपा ज्ञापन



**हैदरनगर/मोहम्मदगंज।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक व संभावित पर्यटक स्थलों के भ्रमण पर आये झारखंड हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य को झामुमो के पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि पूर्व से घोषित पर्यटक स्थल हैदरनगर देवी धाम में प्रतिवर्ष दो बार लगने वाले नवरात्र मेला व अप्रत्याशित भक्तों व श्रद्धालुओं की भीड़ की अपेक्षा उनकी सुविधा व संसाधन बढ़ाने यहां सौंदर्यीकरण कार्य का विस्तार का मांग किया है। गांव कबरा कला को भारत सरकार व झारखंड सरकार ने पुरातात्विक स्थल घोषित किया गया है। इस गांव में खुदाई के दौरान कई काल खंड के पुरातत्व से संबधित अवशेष भी मिला है। जो करीब पांच हजार वर्ष पूर्व के बताये गये हैं। यह पर प्रचीन सूर्यमन्दिर भी हैं, इस गांव में सड़क एवं अन्य सविधा बहाल की जाए। मोहम्मदगंज प्रखंड के प्रसिद्ध भीम बराज भी पर्यटक स्थल घोषित है। ज्ञापन लेते समय धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने सभी बिंदुओं को प्रमुखता से देखा एवं आवश्यक पहल कराने का आश्वासन दिया है। मौके पर अंचलअधिकारी राजीव नीरज, मंदिर प्रबंध समिति के सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह, झामुमो के जिला सचिव सन्नु सिद्दिकी, केन्द्रीय समिति के सदस्य मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, कमाल खान, अशोक कुमार सिंह, दिनेशपासवान शामिल थे।

## हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य ने शहर के विभिन्न मंदिरों का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड हिंदू न्यास पर्षद के सदस्य संजीव तिवारी ने शहर के विभिन्न मंदिरों का निरीक्षण कर उसके वस्तु स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मंदिरों में जाकर मंदिर के पुजारी, ट्रस्ट के लोगों से मिलकर मंदिर के वर्तमान स्थिति क्या है। इसके चल अचल संपत्ति क्या है, मंदिरों का रखरखाव एवं संचालन कैसे किया जाता है। तथा मंदिर का आर्थिक स्रोत क्या है। समेत विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर संचालकों से आग्रह करते हुए कहा कि जिन मंदिरों का पंजीयन हिन्दू न्यास पर्षद में नहीं हुआ है। वे कराले ताकि मंदिरों का विकास हो सके। तिवारी ने मंगलवार को श्री विष्णु मंदिर, महावीर मंदिर, गीता भवन, श्री राम जानकी मंदिर, शिव मंदिर शिवाला घाट,सप्त मातर महा देवी मंदिर भट्ठी मोहल्ला समेत विभिन्न मंदिरों का निरीक्षण कर जायजा लिया। मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों को सुव्यवस्थित किया जाएगा, राम जानकी मंदिर के पुजारी बृजमोहन पांडे, सदस्य रोहित सिंह, अमित सिंह, देवी मंदिर के अनिल पांडे व अन्य मौजूद थे।

### हुसैनाबाद में मानवता हुई शर्मसार, नाबालिग दिव्यांग बच्ची के साथ दुष्कर्म





**हुसैनाबाद,पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से मंगलवार को अल्हे सुबह एक मानवता को शर्मसार करने वाली खबर प्रकाश में आया हैं प्राप्त सूत्रों के अनुसार एक गांव में 15 वर्षीय दिव्यांग बच्ची के साथ 27 साल के युवक ने घर में अकेला पाकर हैवानियत की हदें पार कर उसके साथ मुह काला किया इस घटना से दिव्यांग बच्ची के प्राइवेट पार्ट मेवखून से लथपथ व दर्द से कराहती रही।उसके बाद भी वह रेपिस्ट करने से बाज नहीं आया। इस संबंध में बच्ची की मां ने मंगलवार को हुसैनाबाद थाना में अपने ही गांव के 27 वार्षिय रमेश पाल नामक आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह मवेशी चराने गई थी, शाम को करीब तीन से चार बजे वह घर पहुंची तो आरोपी को भागते देखा, और मेरी बच्ची खून से लथपथ चिल्ला रही थी,जब मैं शोर मचाई उस समय अगल बगल में कोई नहीं था।जिसके कारण आरोपी भाग निकला। जब सोमवार की शाम को घटना के बाद हुसैनाबाद थाना लेकर आ रहे थे,तो आरोपी ने रास्ते में रोककर कहा कि तुम इसकी जानकारी थाना को देगी तो तुमको और बच्ची को जान मार देंगें। इस डर से वह घर लौट गई थी और खून से लथपथ बच्ची रातभर दर्द से चिल्लाती रही। सुबह में ग्रामीणों के साथ वह हुसैनाबाद थाना पहुंच कर लिखित शिकायत की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर थाना ले आई। और बच्ची को मेडिकल चेकअप के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं।

### तरहसी पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफतार



तरहसी पलामू । तरहसी थाना कांड 44/22के प्राथमिकी अभियुक्त संदीप राम 29वर्ष, पकरिया थाना पांकी को तरहसी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि संदीप की शादी 5वर्ष पूर्व तरहसी के भंडारी गांव में हुई है। जिससे दो बच्चे भी हैं। इन सब को छोड़कर कई वर्षो से उदयपुरा 2 गांव के किसी अन्य लड़की के साथ अवैध तरीके से रांची में छिप कर रह रहा था। संदीप वर्ष 2015 में 376के आरोप में जेल जा चुका है।

### श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक



मेदिनीनगर। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सिगरा कला शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में 2024 में परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। मालूम हो कि ग्रामीणों के आग्रह पर प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज वर्ष 2022 में सिंगरा कलां गांव में आये थे। उसी समय स्वामी जी 2024 में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ कराने की बात कही थी। समाजसेवी विजय कुमार सिंह व उमाशंकर सिंह ने बताया कि स्वामी जी चतुमार्सा बैठेंगे उसके बाद महायज्ञ होगा। महायज्ञ की तैयारी व यज्ञ कमिटी के गठन के लिए 6 अगस्त को शिव मंदिर परिसर में शाम 4 बजे से बैठक आयोजित की गई है।

# मुहर्रम को लेकर रामगढ़ थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ पलामू।** मुहर्रम पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में बीडीओ पार्थ नंदन की अध्यक्षता में बैठक किया गया। इसमें पुलिस इंस्पेक्टर तुलसीदास मुंडा, रामगढ़ प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय, अख्तर अंसारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद सहित क्षेत्र के अन्य प्रबुद्ध वर्ग के लोग शामिल हुए। बीडीओ पार्थ नंदन ने मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का अपील किया। कलीम अंसारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व शांति व सौहार्द का प्रतीक है। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का अफवाह ना फैलाएं। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी गिरवर उरांव, गणेश उरांव, भूपेंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, महावीर प्रसाद, महेंद्र प्रसाद सोनी, डॉ फारूक अंसारी, अवध बिहारी सिंह, नागेंद्र राम, पंचायत समिति सदस्य पति विनोद राम, सकेंद्र भुइयां, इम्तियाज अंसारी, फारूक अंसारी, जमालु मियां, बकरीदू अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी, कलाम अंसारी, जाबिर अंसारी, मनोज प्रसाद, संजय जायसवाल, शिवकुमार प्रसाद केसरी, राजेंद्र प्रसाद केसरी, धीरज कुमार जायसवाल सहित दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

## पांडू थाने में शांति समिति की बैठक



**पांडू पलामू।** पांडू थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने की। संचालन पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार यादव ने किया। मौके पर उपस्थित पांडू, मुसीखाप, कुंडवा, तीसीबार, मुरुमातु, नेवरी, गगनकेड़ी, आदि गांव के ताजिया कमेटी एंव अखाड़ा कमिटी से लाइसेंस एंव आवेदन जमा कराते हुए कई दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी पवन कुमार ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की बात कही। इन्होंने कहा कि उपद्रव फैलाने एवं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पांडू पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। वही पांडू के बीडीओ राहुल उरांव ने उपस्थित सभी लोगो से अपील करते हुए कहा कि त्योहार शांति पूर्ण माहौल में मनाये। मौके एसआई पप्पू कुमार मेहता, बलदेव सिंह, मनोज सिंह, प्रभारी अंचल निरक्षक प्रमोद कुमार सिंह, डाला काला पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव, शशिभूषण पाल, इरफान अंसारी, जवाहर पासवान, राधेश्याम यादव, प्रवेश साव, सतीश पासवान, नंदू यादव, लुकमान अंसारी, अरविंद विश्वकर्मा, देवनंदन सिंह, रामविलास सिंह, इसराइल अंसारी, सुनील पाल, इब्राहिम अंसारी, सफीक अंसारी, कृष्णा शर्मा, मुनी पासवान, अजय बैठा, बुद्धि पासवान के साथ-साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बिना पंजीकरण के अवैध तरीके से चल रहे ट्रस्टीमंदिर या अवैध कब्जा जमाने वालों पर होगी कार्रवाई : संजीव तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्यों ने कई मंदिरों एवं ट्रस्टों लिया जायजा





**हुसैनाबाद,पलामू।** झारखंड राज्य सरकार धार्मिक हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने चार दिवसीय दौरा के क्रम ने सोमवार को अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख ट्रस्टी मंदिरों व धर्मशाला ठाकुबडियो का जायजा लिया, सबसे पहले उन्होंने हैदरनगर देवी शक्तिपीठ धाम में गए जहां उन्होंने विधिव्यवस्था एवं रखरखाव समेत पंजीकरण का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने मंदिर समिति एवं संचालन करता को कई निर्देश दिए इसके बाद हुसैनाबाद में उन्होंने श्री महावीर जी भवन को जल्द से जल्द पंजीकरण कराने की बात कही साथ ही जपला शहर के प्रसिद्ध लोचन साव ठाकुबड़ी मंदिर का विधिवत जायजा लिया जहां पर मन्दिर परिषर व ठाकुबड़ी के जमीन के मालिकाना हक और अवैध कब्जा की जानकारी लिया इसी प्रकार जपला में देवीधाम, भगवान भाष्कर सूर्यमन्दिर एवं शिव टहल साहू धर्मशाला का जायजा लिया, जहां पर सूर्य मंदिर समिति के सचिव प्रेमतोष सिंह एवं मधुलतारानी एवं अन्य लोगो ने अंगवस्त्र देकर उनको सम्मानित किया, मौके पर तिवारी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जपला शहर में पूर्व दानदाताओ ने मंदिर व धर्मशाला के लिए जमीन दान दिया हैं जिस पर अनावश्यक रूप किसी ना किसी लोगो का अवैध कब्जा हैं जो चिंता का विषय हैं यह धार्मिक धरोहर हैं जिसको कभी हमलोग लूटने नही देंगे उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मैं हेमन्त सोरेन के निर्देश पर यहां आया हूं अगले बार गलत करने वाले के विरुद्ध सीधा बलपूर्वक कार्रवाई होगा, आगे प्रबन्धक से कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा हो और मंदिर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने प्रबंध समिति को आश्वस्त कराया कि मंदिर के विकास के लिए वे सरकार को लिखेंगे। मौके पर झामुमो के मनोज गुप्ता, मुन्ना कुमार सिन्हा, झामुमो नेता विवेकानंद सिंह,डॉ एजाज आलम,एवं जपला के उदय नाथ विश्वकर्मा, राजीव ठाकुर, राकेश तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, अजय प्रसाद गुप्ता, दिलीप कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुहर्रम आपसी भाईचारगी के साथ मनायें : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** सतबरवा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राज किशोर प्रसाद ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार दोनों समुदाय के लोग मिलजुल कर भाईचारगी के साथ मनाएं। सतबरवा के लोग आपसी भाईचारा का संदेश हमेशा देते रहे हैं। इसे बरकरार रखने की जरूरत है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि दोनों समुदाय के लोग जो आपसी प्रेम मोहब्बत और भाईचारा का मिसाल देते आए हैं उसे बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि कहीं पर कोई विवाद नहीं हो इस पर दोनों समुदाय के लोगों को ध्यान भी रखना है। पुलिस शरारती तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। जुलूस के दौरान सभी स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल के जवान तैनात किए जाएंगे, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम का त्यौहार संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान समय पर ध्यान देना होगा तथा पुराने रूट चार्ट के अनुसार ही मुहर्रम का जुलूस संपन्न होगा। सोनी ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटनाओं की सूचना पुलिस को तुरंत दे ताकि समय रहते उसे रोका जा सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, झाबर पंचायत की मुखिया संगीता देवी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रवि प्रसाद, भरदूल सिंह, सुभाष तिवारी, दिनेश पासवान, मो मंसूर, इम्तियाज अली, मो नौशाद, हदीस मुखिया, लाडले हसन, जुबेर मियां, मो रब्बानी, कमालु मियां,हारून रशीद, भोला प्रसाद, राजीव प्रसाद, शिवनंदन सिंह, एएसआई कौशल किशोर दुबे समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सिंदरी के वरिष्ठ कांग्रेसी रामदास राय का निधन



**सिंदरी।** सिंदरी के वरिष्ठ काँग्रेसी राम दास राय का निधन ब्रेन स्ट्रोक की वजह से मंगलवार की सुबह 9 बजे एसएनएमएमसीएच धनबाद में हो गया है। इस घटना की जानकारी उनके बड़े पुत्र कृष्ण किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि वह पीडीआइएल सिंदरी में प्लांट प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे और काफी लंबे समय से बीमारी से ग्रस्त थे। उनके आवास के वन 35 में उनके शव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुत्र किशोर ने बताया कि उनकी अंत्येष्टि बुधवार को सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर की जाएगी। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व तीन पुत्रियों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## गिरिडीह थाने में शांति समिति की बैठक

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सदर एसडीएम विशालदिप खलको की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति से मनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर अपनी-अपनी राय दी। बैठक में मुहर्रम को भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। एसडीएम ने कहा कि चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सेल्फी प्वाइंट में लिखा जाये 'आइ लव सिंदरी'

**सिंदरी।** सिंदरी शहर के सौंदर्यीकरण में धनबाद नगर निगम सिंदरी के दो क्षेत्रों में सेल्फी प्वाइंट बना रही है। अटल चौक और वीर कुँवर सिंह चौक पर बन रहे सेल्फी प्वाइंटों में आई लव धनबाद लिखा जाएगा। इसे लेकर सिंदरीवासियों ने धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार से माँग की है कि सिंदरी के सेल्फी प्वाइंट पर आई लव सिंदरी लिखा जाना चाहिए। सिंदरीवासियों ने बताया कि सिंदरी एशिया महादेश में एक अलग स्थान रखता है।

## खड़े ट्रक से पिकअप वैन की टक्कर, एक की मौत

**तोंपचाची।** तोंपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत कांडेडीह चौक में मंगलवार 25 जुलाई की सुबह नेशनल हाईवे के किनारे खड़े ट्रक से पिकअप वैन जा टकराया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई व आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है।जानकारी के अनुसार कोलकाता से पिकअप वैन मछली लेकर डाल्टेननगंज गए थे। मछली अनलोड करने के बाद कोलकाता वापस लौट रहे थे। तभी सड़क किनारे खड़े ट्रक से पिकअप वैन जा टकराया। वैन में सवार सभी लोग कोलकाता में नयाडीह के निवासी हैं।

## कुआं में गिरने से बच्चे की मौत

**बेरमो।** चन्द्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली ओपी के सेन्ट्रल कॉलोनी निवासी बिनोद भुईयां का पुत्र अनिकेत कुमार का कुंआ मे डूबने से मृत्यु हो गई। बच्चा खेलने के दौरान कुंआ मे गिर गया। काफी खोजने पर लोगो ने देखा कि कुंआ मे बच्च गिरा हुआ है परिजनों ने बच्चे को निकाल कर केन्द्रीय अस्पताल ढोरी ले गये। जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# पचंबा थाना प्रभारी और गिरिडीह एसपी के खिलाफ किसान मंच का आंदोलन

### छिनतई करने वाले आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने से हुए उग्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** दीपक गोस्वामी के साथ हुए छिनतई और मारपीट के साक्ष्य का वीडियो पेन ड्राइव में डी आई जी कार्यालय हजारीबाग में किसान मंच द्वारा प्रस्तुत किए जाने और वहां से, छिनतई करने वाले अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तारी करने के आश्वासन मिलने के 4 दिन बाद भी पचंबा पुलिस द्वारा दीपक गोस्वामी के साथ छिनतई करनेवाले अपराधियों के विरुद्ध किसी प्रकार का कारवाई नहीं करने से आक्रोशित किसान मंच के सदस्यों ने आगे की लड़ाई लड़ने के लिए मंगलवार को झंडा मैदान में किसान पंचायत आयोजित कर पीड़ित दीपक गोस्वामी की मां को आर्थिक सहयोग करने का आह्वान किया। किसान मंच के आह्वान पर सैकड़ों सदस्यों ने दिल खोलकर पूरे उत्साह के साथ चंदा दिया। तत्पश्चात चौथा बार झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया और पचंबा थाना प्रभारी एवं एस पी गिरिडीह के खिलाफ शहर में प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए किसान मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि किसान मंच को छोड़कर गिरिडीह जिला का कोई भी धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, और राजनैतिक दल के लोग स्थानीय प्रशासन के डर से अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस नहीं कर पा रहे है। पीड़ित दीपक गोस्वामी की मां बोबी देवी ने कहा कि पचंबा थाना प्रभारी यदि यह सोच रहें हैं कि वे हमारे निर्दोष बेटे को छेड़खानी के झूठे मामले में जेल में डालकर हमें अपनी जमीन को भूमाफिया को देने के लिए विवश कर देंगे तो यह गलतफहमी है। किसान मंच के सचिव विजय कुमार ने कहा कि इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई तो किसान मंच का आंदोलन जारी रहेगा।





### धरना-प्रदर्शन में ये लोग थे शामिल

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में दासो मुर्मू, अन्ना मुर्मू, नबी अंसारी, थांभी मंडल, हदीश अंसारी, गंगाधर यादव, देवचंद्र यादव, संचित कुमार, सनातन तिवारी, अनिता हंसदा, हेमलाल सिंह, छत्रधारी सिंह, टीपन ठाकुर महादेव विश्वकर्मा, बैजून मुर्मू, परशुराम वर्मा, अब्दुल अंसारी, घनश्याम पंडित, कुदरत अली, सुजीत दास, चिंतामणि सिंह, अहलाद मुर्मू, धनेश्वर महतों,अनिता हंसदा, ललिया देवी, प्रमिला देवी, छोटेलाल यादव, महेंद्र यादव, छोटो मरांडी, रबीना टुडू सहित सैकड़ों के संख्या में किसान मौजूद रहे।

## जन समस्याओं का हो समाधान : पूर्णिमा सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया विधायक सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल) श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के उपस्थिति में निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया के साथ धनबाद जिला बीसीसीएल क्षेत्र मे विभिन्न मामलों पर सकारात्मक वार्ता हुई। बैठक में बीसीसीएल अंतर्गत लंबित अनुकंपा, मेडिकल अनफीट, जमीन के बदले नियोजन मामले को त्वरित निष्पादित करते हुए आश्रितों को नियोजन देने, झरिया में प्रदूषण से बचाव हेतु स्प्रिंकलर मशीन उपलब्ध कराने, भूमिगत खदान में जो मजदूर का पहले कार्यरत थे तथा खदान बंद होने के पश्चात सतह पर काम करने लगे, उनके नियमितीकरण करने, पदोन्नति कार्यरत बीसीसीएल कर्मियों के योग्यता अनुसार आवास आवंटन, विधायक जी द्वारा बीसीसीएल को सीएसआर मद से भेजी गई अनुशंसा के निष्पादन सहित अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक के दौरान डीपी श्री रमैया ने विधायक के मुद्दे पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।



### बैठक में ये लोग थे शामिल

बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि के०डी० पांडेय, सुभाष सिंह, जटाशंकर सिंह, रामकृष्ण पाठक, सुधीर सिंह, अजीत सिंह, कुंवर सिंह, भुनेश्वर सिंह, दिलीप झा सहित जनता मजदूर संघ तथा बीसीसीएल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सूरजडीह गांव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बोकारो/कसमार।** गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने कसमार प्रखंड के सुरजूडीह गांव में 63 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर का स्वीच ऑन व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कसमार पेटरवार व गोमिया प्रखंड में कहीं भी बिजली संबंधी समस्या होती है तो सूचना मिलते ही तत्काल समाधान किया जाता है। कहा कि चुनाव हारने के बाद भी वे सक्रिय रूप से गोमिया विधानसभा के लोगों का सेवा कर रही हैं। सुरजूडीह गांव में ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिली थी।

## रागिनी सिंह ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

**धनबाद।** मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने झरिया विधानसभा के विभिन्न जन समस्याओं के समाधान हेतु धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह उपायुक्त कार्यालय में मुलाकात कर उन्हे कई गंभीर विषयों से अवगत कराते हुए पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा।जिसमे श्रीमती सिंह ने कहा है कि झरिया विधानसभा के लिए चल रही 312 करोड़ की पेयजल आपूर्ति योजना में पुराने सभी मोटर पंप को बदलना था लेकिन योजना के शुरू हुए 4 वर्ष बीतने उपरांत भी यह कार्य अब तक शुरू ही नहीं हो पाया है।

## कांग्रेस कार्यालय खुलवाने को दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**निरसा/धनबाद।** मंगलवार को निरसा प्रखंड में धनबाद लुबी सर्कुलर रोड स्थित बंद कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने के मुद्दे पर धरना -प्रदर्शन किया गया। धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह इस धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद हुए। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा की झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडेय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार अब तक धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी बंद पड़े पुराने कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने हेतु चरण बद्ध आंदोलन के तहत जिले में विभिन्न प्रखंडों, अंचल कार्यालयों में धरना प्रदर्शन करती आ रही हैं और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि कांग्रेस कार्यालय नहीं खुल जाता हैं।उन्होंने कहा की इस गठबंधन की सरकार से पुनः मांग करते हैं की बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने हेतु गंभीरता से संज्ञान ले। कार्यक्रम में धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह निरसा विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार यादव ,प्रखंड प्रभारी दीपक सिंह ,प्रदेश प्रतिनिधि दुगार्दास प्रदेश प्रतिनिधि सुधानसुशेखर झा, शशिभूषण नाथ तिवारी,अर्जून भुइयां, कपिलदेव प्रसाद,बब्लू दास,सकलदेव प्रसाद, श्यामल भंडारी, रेखा साव, नकुल मोदी शामिल थे।



## डीपीएस चास के सौरव को शतरंज प्रतियोगिता में मिला पुरस्कार

**बोकारो।** डीपीएस चास के 10वीं के छात्र सौरव कुमार पांडेय ने जिला स्तरीय ओपन शतरंज चैंपियनशिप के अंडर-15 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता बोकारो जिला चेस एसोसिएशन और उत्कल सेवा समिति की ओर से 22 और 23 जुलाई को सेक्टर.4 स्थित जगन्नाथ मंदिर के गीता भवन में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि पर विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने स्कूल में सौरव को सम्मानित किया और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सौरव ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि पाई है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉण हेमलता एस मोहन ने कहा कि सौरव ने अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अच्छे खेल का प्रदर्शन कर यह मुकाम हासिल किया है।



## सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह

**बोकारो।** विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 2ए के प्रांगण में दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मान समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि साध्वी सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार एवं इसके सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्या भारती की पहचान एक मजबूत संस्कार पक्ष से भी है। दादा. दादी एनाना .नानी संस्कार पक्ष के वाहक होते हैं एवं उनका संप्रेक्षण अपने परिवार के भावी पीढ़ी में अनवरत करते रहते हैं। तत्पश्चात शिशु वाटिका और शिशु वर्ग के भैया बहनों द्वारा स्वागत गीतए शिशु वाटिका के भैया बहनों द्वारा नृत्य गीत एवं बाल व किशोर वर्ग के भैया बहनों द्वारा बदलते परिवेश में उपेक्षित माता.पिता की पीड़ा को दशार्ते हुए एक प्रभावी लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। मौके पर संघ के सम्मानित कार्यकर्ता देवनारायण सुधांशु जी ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा संस्कार पक्ष को मजबूती प्रदान करने की प्रशंसा की। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अनिता कुमारी ने किया।

# जन समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त ने दिये निर्देश

### जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार मे झरिया थाना क्षेत्र के परसाटांड बस्ती से आए शहीदा प्रवीण में पुत्र के इलाज हेतु सहायता करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र मोहम्मद शहजादा अंसारी को एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने धक्का मार दिया जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया, साथ ही सर पर भी गंभीर चोटे आई है। जिसके इलाज में तकरीबन 25 हजार का खर्च अस्पताल द्वारा बताया गया है। महिला ने बताया कि वह अत्यंत गरीब परिवार से आती है उनके पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है और ना ही किसी प्रकार का हेल्थ कार्ड है। उन्होंने उपायुक्त से पुत्र के इलाज हेतु सहायता राशि प्रदान करने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को कल्याण पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।



### जलमीनार को दुरुस्त कराने का दिया आदेश

ढाँगी तेलीटोला से आए ग्रामीणों ने लंबे समय तक जलमीनार खराब होने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया ढाँगी तेलीटोला में दो जल मीनार काफी समय से खराब है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा गांव के मुखिया, जिला परिषद, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों की गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपायुक्त ने इस मामले को पीएचईडी-1 को हस्तांतरित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन हेतु निर्देशित किया। कुसुंडा के गोधर बस्ती से आए शशिकांत वर्मा ने भी उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या रखे।

## पत्रकार उमेश श्रीवास्तव की माता पंचतत्व में विलीन



**कतरास।** प्रभात खबर के कतरास कार्यालय प्रभारी उमेश श्रीवास्तव छाताबाद कतरास निवासी की मां लालझरी देवी (90 वर्ष) का इलाज के दौरान संजीवनी हॉस्पिटल में मंगलवार को अहले सुबह निधन हो गया। निधन का खबर सुनकर बाघमारा विधायक ढुलू महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व विधायक जलेश्वर महतोए पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय कुमार झा, वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान आदि ने श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार लिलौरी मंदिर मुक्ति धाम में किया गया। पुत्र उमेश श्रीवास्तव ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में उदय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी, दीप नारायण भट्टाचार्य, महेश पासवान, मो, बाबला, मो अमान माधव सिंह शौकत खान मो नईम पीयूष मिश्रा जिराखन सिंह अक्षय सिंह मुन्ना वर्मा मनोज लाला पंकज सिन्हा संटू लाला प्रवीण लाला राजू तिवारी जयदेव पांडेय साधन तिवारी भरत शर्मा छोटू पासवान परवेज इकबाल प्रेस क्लब कतरास के संरक्षक दिलीप वर्मा राजकुमार मधु मो मुस्तकीम अंसारी अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे, महासचिव बिनोद रंजक आदि शामिल थे।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।
Email – dddopalamu@gmail.com

### -:आवश्यक सूचना:-

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा **दिनांक–10.08.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक** संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला के लिए |
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीयचरण (01 गाय/भैंस) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

**-: 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीयचरण (02 गाय/भैंस) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

**-: 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस) | | 2,50,875/- | 1,70,375/- | 83,625/- | 1,70,375/- |

**—: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :—**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

अहर्त्ता :—ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियो के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

**—: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :—**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग(Boring-4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

अहर्त्ता :—ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

**—: तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण :—**

| सामग्रियों का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| संतुलित पशुआहार | 24 रू०प्रति किलोग्राम | 21.6 | 18 | 2.4 | 6 |
| एरिया स्पेसिफिक मिनरल/अच्छे विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर | 120 रू० प्रति किलोग्राम | 108 | 90 | 12 | 30 |
| शीतवर्द्धक सप्लीमेण्ट | 60 रू० प्रति किलोग्राम | 54 | 45 | 6 | 15 |

अहर्त्ता :—तकनीकी इनपुट सामग्री अन्तर्गत पशुआहार/मिनरल मिक्सचर/फीड सप्लीमेण्ट का लाभ लेने हेतु वैसे दुग्ध उत्पादक जिनके पास अधिकतम 10 अथवा उससे कम दुधारू पशु उपलब्ध हो।

**नियम एवं शर्तें :—**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000/– अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान पर किया जायगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। पूर्व से मनरेगा अन्तर्गत निर्मित शेड के संबंध में लाभुक के सहमति पत्र के साथ संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विस्तृत सूची जिला पशुपालन पदाधिकारी/जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय द्वारा निबंधित/सूचीबद्ध विक्रेताओं से किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा/पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (02/05/10 गाय/भैंस) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्ता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोट :—विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू, डालटेनगंज से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू।

PR 303171 (Palamu) 23-24 (D)

# चुनाव और कल्याण

बीते कुछ सप्ताह में राजनीति और बहस 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रख कर हो रही है। इस बीच कल्याण कार्यक्रमों पर ध्यान बढ़ा है। उदाहरण के लिए कर्नाटक में कांग्रेस ने कई वादे किए जिनमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का वादा शामिल था। ये वादे कारगर साबित हुए। राजस्थान में दिसंबर में चुनाव होने है। सस्ते गैस सिलिंडर समेत कई घोषणाओं के बाद वहां की अशोक गहलोत सरकार ने गत सप्ताह न्यूनतम आय गारंटी विधेयक पारित कर दिया। आबादी का एक हिस्सा जो उम्रदराज, दिव्यांग या विधवा आदि है उसे भी पेंशन दी जाएगी जिसमें सालाना 15 फीसदी का इजाफा किया जाएगा। निश्चित तौर पर आबादी के ऐसे हिस्से को नकदी हस्तांतरण का विरोध करना मुश्किल है जो काम करने की स्थिति में न हो, मिसाल के तौर पर बुजुर्ग और दिव्यांग। यहां तक कि रोजगार वाला हिस्सा भी अस्तित्व के लिए जरूरी रोजगार दिलाने पर केंद्रित है। उदाहरण के लिए मनरेगा, ने महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर परिवारों की मदद की। परंतु शहरी इलाकों में काम मुहैया कराना अपेक्षाकृत कठिन हो सकता है और यह भी कहा जा सकता है कि 125 दिनों का रोजगार पर्याप्त नहीं होगा। बहरहाल, आर्थिक प्रबंधन के संदर्भ में बात यह है कि सरकारें केवल वंचित वर्ग को सहायता मुहैया कराने तक नहीं रुकतीं। उदाहरण के लिए कई राज्य चुनिंदा उपभोक्ताओं को निःशुल्क या भारी सब्सिडी पर बिजली मुहैया कराते हैं। कई राज्य पुरानी पेंशन देने लगे हैं जिसका अर्थ यह है कि सरकार सारे राज्य की कीमत पर चुनिंदा लोगों को मदद पहुंचाएगी। केंद्र सरकार भी जमीन वाले सभी किसानों को आय समर्थन दे रही है। वह करीब 81 करोड़ योग्य लाभार्थियों को भी निःशुल्क खाद्यान्न दे रही है। चुनाव आते ही कल्याण योजनाओं में सरकारें ज्यादा ध्यान दे रही है।

# नकली दवा का मसला

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से मिली जानकारी के अनुसार, इसी अवधि के दौरान नकली या मिलावटी दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण को लेकर 592 मुकदमे चलाए गए। सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच दवाओं के 88,844 नमूनों के परीक्षण किए गए जिनमें 2,545 दवाएं मानक गुणवत्ता की नहीं मिली जबकि 379 नकली पाई गईं। अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के बीच 84,874 नमूनों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 2,652 दवाएं मानक गुणवत्ता की नहीं थीं जबकि 263 दवाइयां नकली पाई गईं। इस अवधि के दौरान नकली या मिलावटी दवाओं को लेकर 236 मुकदमे चलाए गए। दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कठोर किए गए कानून

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (उऊरउड) एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न नियामक उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि नकली और मिलावटी औषधियों के विनिर्माण के लिए कठोर दंड हेतु औषधि और प्रसाधन सामग्री (संशोधन) अधिनियम 2008 के तहत औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 को संशोधित किया गया तथा कुछ अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती भी बनाया गया है। राज्यों ने औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत अपराधों से जुड़े मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए विशेष अदालतों का गठन किया है। कई देशों में नकली दवा के मामलों में मृत्यु दंड का प्रावधान है। लेकिन भारत में इसके लिये कड़ें प्रावधानों का अभाव है। ऐसे मामलों के लिये चलाये गये मुकदमों के परिणाम भी संतोषजनक नहीं है।

# तू-तू मैं-मैं की राजनीति जनता के लिये बेकार



**आपने** कभी सोचा है कि क्या मानवविज्ञान व्यवसाय और सार्वजनिक मामलों में जटिल समस्याओं को हल करने में मदद कर सकता है। मानवविज्ञानी और फाइनैंशियल टाइम्स के पत्रकार गिलियन टेट द्वारा लिखित पुस्तक, 'एंथ्रो विजन' ने मुझे इस बारे में आश्वस्त किया है। इस पुस्तक में टेट का इस बात पर जोर है कि आखिर मानवविज्ञान या नृविज्ञान व्यवसाय और जीवन की व्याख्या कैसे कर सकता है।

हर नेता, वास्तव में, हर इंसान, डनिंग-क्रुगर प्रभाव का शिकार है- यानी यह व्यापक भावना है कि हम अपने साथियों से स्वाभाविक रूप से श्रेष्ठ हैं। अपने अस्तित्व के प्रति जागरूक होने से एक विनम्र नेतृत्व व्यवहार को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। दूसरा तरीका मानवशास्त्रीय मानसिकता विकसित करना है।

जब आप किसी समस्या को हल करने में गहराई से डूबे होते हैं, तो आप पानी में मछली की तरह होते हैं। याद रखें कि मछली पानी की परवाह नहीं करती है। बोर्ड के निदेशक अपने उद्देश्य या हितधारकों के प्रति जवाबदेह होने के बजाय प्रमोटर की मर्जी के माफिक या लाभ-केंद्रित हो सकते हैं। कंपनियां ग्राहक-केंद्रित रहने के बजाय एक हद तक प्रतिस्पर्धी-केंद्रित हो सकती हैं। राजनीतिक दल स्थायी रूप से चुनाव केंद्रित हो सकते हैं या विपक्ष को खत्म करने की मुहिम में लगे रह सकते हैं। दोनों ही मामलों में, यह अच्छे लोक प्रशासन और मतदाता की कीमत पर है।

मानवविज्ञान के बौद्धिक ढांचे के अमल से व्यक्ति को चारों ओर देखने, दूसरों के लिए सहानुभूति पैदा करने और समस्याओं पर नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। इस दृष्टिकोण के लिए खुली सोच और चार आदतों की जरूरत होती है- निरीक्षण/अवलोकन करें, सुनें, रिकॉर्ड करें, प्रतिबिंबित करें, सभी खुले दिमाग से।

मैं इस बात से अनजान था कि इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियां इंजीनियरों को व्यापक दृष्टिकोण से समस्याओं को देखने में मदद करने के लिए प्रशिक्षित मानवविज्ञानी नियुक्त करती हैं। इंजीनियरों को इस तरह की मदद की आवश्यकता होती है क्योंकि उनमें से सक्षम ऐसे कार्य करते हैं जैसे कि सभी लोगों को उनके जैसा ही सोचना चाहिए। अपने करियर की शुरूआत और साथ में 35 साल पहले एक बोर्ड निदेशक के रूप में अपने शुरूआती वर्षों में आई समस्याओं के संदर्भ में, मैं इस मानसिकता की पुष्टि अपने स्वयं के विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से कर सकता हूं। अपने करियर के दौरान, मैंने सीखा कि कैसे उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियां अपने उत्पाद डिजाइन में उपभोक्ताओं की अंतर्दृष्टि विकसित करने के लिए उनके व्यवहार का अध्ययन करती हैं। आजकल डिजाइन थिंकिंग प्रबंधन शिक्षा और अभ्यास में एक प्रचलन बन गया है।



- आर गोपालकृष्ण

> जब आप किसी समस्या को हल करने में गहराई से डूबे होते हैं, तो आप पानी में मछली की तरह होते हैं। याद रखें कि मछली पानी की परवाह नहीं करती है। बोर्ड के निदेशक अपने उद्देश्य या हितधारकों के प्रति जवाबदेह होने के बजाय प्रमोटर की मर्जी के माफिक या लाभ-केंद्रित हो सकते हैं। कंपनियां ग्राहक-केंद्रित रहने के बजाय एक हद तक प्रतिस्पर्धी-केंद्रित हो सकती हैं।

लड़के ने कबूल किया कि उसने तेल पर इतना ध्यान केंद्रित कर लिया था कि उसे कुछ और नजर ही नहीं आया। बुद्धिमान व्यक्ति ने उसे तेल भरे चम्मच के साथ महल घूमने का दोबारा निर्देश दिया, लेकिन, इस बार, महल का भी निरीक्षण करने के लिए कहा। जब लड़का लौटा, तो वह महल में देखी गई चीजों की सुंदरता के बारे में उत्साहित था, हालांकि उसके चम्मच खाली थे। उस बुद्धिमान व्यक्ति ने उसे बताया कि चम्मच पर तेल की बूंदों को भूले बिना दुनिया के चमत्कारों का आनंद लेना प्रसन्नता का रहस्य है।

पेश है इतिहास का एक और दिलचस्प प्रसंग। 19वीं सदी के प्रारंभ में, एक रूसी इंजीनियर और स्टालिन के समकालीन पीटर पालिंस्की ने उद्योग में वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्टालिन को नाटकीय और बड़ी घोषणाओं का शौक था– कई राष्ट्रीय नेताओं में यह प्रवृत्ति होती है। पालिंस्की ने बड़ी परियोजनाओं के साथ छोटी-छोटी जरूरतों और योजनाओं के बारे में भी सीखा। भव्यता को कैसे टाला जाए, इस पर उसके तीन दृष्टिकोण को पालिंस्की सिद्धांत कहा गयाः पहला, कई विकल्पों के साथ प्रयोग, दूसरा, उत्तरजीविता सुनिश्चित करना, और तीसरा, जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, सीखें और सबसे अच्छा विकल्प चुनें। ये व्यवसाय और लोक प्रशासन के लिए अच्छे विचार हैं।

1960 के दशक में, भारत सरकार के परिवार नियोजन विज्ञापन ने नई दुल्हन को पांच साल तक संतान पैदा करने से बचने की सलाह दी। अभियान पूरी तरह से विफल रहा। अगर संतान जल्दी नहीं आया तो कौन सी दुल्हन अप्रिय टिप्पणियों से बच सकती है? संशोधित अभियान के तहत दूसरे बच्चे को पांच साल के लिए टालने को लेकर सास से संवाद पर जोर था जो सफल रहा। 1960 के दशक में ही जब भारत में खाद्यान्न की कमी थी, शास्त्री जी ने लोगों को भोजन छोड़ने के लिए नहीं कहा था। उन्होंने देश के उत्तर और दक्षिण से अनुरोध किया कि वे अपने यहां क्रमशः गेहूं और चावल हफ्ते में दो बार भोजन में न लें। अमेरिका में, चुनावी विश्लेषक फ्रैंक लुत्ज ने बताया है कि रिपब्लिकन और डेमोक्रेट जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया देते हैं। रिपब्लिकन अवसर के संदेशों (परिवार और समुदाय के लिए अच्छा) के लिए अच्छी प्रतिक्रिया देते हैं, जबकि डेमोक्रेट डर के संदेशों (खतरे में ग्रह) के लिए बेहतर प्रतिक्रिया देते हैं। लोगों की प्रतिक्रियाओं के प्रति अनिर्णायक संवेदनशीलता सफलता की कुंजी है। भारत सरकार के एजेंडे में कम से कम तीन दशकों, शायद इससे भी ज्यादा से बड़ा बदलाव आया है। हाल के दिनों में, लक्षित लाभार्थियों, जिनके लिए एक परिवर्तनकारी बदलाव का इरादा है, ने इस पहल का जोरदार विरोध किया है। उदाहरण के लिए, कृषि कानून में किसान, माल और सेवा कर में व्यापारी और अग्निपथ योजना में युवा। पिछले 20 वर्षों में, विपक्ष में रहते हुए, एक पार्टी ने प्रस्तावों का विरोध किया है। इसी संदर्भ में स्वर्गीय अरुण जेटली के चर्चित बयान को याद करें कि ₹विपक्ष का काम विरोध करना है₹। बाद में, यदि सरकार में, वही पार्टी समान, हालांकि थोड़ा संशोधित, प्रस्तावों की वकालत करती है। तू-तू मैं-मैं कर अच्छी राजनीति कर सकते हैं, मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन यह जनता के लिए दुखद है।

## खास बात

### हेल्थ सेक्टर पर जोर

**नागेन्द्र सिंह**

देशभर में अब तक 75 हजार 532 स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र (एचडब्ल्यूसी) चालू किए जा चुके हैं। इस वर्ष के लिए स्वास्थ्य बजट में 137% की अभूतपूर्व वृद्धि हुई यानी 2,23,846 करोड़ रुपए का आवंटन इस क्षेत्र के लिए हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ के रूप में एचडब्ल्यूसी की भूमिका को स्पष्ट करते हुए, मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास न केवल एक दूरदृष्टि थी, बल्कि उन्होंने इसे जमीन पर उतारने का भी नेतृत्व किया। अब तक यह कदम स्वास्थ्य को जन आंदोलन के रूप में संस्थागत बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। खास बात यह है कि महिलाएं इस स्वास्थ्य आंदोलन की अगुवाई कर रही हैं एचडब्ल्यूसी पर घर से निकटता और व्यक्तिगत देखभाल के चलते बड़ी संख्या में महिलाओं को इन केंद्रों पर जांच और इलाज के लिए आगे आने में सक्षम बनाया है। 13 अप्रैल 2021 तक, इन केंद्रों पर 23.8 करोड़ से अधिक महिलाओं (53.7%) ने देखभाल संबंधी कार्य संभाला है, जिसमें 44.24 करोड़ से अधिक की बढ़त देखी गई। निश्चित रूप से यह महिलाओं के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। अबतक आयुष्मान भारत-एचडब्ल्यूसी ने उच्च रक्तचाप के लिए 9.82 करोड़ और मधुमेह के लिए 8.05 करोड़ लोगों की जांच की है। तीन सामान्य कैंसर की जांच, जिसमें मौखिक कैंसर (5.08 करोड़ स्क्रीनिंग), स्तन कैंसर (महिलाओं में 2.64 करोड़ स्क्रीनिंग) और सर्वाइकल कैंसर (महिलाओं में 1.79 करोड़ स्क्रीनिंग) केंद्रों पर की गईं हैं।

इसमें कोविड-19 वैक्सीन के लिए समर्पित 35,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। अगले 5 वर्षों में लगभग 64,180 करोड़ रुपये के खर्च के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना भारत योजना (पीएमएएसबीवाई) प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता विकसित करेगी प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना (पीएम-एएसबीवाई) में 17,788 ग्रामीण और 11,024 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को सहायता प्रदान की जाएगी।

# आप अपने मित्र भी-शत्रु भी

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**इस** बात का शोक मत करो कि मुझे बार-बार असफल होना पड़ता है। परवाह मत करो क्योंकि समय अनन्त है। बार-बार प्रयत्न करो और आगे की ओर कदम बढ़ाओ । निरन्तर कर्तव्य करते रहो, आज नहीं तो कल तुम सफल होकर रहोगे ।सहायता के लिए दूसरों के सामने मत गिड़गिड़ाओ क्योंकि यथार्थ में किसी में भी इतनी शक्ति नहीं है जो तुम्हारी सहायता कर सके। किसी कष्ट के लिए दूसरों पर दोषारोपण मत करो, क्योंकि यथार्थ में कोई भी तुम्हें दुःख नहीं पहुँचा सकता। तुम स्वयं ही अपने मित्र हो और स्वयं ही अपने शत्रु हो । जो कुछ भली-बुरी स्थितियाँ सामने हैं, वह तुम्हारी ही पैदा की हुई हैं। अपना दृष्टिकोण बदल दोगे तो दूसरे ही क्षण यह भय के भूत अंतरिक्ष में तिरोहित हो जावेंगे।

**खिलाड़ी भावना अपनाओ**

आपके विषय में, आपकी योजनाओं के विषय में, आपके उद्देश्यों के विषय में अन्य लोग जो कुछ विचार करते हैं, उस पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। अगर वे आपको कल्पनाओं के पीछे दौड़ने वाला उन्मुक्त अथवा स्वप्न देखने वाला कहें तो उसकी परवाह मत करो। तुम अपने व्यक्तित्व पर श्रद्धा को बनाए रहो। किसी मनुष्य के कहने से, किसी आपत्ति के आने से अपने आत्म विश्वास को डगमगाने मत दो। आत्मश्रद्धा को कायम रखोगे और आगे बढते रहोगे तो जल्दी या देर में संसार आपको रास्ता देगा ही।

आगे भी प्रगति के प्रयास तो जारी रखे ही जाएँ पर वह सब खिलाड़ी भावना से ही किया जाए।

## आपके ट्वीट

**प्रधानमंत्री** ग्राम सड़क योजना के तहत ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत सड़कें। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ सकेंगे और उनका आवागमन भी सुगम होगा। इस स्वीकृति के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का हृदय से आभार।
**–संजय सेठ, सांसद रांची**

**कई** पुलिस के जवान और अधिकारी दुर्गम स्थलों पर काम करते हैं उनके लिए कहना चाहूंगा कि जो चुनौती भरा काम वे करते हैं। उनका मनोबल बढ़ाने की व्यवस्था खड़ी की जाएः सीएम
**– हेमंत सोरेन**





**सत्संग** की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।
**–अवधेशानंद गिरी, जूना अखाड़ा**

## कॉटून वर्ल्ड




साभार कॉटूर्न मूवमेंट

# कारगिल विजय: 700 पाकिस्तानी सेना को मारा, भगाया

**(कारगिल विजय दिवस/26 जुलाई/विशेष)**

**योगेश कुमार गोयल**

देश 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ मना रहा है। दरअसल भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटा दी थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ यह युद्ध 60 दिन तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन विजय के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी।

दरअसल इस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया।

**विजय दिवस**

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था। युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था।

कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम पांच जवानों को मार डाला था।

उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन विजय की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ।

# जेलों में विचारधीन कैदियों की भरमार



**मृत्युंजय प्रसाद**

**अदालतों** में लंबित मुकदमे और जेलों में विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या किसी भी लोकतांत्रिक, उदारवादी सरकार के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए। भारत में भी इसे लेकर समय-समय पर विमर्श किया जाता है, लेकिन उसका कोई सार्थक परिणाम अब तक नहीं निकला है। ऐसा लगता है कि ये विमर्श मौसमी होते हैं, और इसलिए इनका स्थायी फल नजर नहीं आता। अभी कुछ दिनों पहले ही देश की जेलों में विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वो अलग से एक जमानत कानून लाने पर विचार करे। अदालत ने कहा कि लोकतंत्र पुलिस तंत्र जैसा नहीं लगना चाहिए क्योंकि दोनों धारणात्मक तौर पर ही एक दूसरे के विरोधी हैं। पुलिस तंत्र जिसकी लाठी, उसकी भैंस के सिद्धांत पर काम करता है। सत्ताधारियों की राह में जो लोग किसी भी किस्म की अड़चन पैदा करते हैं, उन्हें समाज और देश के लिए खतरा बताकर फौरन जेल की सलाखों के पीछे डाल देना, और बाद में आरोपपत्र दायर करना, अब नया चलन हो गया है। बिना किसी अपराध के इस वक्त देश के बहुत से बौद्धिक लोग जेल की सलाखों के पीछे हैं।

जनता को उसके हक याद दिलाए। इन लोगों को जमानत न मिले और अगर एक मामले में जमानत मंजूर हो जाए, तो फौरन दूसरा आरोप उन पर लग जाए, यह पुख्ता तैयारी भी पहले से है। जिस वक्त देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और लोकतंत्र की पहचान संसद को स्थानांतरित करने की तैयारी हो रही है, तब लोकतंत्र बनाम पुलिसतंत्र पर बहस को कितनी जगह मिलेगी, पता नहीं।

बीती 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एमएम सुंदरेश की खंडपीठ ने सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम केंद्रीय जांच ब्यूरो मामले की सुनवाई के दौरान अपने फैसले में कहा कि अंधाधुंध गिरफ्तारियां औपनिवेशिक मानसिकता का संकेत हैं। अदालत ने 'जमानत नियम है और जेल एक अपवाद है', कानून के इस प्रसिद्ध सिद्धांत को आधार मानते हुए कहा कि अनावश्यक गिरफ्तारियां सीआरपीसी की धारा 41 व 41(ए) का उल्लंघन हैं। शीर्ष अदालत ने निजी स्वतंत्रता की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि जेलों में कुल कैदियों में से कम से कम दो तिहाई विचाराधीन कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश ऐसे हैं जिनकी गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं थी। अदालत ने केंद्र सरकार को जमानत के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश लाने के लिए नया जमानत कानून बनाने के लिए सख्त हिदायत दी है। अदालत की फटकार और नसीहत का क्या नतीजा निकलता है, ये अगले कुछ महीनों में पता चल ही जाएगा। लेकिन ये संयोग ही है कि अदालत ने एक ओर अनावश्यक गिरफ्तारियों पर चिंता जतलाई और दूसरी ओर दंतेवाड़ा की एनआईए की अदालत ने 121 आदिवासियों को रिहा करने का फैसला सुनाया, जो यूएपीए सहित कई गंभीर मामलों में आरोपी बनाए गए थे और पिछले पांच सालों से जेल में कैद थे। गौरतलब है कि इन आदिवासियों को 24 अप्रैल 2017 को सुकमा जिले के बुरकापाल में हुए एक माओवादी हमले के बाद गिरफ्तार किया गया था। इस हमले में 25 जवान शहीद हुए थे और 7 गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस ने इस हमले के बाद घटनास्थल के आसपास के गांवों से 122 आदिवासियों को गिरफ्तार किया था। इनमें अधिकतर 19 से 30 साल की उम्र के थे।

## लेटर टू एडीटर

### बेहाल श्रीलंका

**कभी** सोने की लंका कहे जाने वाले पौराणिक देश श्रीलंका में जीवनयापन की मूलभूत जरूरतों को तरस रहे लोगों का सड़कों पर उतरना व राष्ट्रपति निवास पर कब्जा करके उन्हें देश छोड़ने पर बाध्य करना बदहाल व्यवस्था की तार्किक परिणति है। लोग भयावह महंगाई, खाद्यान्न संकट व पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत से कराह उठे हैं।
**– शिवशंकर उरांव, गुमला**

### महंगाई का राज

**महंगाई** की आग में पहले से जल रहे आम आदमी को अब रसोई गैस सिलेंडर की तपिश भी झेलनी पड़ेगी। रसोई गैस के बढ़ते दाम मध्यम परिवारों के बजट पर बुरा असर डाल रहे हैं, लेकिन दाम घटने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। वहीं गांव के लोग अब फिर चूल्हा जलाने को मजबूर हैं। यह महंगाई के खिलाफ लड़ाई को भी कमजोर बनाता है।
**–शैलेन्द्र चौहान,जमशेदपुर**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### उच्च विद्यालय पिंडरा में पौधरोपण



कुजू। श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तोपा पिंडरा में मंगलवार को विद्यालय प्रधान समिति के द्वारा बैठक आयोजित की गयी। बैठव की अध्यक्षता शंकर प्रसाद व संचालन प्रधानाध्यापक कृष्णा प्रसाद ने किया। बैठक के दौरान विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति, सप्ताहिक परीक्षा कराने के साथ बाल संसद का गठन करने व पेयजल की समस्या पर जोर दिया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय की पढ़ाई बेहतर तरीके से हो रही है। बाद में शिक्षकों व बच्चों ने मिलकर विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया।

### कला व विज्ञान में नामांकन जारी

कुजू। इंटर महिला महाविद्यालय कुजू के शिक्षकों की बैठक मंगलवार को प्राचार्या कक्ष में हुआ। बैठक में महाविद्यालय के विकास के संबंध में चर्चा किया गया। बैठक के दौरान प्राचार्या डॉ शशिबाला ने महाविद्यालय में अधिक से अधिक छात्राओं का नामांकन कैसे हो पर जोर देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय अत्यंत अल्प शुल्क पर चलाया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक छात्रा लाभान्वित हो। महाविद्यालय में इंटर कला व विज्ञान संकाय का नामांकन किया जा रहा है। बैठक में डॉ अवधेश कुमार गुप्ता, प्रो वीरेंद्र कुमार, प्रो जयनाथ प्रसाद गुप्ता, विजय ठाकुर, महेश ठाकुर, गबन सिंह, नरेश पटेल, संजय प्रसाद, विक्रम महतो, सुमित्रा देवी आदि मौजूद थे।

### मृतक के परिजन को मिलेगा नौ लाख

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र के महली टोला बलकुदरा निवासी विक्रम कुमार महली की बिजली टावर निर्माण कार्य के दौरान हुई मौत के बाद गांव मे मंगलवार को त्रिपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता में ठेकेदार सुरेश प्रसाद सिंह ने मृतक के आश्रित को तीन किस्तो में नौ लाख रूपया मुआवजा देने की बात कही। ज्ञात हो कि पिछले 24 जुलाई को महली टोला निवासी विक्रम कुमार महली जेयूएसएनएनएल के कटिया फिडर के 220 केवि लाईन के 83 नंबर टावर पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान टावर के गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मंगलवार को मुआवजा को लेकर पंचायत प्रतिनिधि, ठेकदार, और ग्रामीणो के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित हुई। वार्ता में ठेकेदार द्वारा मृतक के आश्रित को नौ लाख रुपए तीन किस्तों में देने की बात कही गई। जिसमें पहले किस्त के तहत 28 जुलाई को तीन लाख रुपए, देसरा किस्त नवंबर माह में 3 लाख और तीसरी किस्त मार्च 2024 में 3 लाख रुपए देने पर सहमति बनी। । मौके पर स्थानीय मुखिया विजय मुंडा, सुमन महली, आरती देवी, राजकुमार महली, विजय साहु, योगेन्द्र यादव, भुनेश्वर सिंह, रंजीत उरांव, बबलु उरांव, नरेश मुंडा, दीपक कुमार, नंदकिशोर मुंडा, शिवचरण मुंडा, विक्की महली, सुरेन्द्र मुंडा, किशोर महतो, विष्णु उरांव, अनिल मुंडा सहित दर्जनो ग्रामीण मौजूद थे।

### चोरी मामले में एक और गिरफ्तार

**हजारीबाग ।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्वालटोली होलसेल बर्तन की दुकान में चोरी मामले में दूसरा आरोपी अली राजा उर्फ बबलू पिता सरफराज जाकिर हुसैन रोड को गिरफ्तार कर लिया गया और 320 अबलीक 23 मामले में फिर से जेल दूसरे को भेजा गया और फिर वही पुलिस का कहना है चोरी की घटना यदि सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत घटती है तो चोरों को जल्द पकड़ ना हमारी प्राथमिकता होगी।

### राज नर्सिंग होम में हृदय रोग जांच शिविर 30 को : लायन राजेंद्र महतो



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से आगामी 30 जुलाई को ट्रेक्टर स्डैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए लायन राजेन्द्र महतो ने बताया कि वर्तमान समय में हृदय रोग, स्वांस से संबंधित रोगियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। जिसे देखते हुए लायंस क्लब अफ भुरकुंडा ने हृदय एवं धमनियों से संबंधित रोगों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ ड वरुण कुमार द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। साथ ही उचित परामर्श भी देंगे। श्री महतो ने क्षेत्रवासियों से स्वांस एवं हृदय से संबंधित परेशानी होने वाजे व्यक्तियों से उक्त शिविर का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह शिविर ग्रामीणों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। अधिक जानकारी के लिए क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, पूर्व सचिव लायन विजयंत कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, राजेश अग्रवाल, लायन अखिलेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुबेदार एचएन यादव, सीमा यादव, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, संजय सिंह, संजय कुमार, अजय सिंह, निर्मल अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, सोनाराम मांझी, मो. मुमताज, अखिलेश टोप्पो, रमेश अग्रवाल आदि ने 9631465521 नंबर पर संपर्क करने की बात कही है।

### सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया वार्ड संख्या 34 और 35 का दौरा, कहा

# बाबा पथ और हुडहुडू में जल्द दूर होगी पानी और बिजली किल्लत

**गौतम नगर में विधायक मद से 6 लाख की लागत से नवनिर्मित पीसीसी पथ का किया उद्घाटन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल जनता से हमेशा जुड़े रहते हैं। क्षेत्र के विकास, जनता के सुख-दुःख में उनकी चिंता और धरातल पर जाकर उनकी समस्याओं को जानने एवं उसके निदान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। अपने विधायक सेवा कार्यालय के माध्यम से बड़े ही सुलभता से जनता से मिलकर उनका दर्द बांटते है तो जैसे ही उन्हें मौका मिलता उसे अवसर में बदलते हुए जनता के बीच होते हैं। मंगलवार को विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र ( शहरी क्षेत्र) के वार्ड संख्या 34 और वार्ड संख्या 35 का सघन दौरा कर स्थानीय जनसमस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने वार्ड संख्या 34 के बाबा पथ स्थित गौत्तम नगर में विधायक निधि की राशि करीब 6 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन कर स्थानीय मुहल्ले वासियों को बेहतर सड़क का सौगात दिया विधायक मनीष जायसवाल वार्ड संख्या 35 के हुड़हुडू स्थित हुडहुडू चौक, रविदास मोहल्ला, भुइयां टोली, ठाकुर मोहल्ला, सामुदायिक भवन रविदास मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों संग सघन दौरा कर एक- एक समस्याओं को करीब से देखा और तत्काल इसके निराकरण का लोगों को भरोसा जताया। जायसवाल को स्थानीय लोगों ने मूलतः बिजली, पानी और नाली की समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल इसके निराकरण का आग्रह किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि धरातल पर पहुंचकर जन समस्या से अवगत होना और जनता से सीधे जुड़ना हमारे सेवाभावी कार्य को संबल प्रदान करती है और हमारे अंदर दोगुनी उत्साह और ऊर्जा के साथ कार्य करने की असीम क्षमता प्रदान करती है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है लेकिन विकास से अछूते लोगों तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारा दायित्व है और हम इसे चुनौती के रूप में लेकर करने को कृतसंकल्पित हैं।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार, तिलक यादव उर्फ. टिंकु यादव, पूर्व वार्ड पार्षद सुबोध पासवान, दिलीप गोप, सुंदर ठाकुर, टिंकू साव, कैलाश साव, प्रदीप सिंह, टुकन साव, पचु साव, ज्ञानी साव, भुनेश्वर साव, राजेंद्र राणा, बलदेव राणा, फिलीप यादव, प्रभु साव, भोला साव, ओमप्रकाश साव, कैलाश गुप्ता, अमित कुमार, भुनेश्वर गोप, रंजित कुमार, मनीष राम, वकील राम, दिलीप गोप, जनदेव राम, राहुल राम, मुकेश राम और सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## एक नजर में

### डीडीसी ने कई योजनाओं का किया निरीक्षण



दारू। उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने मंगलवार को दारू प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना, बायोगैस प्लांट योजना, पोटो हो खेल मैदान योजना, पंचायत सचिवालय दारू, बिरसा सिंचाई कूप योजना, अमृत सरोवर योजना स्वास्थ्य केंद्र दारू,मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एवं डीएमएफटी मद से क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। डीडीसी ने दारू प्रखंड में डीएमएफटी मद से स्वीकृत मध्य विद्यालय महेशरा, +2 उच्च विद्यालय महेशरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारू, मध्य विद्यालय दारू (ब्वॉयज) एवं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 612 में चल रहे निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अंचलाधिकारी नीतू कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

### शांतिपूर्वक मनायें मुहर्रम : बीडीओ

**चरही ।** सोमवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों के त्यौहार को लेकर चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक अध्यक्षता बीडीओ इंदर कुमार और संचालन सीओ शशि भूषण सिंह ने किया। बीडीओ ने कहा कि पर्व में केवल लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा सकता है।भड़कीले गाने और डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।जिससे किसी को आहत नहीं पहुंचे।अगर ऐसा हुआ तो तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।सीओ श्री सिंह ने कहा कि किसी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं दें।अफवाह फैलाने और शरारत करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पुलिस निरीक्षक महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अवैध शराब विक्री पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। मुहर्रम पर्व को देखते हुए क्षेत्र में गस्ती निरंतर किया जाएगा। आगे कहा कि तय मार्ग पर ही जुलूस निकाला जाए। जुलूस में वोलेंटियर रखा जाए। ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। धन्यवाद ज्ञापन जिप सदस्य बासुदेव करमाली और प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने किया।मौके पर चरही थाना प्रभारी,दशरथ महतो,आशा राय, परमेश्वर महतो,भुनेश्वर ठाकुर,लालो मांझी, मो .अमजद अंसारी,मो .जहूर,गुलाम नबी,सत्तार अली,बालकुमार महतो सहित चरही थाना क्षेत्र के कई लोग उपस्थित थे।

# जन्म एवं मृत्यु के निबंधन के प्रति लोगों को करें जागरूक : उपायुक्त

**सभी योग्य लाभुकों को दें सर्वयोजना पेंशन का लाभ**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं एवं जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

उपायुक्त ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से जिले के सभी योग्य लाभुकों को पेंशन का लाभ दिया जाना संभव है। इसलिए अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनके निष्पादन हेतु तीव्र गति से कार्य करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन प्रखंडों में कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित कर्मियों को अभियान मोड में कार्य करते हुए आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लाभुकों के फोन नंबर, आधार कार्ड सहित अन्य जानकारियां अपडेट करने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए इस दिशा में कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जन्म मृत्यु निबंधन को लेकर 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के कहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास व योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने के लिए सही आंकड़ों का होना बेहद जरूरी होता है इसीलिए यह बहुत जरूरी है कि लोग जन्म व मृत्यु निबंधन ससमय कराएं। वर्तमान में जागरूकता के अभाव में कई लोग जन्म-मृत्यु निबंधन समय से नहीं करा पाते हैं। इस संबंध में उपायुक्त ने जन्म-मृत्यु निबंधन की प्रक्रिया एवं इसके फायदों के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रखंड, छावनी नगर, परिषद कार्यालयों में आने वाले लोगों को पोस्टर, बैनर सहित अन्य माध्यमों से जन्म-मृत्यु निबंधन के फायदे एवं प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने लोगों को जन्म व मृत्यु निबंधन करवाने हेतु नजदीकी प्रखंड, छावनी व नगर परिषद कार्यालय में संपर्क करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया एवं जन्म मृत्यु निबंधन हेतु आवेदन प्राप्त होने के उपरांत योजनाबद्ध तरीके से आवेदनों के निष्पादन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सह सिांख्यिकी पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### आजसू का जनसमस्या शिविर मंगलवार और शुक्रवार को लगेगा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मुख्यालय दिवस पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में कई ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो ने बताया की उक्त शिविर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी की सोच है की किसी भी ग्रामीण को अपने कार्य के लिए परेशान न होना पड़े। इसी उद्देश्य से शिविर लगाया गया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, दशरथ शर्मा, राजकिशोर प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अल्पकालीन उद्धरण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं जॉच कार्य हेतु मासिक किराये पर नये डीजल ए०सी० वाहन SCORPIO TOP MODEL (Jharkhand Commercial Registration अनिवार्य है) की शीघ्र आपूर्त्ति हेतु दिनांक–04.08.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक न्युनतम दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, जो दिनांक–04.08.2023 को ही अपराह्न 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोला जायेगा। उद्धरणकर्त्ता द्वारा उद्धृत दर चालक वेतन एवं सभी कर सहित होगा।
उद्धरण की शर्त्तें कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।

E-mail ID-rwdhazaribag@gmail.com
Phone No.-6202799379

कार्यपालक अभियंता
ग्रा०का०वि०, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

RP 303245 Rural Work Department(23-24)#D

**समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–10 महिला वाहिनी, होटवार, राँची**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झा०स०पु०–10 महिला वाहिनी में महिला बैण्ड पार्टी उपलब्ध है। जिसे शादी–ब्याह एवं अन्य कार्यक्रम हेतु भाड़े पर लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति समादेष्टा कार्यालय से संपर्क कर बुकिंग करा सकते हैं।

**बुकिंग राशि**

(क) पूरी बैण्ड पार्टी के लिए 20,000/–(बीस हजार) रू0
(ख) आधी बैण्ड पार्टी के लिए 10,000/–(दस हजार) रू0
संपर्क सूत्र – E-mail ID co-jap10@jhpolice.gov.in,
कंट्रोल रूम फोन न0–0651–2270005

बैण्ड पार्टी के आवागमन के लिए प्रत्येक बुकिंग पर परिवहन शुल्क राँची जिला अन्तर्गत 900/–(नौ सौ) रू0 तथा राँची से बाहर के लिए 16/–(सोलह) रू0 प्रति किलो मीटर की दर से जमा करना अनिवार्य होगा। बैण्ड पार्टी की प्रतिनियुक्ति (बुकिंग) मात्र 02 (दो) घण्टे के लिए होगी एवं रात्रि 10:00 बजे के बाद बैण्ड बुकिंग नहीं होगी।

समादेष्टा,
झा०स०पु०–10 (म०वा०),
होटवार, राँची।

PR.NO.303236 Police(23-24):D

# जेएसपी को ग्रेट प्लस टू वर्क का मिला प्रमाण-पत्र



**बासल (रामगढ़)।** भारत के अग्रणी उद्योग समूहों में से एक और विश्व स्तर पर स्टील, बिजली, खनन एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्र की जानी-पहचानी कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने घोषणा की है कि उसे जुलाई 2023 से जुलाई 2024 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के जारी कर बताया गया अनुसार यह प्रमाण-पत्र प्रदान करने वाली संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क का दुनिया में बड़ा नाम है और इसकी बड़ी साख है। जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने कहा कि हमारे लोगों की निष्ठा एवं समर्पण के कारण हमारी असाधारण विकास यात्रा संभव हुई है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि जेएसपी के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के केंद्र में लोगों को रखकर और सभी के लिए सपनों के कार्यस्थल का निर्माण कर हम अपने व्यवसाय को न सिर्फ नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे बल्कि अपने देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे।

### मुहर्रम में सोशल मीडिया पर रहेगी नजर : थाना प्रभारी

**बड़कागांव।** डाड़ी कलां थाना में मुहर्रम पर्व को शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं संचालन पाटकर सज्जाद राही ने किया। मणिलाल सिंह ने मुहर्रम के अखाड़ा धारियों को जुलूस निकालने वालों को निर्देश देते हुए जुलूस के रूट की विस्तृत जानकारी ली एवं उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।अगर कहीं पर डीजे बजाया जाता है तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। किसी भी नए रूट से जुलूस नही निकाला जाएगा। असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया ग्रुप पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, एएसआई मनोज कुमार सिंह, मुखिया इल्यास अंसारी, पसस निर्मल राम,अलीमुल्लाह, खलील मियाँ,मो कासिम,ताज मोहम्मद,पदुम साव,मो साबिर हुसैन आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**
ज्ञापांक .......................... खूँटी, दिनांक..................

**Request for Proposal**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी में निर्मित सेनिटेशन पार्क के सफल संचालन एवं रख–रखाव हेतु कंडिका:–01 में वर्णित विवरणी के आधार पर दिनांक 04.08.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक आवेदनकर्त्ता से निम्नांकित शर्त्तों पर दर निविदा मुहरबंद लिफाफा (EOI) आमंत्रित की जाती है। प्राप्त दर निविदा (EOI) दिनांक 04.08.2023 को अपराह्न 4:00 बजे निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा (EOI) समर्पित करने वाले के प्रोपराईटर/प्राधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र0 | कार्य विवरणी | दर प्रति वर्ष |
|---|---|---|
| 1 | 1. Garden & lawn Maintenance including Soft & hard Landscaping : Maintenance and upkeep of lawn, plants, trees, creepers, hedges, palms, and plants by doing the following:<br>2. Garbage Collection / Disposal :<br>3. Civil Works:<br>• Maintaining the Civil structures like Statue, Fountains and Benches etc.<br>• No civil construction can be done within the premises with the permission of Khunti Nagar Panchayat.<br>4. Maintenance of Lamps:<br>5. Maintenance of Toilets:<br>6. Maintenance of Jogging Tracks:<br>7. Maintenance of Water Pumps, Water Lines and water area:<br>8. Use of Pesticides and insecticides:<br>9. Paintings of boundary walls: | दो वर्ष के लिए |

नोटः– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.303240 Urban Development(23-24):D

ह0/– प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी।

# मुहर्रम में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : सीओ

**पदमा में शांति समिति की बैठक में लिये गये कई अहम निर्णय**



खबर मन्त्र संवाददाता

पदमा । थाना परिसर में दिन मंगलवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुर्दद्ध बैठक की अध्यक्षता पदमा अंचल अधिकारी मुजाहिद अंसारी व संचालन पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने किया। बैठक में बरही इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा भी उपस्थिति थे। सीओ मोजाहिद अंसारी ने कहा कि अखाड़े के लोग अपने रूट का विचलन किसी भी परिस्थिति में नही करेंगे।डीजे पर पूरी तरह रोक रहेगा । थाना प्रभारी ने कहा कि कहीं भी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा हो तो तुरंत थाना प्रभारी को सूचना दें। मौके पर उपप्रमुख सतेंद्र राणा, पदमा मुखिया अनिल मेहता, शांति देवी, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम मेहता संदीप सिंह प्रमुख प्रतिनिधि कार्तिक मेहता, कुटीपीसी मुखिया प्रतिनिधि बिंजय मेहता, बिहारी मुखिया प्रतिनिधि कपिल मेहता, पूर्व मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, सुरेश पांडेय, मो सुल्तान खान, मो खुर्शीद, लतीफ, निजाम अंसारी, सुनील मेहता, सिराज अंसारी, मो शफीक, मो कुर्बान, महेंद्र प्रसाद मेहता, सूरत कुमार मेहता, कैलाश यादव, मो सरवर के अलावा दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### निर्धारित रूट से निकालें जुलूस : एसडीएम



**बरकट्ठा ।** थाना परिसर बरकट्ठा में मुहर्रम को शांति और सदभाव के साथ मनाने को लेकर प्रशासन के तत्वावधान में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम पूनम कुजूर और संचालन थानाप्रभारी दिनेश कुमार ने किया। एसडीएम ने कहा कि जुलूस सरकारी स्तर से तय रूट पर ही निकाला जाएगा जुलूस में डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में मुखिया अब्बास अंसारी, पंस सदस्य युसूफ अंसारी, इसराइल अंसारी, सुभान अंसारी, गुलजार अंसारी, मुख्तार अंसारी, मो सेराज, रहमत अंसारी, यमुना साव, रीतलाल प्रसाद, उत्तीम महतो, प्रकाश चौधरी, छोटेलाल मेहता, अनिल आजाद, अरविंद प्रसाद, जीवन यादव, महावीर यादव, मुकेश कुमार, रामेश्वर प्रसाद, भीम प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, मुकेश यादव, कृष्णदेव प्रसाद, बालेश्वर ठाकुर समेत दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/HZB/09/2023-24
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/09 /2023-24 | हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखण्ड में पंचायत सिंघरावां अंतर्गत ग्राम हजारीधमना एवं प्रखण्ड बरही के पंचायत– गौरियाकरमा, ग्राम–गौरियाकरमा के बीच बराकर नदी पर पुल निर्माण। | 49656600.00 | 994000.00 | 10000.00 | 18 माह | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक 07.08.2023 से दिनांक 16.08.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 21.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:– i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग (जिला नियंत्रण कक्ष)
ii) अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
7. निविदा खोलने का स्थान:– कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
8. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – 22.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 303231 Rural Development (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### आज सुखदेव भगत सुनेंगे समस्याएं

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत आज 26 जुलाई को लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिला के प्रसिद्ध टांगीनाथ मंदिर जाकर वहां माथा टेकेंगे तत्पश्चात डुमरी, जारी, चैनपुर, रायडीह प्रखंड के कांग्रेस जनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर संगठन को धारदार बनाने एवं उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। क्षेत्र भ्रमण में उनके साथ लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक साहू, गुमला जिला युवा कांग्रेस के नेता राजनील तिग्गा सहित कई कांग्रेसी रहेंगे।

### शोकाकुल परिजनों से मिले सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम भूजनिया के रहने वाले सहदेव उरांव के 18 वर्षीय पुत्र सोनू उरांव का धनबाद में आकस्मिक मृत्यु हो गई। जानकारी मिलते ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत भुजनिया गांव पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवार के साथ है तथा परिवारों को हर संभव सहायता करने का आश्वासन श्री भगत ने दिये। मौके पर पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू, मुखिया वासुदेव भगत, फुलदेव उरांव अजीम अंसारी, महादेव पाहन, विनोद भगत, संजय राम, मंसूर अंसारी, सुखू उरांव थे।

### बाइक में पैर फंस जाने से वृद्ध जख्मी

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के वासदेव कोना निवासी 84 वर्षीय भादुल खड़िया का चलती बाइक में पैर फंस जाने से जख्मी हो गये। जख्मी हालत में उन्हें इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में भादुल खड़िया का दाहिना पैर बुरी तरह से कट गया। जानकारी देते हुए नकी पत्नी ने बताया कि भादुल खड़िया अपने समधी के यहां शाही टोली मेहमानी गये थे। जहां से नशा कर अपने भतीजा के साथ बाइक में सुबह घर वापस आ रहे थे।

### उपायुक्त ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किस्को प्रखंड स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। मौके उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों व अभियंताओं को परिसर अंतर्गत 11 भवनों को रिपेरिंग किये जाने और 3 जर्जर भवनों को ध्वस्त करने को कहा। विद्यालय में रिपेयर किये जाने के उपरांत एक भवन में जिम अधिष्ठापन हेतु आवश्यक निदेश व ध्वस्त करने के उपरांत खेल का मैदान भी तैयार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीडीसी समीरा एस, आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, डीपीओ अरुण सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला अभियन्ता तारिणी प्रसाद मुखिया, विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता सूरज चौधरी, बीडीओ बुढ़ाय सारू थे।

### जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर बैठक



**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को जन्म मृत्यु निबंधन को ले गठित टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें टास्क फोर्स के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि कोरोना काल में छूटे हुए जन्म मृत्यु निबंधन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। इसके लिए कर्मियों को जिम्मेवारी दी गयी है। जन्म मृत्यु निबंधन का कार्य 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में बीईईओ जयमंगल लोहरा, गुहा उरांव, मोहम्मद सुहैल, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

### फसिया में भारत जोड़ो कार्यक्रम आयोजित



**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के फसिया पंचायत स्थित विंध्याचल नगर में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विष्णु राम और महासचिव राजीव रंजन महतो के द्वारा भारत जोडो की बात आम जनों के साथ के कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से मुलाकात की गयी। इस दौरान दोनों नेताओं ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3700 किलोमीटर की यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि हमारे कर्मठ और जुझारू नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द किया गया। बैठक में विक्की कुमार ,रविंद्र राम ,अमिता देवी, आशा देवी, रिंकी देवी, मुन्नी देवी, आशा देवी, सुमन देवी ,सुमन देवी, अनीता देवी भी थीं।

### डेजी बारला शिक्षक नियुक्त की गयीं



**चैनपुर।** झारखंड आवासीय विद्यालय चैनपुर में अर्थशास्त्र के शिक्षक नियुक्ति को लेकर चैनपुर बीडीओ डा शिशिर कुमार सिंह ने अपने कार्यलय कक्ष में अभ्यर्थियों का बारी बारी से साक्षात्कार लिया। जिसमें बीडीओ शिशिर सिंह, सीओ गौतम कुमार एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का कॉलेज के सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने सभी अभ्यर्थियों से अर्थशास्त्र विषय पर सवाल जबाव किये। जिसके बाद इंटरव्यू में अच्छा प्रदर्शन करने वाली डेजी बारला को सर्वसम्मति से शिक्षक नियुक्त किया गया। बीडीओ ने बताया कि झारखंड आवासीय विद्यालय में अर्थशास्त्र के शिक्षक की कमी थी। जिसके चलते पठन पाठन का कार्य बाधित हो रहा था। मौके पर सीओ गौतम कुमार, कल्याण पदाधिकारी हुलेश प्रसाद, बीपीओ कांति कुमारी, वार्डेन लीली ग्रेस बा उपस्थित थे।

### बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के खरता अखड़ा में मंगलवार को जेएस एलपीएस के माध्यम से पी जी समूह का निर्माण व अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष का चुनाव को लेकर महिला स्वयं सहायता समूह की बैठक सिंधु देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महिला स्वयं सहायता समूह में बचत राशि जमा करने, ऋण वितरण, ऋण वापसी सहित कई अहम विषय पर परिचर्चा की गयी।

# शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने को लेकर जिला प्रशासन तैयार

- मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न
- डीजे साउंड के उपयोग पर नजर रखेंगे पदाधिकारी : उपायुक्त
- शांति भंग करने वाले पोस्ट भेजने व फारवर्ड करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को सूचना भवन सभागार में उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिब मौजूद थे। बैठक में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्र वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने का संकल्प दोहराया गया तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर गुमला अंजुमन के पदाधिकारियों की ओर से कहा गया कि 29 जुलाई को मुहर्रम मनाया जाना है। परन्तु शहरी क्षेत्र गुमला सदर में इस वर्ष बारिश के मौसम को देखते हुए अखाड़ों द्वारा ताजिया जुलूस नहीं निकाले जाने का सदस्यों द्वारा फिलहाल निर्णय लिया गया है। परंतु प्रखंडों जैसे सिसई, चैनपुर आदि जगहों पर ताजिया जुलूस निकाले जाने की उनकी योजना है। बैठक में पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ पर्व मनाए जाने की बात हुई। इसे लेकर शांति समिति के सदस्यों ने अपनी- अपनी बातें रखी।

सदस्यों ने मस्जिदों के पास साफ सफाई, पानी, बिजली, एंबुलेंस आदि की व्यवस्था से संबंधित सुझाव भी प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को अनुमंडल स्तरों पर भी बैठक करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधिकारियों ने मुख्य चौक चौराहों पर पुलिस टावर बनाने की मांग की। जिसे उपायुक्त की ओर से अनुमोदित किया गया। महत्वपूर्ण स्थानों पर मोबाइल मेडिकल वैन तैनात करने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने डीजे के उपयोग पर नजर रखने का निर्देश दिया। डीजे के साउंड की तीव्रता को कम रखने का निर्देश दिया गया ताकि बुजुर्गो और बीमारों को इससे नुकसान न पहुंचे। इसके अलावा डीजे वालो को अपना नाम एवं जो भी डीजे ऑपरेट करेंगे उनके नाम को संबंधित अखाड़ों से रजिस्टर करवाना अनिवार्य होगा। जिसकी सूची स्थानीय थाना में जमा की जायेगी। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से अपने अपने मंडली के फ्लैक्स बनवाने एवं वोलेंटियर्स को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



बैठक में शामिल डीसी, एसपी, एसडीओ व अन्य।

### सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

पुलिस अधीक्षक ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष में शांतिपूर्ण माहौल के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। त्योहार की शांति को भंग करने वाले पोस्ट या फॉवेर्डेड पोस्ट करने वालो पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरे द्वारा जिले के मुख्य स्थानों पर नजर रखी जाएगी । बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ सदर रवि जैन, एसडीओ चैनपुर, प्रशासक नगर परिषद संजय पांडेय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी, जिला स्थापना पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# ट्रक में लदे 30 गोवंशीय पशु बरामद, पांच की मौत से रोष

- दस पशु तस्कर गिरफ्तार, रेकी करने में उपयोग किया गया स्कार्पियो भी जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** कुरूमगढ़ पुलिस ने सिविल मोड़ के समीप मंगलवार को ट्रक में लादकर तस्करी के लिए जा रहे 30 गोवंशीय पशुओं को जब्त किया। जिसमें पांच पशुओं की मौत ट्रक में ही हो गई थी और वही मौके से 10 तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। मामले की जानकारी देते हुए कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुरूमगढ़ के रास्ते एक ट्रक में अवैध गोवंशीय पशुओं को लादकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। जिसके बाद सूचना के आधार पर सिविल मोड़ के समीप ट्रक को रोका गया और तलाशी ली गई तो देखा गया कि ट्रक में कुल 30 अवैध गोवंशीय पशुओं लदा हुआ है। जिसमें पांच पशुओं की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद मौके से ही 6 तस्करों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। जिसके बाद पीछे से रेकी कर रहे स्कार्पियो में सवार चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया और ट्रक एवं स्कार्पियो को भी जब्त कर लिया गया। बताते चलें कि चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस के द्वारा पशु तस्करों के खिलाफ लगातार कारवाई करते हुए पशुओं को जब्त किया जा रहा है। जिसके बावजूद भी तस्कर बेखौफ होकर पशुओं की तस्करी कर रहे हैं। इधर थाना प्रभारी के बताया कि कुछ पशु घायल हैं। जिसके लिए पशु डाक्टरों को बुलाया गया है। वहीं पशु तस्करों के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं जब्त पशुओं को वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर किसानों को जिम्मेनामा लिखाकर सौंप दिया जायेगा।



पुलिस द्वारा जब्त पशु व ट्रक।

### शिशु विद्या मंदिर कैरो में छात्र संसद बाल भारती का शपथ ग्रहण

# भैया निशांत पांडे बाल भारती के बने प्रधानमंत्री, ली शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह में छात्र संसद के प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध कार्यकरिणी समिति के अध्यक्ष बजरंग उरांव, सचिव संजय गुप्ता,एवम संरक्षक डॉ भोला प्रसाद और बाल भारती की प्रधानमंत्री निशांत पांडे को पद, गोपनीयता और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। छात्र संसद विद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग क्रमशः बाल भारती के रूप में जानी जाती है। मौके पर अध्यक्ष ने कहा की उन्होंने विद्यार्थियों को भारत में मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने से लेकर चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दीं उन्होंने बाल भारती के सदस्यों को शपथ दिलाई। दोनों के मंत्रिमंडल सदस्यों में भैया सुमित सिंह , विनय कुमार, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, सत्यम कुमार, अंकित कुमार सिंह, बहन में पलक कुमारी, जुनिका कुमारी, पूजा कुमारी, ने भी शपथ ग्रहण किया। अतिथियों का परिचय और स्वागत भाषण विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने किया।



कार्यक्रम के दौरान शपथ लेतीं बच्चियां।

## परमवीर अलबर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में मनाया गया वन महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** वन विभाग गुमला के द्वारा मंगलवार को चैनपुर कॉलेज में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर डीएफओ अनवर बेलाल अहमद, वन विभाग के अधिकारी, कॉलेज के प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मौके पर डीएफओ अनवर बेलाल अहमद ने कहा कि पेड़ों की अत्यधिक कटाई की वजह से ही आज बाढ़, सुखाड़, भूस्खलन जैसे प्राकृतिक आपदा से जूझना पड़ रहा है। अतः सिर्फ सरकार के प्रयास से पेड़ों की कटाई को रोका नहीं जा सकता है। सबों की सहभागी जरूरी है। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता वन विभाग से पुराना है क्योंकि उनके पिताजी भी वन विभाग से हैं। अतः वो हमेशा प्रयास करती है की पेड़ों की रक्षा हो। बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज ने कहा कि पेड़ों की अत्यधिक कटाई की वजह से ही आजकल शांतिप्रिय पशु हाथी हमारे चैनपुर के आसपास के गांवों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## लोहरदगा : वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर वयो मित्र कार्यक्रम की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला आयुष विभाग द्वारा जिले में बुजर्ग ( वृद्ध) लोगो के स्वास्थ्य देखभाल के लिए वयो मित्र कार्यक्रम को शुरूवात की जा रही है। इसे लेकर मंगलवार को जिला आयुष कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सभी सीएचओ, सहिया, एएनएम, योग प्रशिक्षक सहित विभाग के कर्मी शामिल हुए। मौके पर जिला आयुष चिकित्सक पदाधिकारी डॉ रामाशंकर प्रसाद द्वारा बताया गया की जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बुजर्गो का ख्याल रखने और उनके स्वास्थ्य को नियमित देखभाल के लिए वयो मित्र कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को विभिन्न गांवों में निशुल्क शिविर लगाकर वृद्ध लोगो का इलाज किया जाएगा साथ ही निशुल्क दवा की भी बांटा जायेगा। इस कार्यक्रम के जरिए वृद्ध लोगों में उनके अकेलेपन को दूर करने के साथ उन्हें बीमारी से मुक्त बनाना है।

### लायंस क्लब ने किया ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव



**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा मंगलवार को गुमला शहर के कई कुआं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। साथ ही बरसात में होने वाले बीमारियों के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी। मौके पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा साफ सफाई बहुत ही जरूरी है। अभी वर्षा का मौसम है। पी आर ओ हेमंत कुमार ने कहा साफ सफाई का ख्याल रखे। शौचालय का उपयोग करे। मौके पर लायंस क्लब गुमला के सचिव अशोक जायशवाल, गुलाब चंद्र प्रसाद, विशाल कुमार सहित आदि थे।

### डीसी को ज्ञापन सौंप जर्जर सड़क बनवाने की मांग



फोटो 12 में डीसी से मिलने पहुंचे मुहल्लेवासी

**गुमला।** उपायुक्त के जनता दरबार में वार्ड नंबर 12 स्थित चेटर मुहल्ला के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर चेटर की जर्जर सड़क की स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया। साथ ही जल्द से जल्द रोड निर्माण की दिशा में कार्रवाई के लिए आग्रह किया। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही रोड निर्माण की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में रामपति पाठक, अरविंद मिश्रा, वेद नारायण सिंह, परमेश्वर महतो, अभय तिवारी, अंजनी सिंह, प्रदीप सिंह, संजय सिंह, निपेंद्र सिंह, ज्योति वर्मा शामिल थे।

## गायत्री शक्ति पीठ ने किया युग निर्माण पत्रिका पाठक सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** गायत्री शक्तिपीठ बड़ाईक मुहल्ला गुमला में मंगलवार को अखंड ज्योति एवं युग निर्माण पत्रिका योजना का पाठक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से मथुरा गायत्री तपोभूमि से श्री अशोक पांडे, राधेश्याम प्रजापति, उपजोन रांची से उपजोन समन्वयक राजकिशोर विश्वकर्मा, संतर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित पाठकों के बीच विगत 60 वर्षों से प्रकाशित पत्रिकाओं एवं उनके उद्देश्यों पर इन सभी ने प्रकाश डाला। लोगों में सत्कर्म, आध्यात्मिक रुचि, परिवार-समाज से जुड़ाव से लेकर, प्रकृति के प्रति लोगों को सजग करने एवं माता गायत्री के यज्ञ हवन के विशेष लाभों को जानने एवं उससे जुड़ने के लिए इन पत्रिकाओं को पाठकों को पढ़ना अति आवश्यक है।

### सांप के डंसने से महिला हुई बीमार

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के टोटांबी निवासी 35 वर्षीय बंधैन देवी सांप के काटने से जख्मी हो गई। जिसे परिजनों द्वारा गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल गुमला में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी देते हुए पति भजु उरांव ने बताया कि मंगलवार पूर्वाह्न 9:30 बजे लगभग बंधैन देवी रोपा के लिए बिछड़ा उखाड़ने गई थी। इसी दौरान पगडंडी में चलते समय उसके पैर में एक जहरीले सांप लिपट गया। जिससे बंधैन हटाते हुए गिरा दिया। इसी क्रम में सांप ने उसके पैर में डस लिया। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## डीसी ने अवैध बालू उठाव पर लगाम लगाने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सहायक खनन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जुलाई माह में अवैध तरीके बालू उठाव व परिवहन को लेकर की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। संबंधित थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन करनेवालों पर कार्रवाई करें, छापेमारी व कार्रवाई की संख्या बढ़ायें। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसपी मुख्यालय, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### पति ने मायके जाने को कहा, तो कर दी हत्या

**गुमला।** विशुनपुर थाना क्षेत्र के लापू बेरी टोली गांव में 41 वर्षीय सस्ती देवी ने अपने 45 वर्षीय पति बिंदेश्वर उरांव की लाठी डंडे से पीट कर सोमवार की रात हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद बिशुनपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कर लिया। इस संबंध में आरोपी महिला सस्ती देवी के द्वारा बताया गया कि सोमवार को वह नदी नहाने गई हुई थी। जिसके बाद घर लौटी तो उसके पति बिंदेश्वर उरांव उसे झगड़ा करने के साथ-साथ बार-बार मायके जाने के लिए बोल रहा था। इसी बात से वह गुस्से में आ गई और सामने रखे डंडे से उसके सर पर वार कर दिया। जिससे वह मौके पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण एवं परिजनों के द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। परंतु पुलिस को इस बात की भनक लग गई और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। इधर मृतक का बेटा दिनेश उरांव ने अपने मां के ऊपर हत्या का मामला दर्ज कराया है।

# बैंकिंग व्यवस्था को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाया जा रहा : आरएम

- वरिष्ठ ग्राहकों को रिजनल मैनेजर ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर विनोद सिंह ने मंगलवार को बैंक में सुविधाओं व व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान बैंक के मुख्य प्रबंधक कुंदन कुमार, सहायक प्रबंधक उमेश उरांव, रजनीश मिंकू समेत कर्मियों की मौजूदगी में बैंक के वरिष्ठ ग्राहकों को सम्मानित किया गया और बैंक की उन्नति व बेहतर ग्राहक सेवा की प्रतिज्ञा ली गई। इस कड़ी में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सह वरिष्ठ ग्राहक रमेश कुमार चीनी को शॉल ओढ़ाकर व बुके प्रदान कर सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही इसी तरह सहयोग की अपेक्षा की गई। आरएम ने कहा कि एसबीआई परिवार सभी ग्राहकों का सम्मान करता है। बैंकिंग व्यवस्था को समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते परिवेश में क्षमताओं के बढ़ते हुए व्यवसाय में सर्वोत्तम बनने का प्रयास किया जा रहा है।



बैंक ग्राहक को सम्मानित करते रिजनल मैनेजर।

■ बैंकिंग व्यवस्था के तहत ग्राहकों के लिए डिजिटल व्यवस्था की गयी है और इसके तहत दोनों प्लेटफार्म पर अपनी प्राथमिकता दें, ताकि डिजिटल व्यवस्था के तहत अपरिचित व्यक्ति व बैंक के द्वारा अधिकारी बता कर अगर कोई जानकारी मांगते हैं, तो वो उपलब्ध नहीं कराए। साथ ही बैंक कभी भी टेलीफोन पर किसी भी ग्राहक का व्यक्तिगत जानकारी कभी नहीं मांगती है। उन्होंने बैंक के विभिन्न उत्पादों की जानकारी ग्राहकों को दी। रमेश कुमार चीनी ने सम्मान देने के लिए आभार जताया। साथ ही उम्मीद जताई कि बैंक ग्राहक सेवा के क्षेत्र में बेहतर काम करें। यदि कोई कमियां हो, तो उसे यथाशीघ्र दूर करें। चूंकि एसबीआई के प्रति लोगों का भरोसा है। इस भरोसे पर खरा उतरना बैंक प्रबंधक का दायित्व है।

# अब मारवाड़ी युवा मंच गांवों में भी करेगा सेवा कार्य : जयप्रकाश शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों के द्वारा झारखंड प्रांत के सभी शाखाओं की सांगठनिक दौरे की शुरूआत की गई। झारखंड प्रांत के प्रांतीय संयोजक जयप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में वर्तमान में 77 शाखाओं के द्वारा जन मानस के उत्कृष्ट सेवा कार्य किये जा रहे हैं। प्रांतीय पदाधिकारियों का एक मंडल सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चंदवा, लातेहार, चतरा, डालटेनगंज की मंच शाखाओं का भ्रमण किया जहां सभी पदाधिकारियों का पूरे गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

विभिन्न जिलों के कार्यकारिणी बैठक में मंच शाखा के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और सेवा कार्य का विस्तार कैसे हो इसपर मंथन किया। मंच की सभी शाखाओं के द्वारा एंबुलेंस, शव वाहिनी, स्थाई प्याऊ संचालन, ऑक्सीजन सिलेंडर वितरण, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रकृति संरक्षण, रक्तदान, सहित अन्य सेवा कार्य लगातार किये जा रहे हैं।

सेवा को विस्तार देते हुए झारखंड प्रांत की नई कार्यकारिणी ने एक नये प्रकल्प पर कार्य करने का आग्रह सभी शाखाओं से किया है जिसमें बताया गया कि मंच के माध्यम से किसी अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र पर अपनी सेवाएं दी जाये। संभव हो तो एक गांव या विद्यालय को गोद ले कर उनकी सभी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जाए जिससे उनकी सहायता हो सके।

**कार्यक्रम की खास बातें :** लोहरदगा की बैठक में युवा भवन निर्माण की बात रखी गई और मृत शरीर को रखने हेतु एक डीप फ्रीजर प्रांत के द्वारा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने शाखा विस्तार पर विशेष जोर दिया और भावी कार्यक्रमों की शुभकामनाएं दी। सहायक मंत्री सुमित अग्रवाल ने डाल्टनगंज में होने वाले दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा एवं विशाल महलका ने कार्यक्रम कैसे हो ,उसकी रूप रेखा कैसे तैयार की जाय। इसपर अपने विचार दिए और अपना अनुभव साझा किया। इधर विक्रम शर्मा, सुमित अग्रवाल, जय प्रकाश शर्मा, विशाल महलका, विकास सिंघानिया, राकेश सुलेखा, विमल उदयपुरिया के द्वारा दौरा किया गया।

स्पीड न्यूज

### बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण 30 को

**केतार।** जागृति युवा सेना परिषद के सदस्यों ने बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण को लेकर केतार बाजार में प्रतिमा का सुंदरीकरण और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। मौके पर कार्यक्रम के संरक्षक अजय वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर लक्ष्मण यादव, अर्जक संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, झारखंड से आदिवासी के नेता सह पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा सहित कई राष्ट्रीय नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत घरौंजा पंचायत ग्राम घुरमूडा निवासी परमेश्वर यादव पिता बिशुन यादव को न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय कोडरमा द्वारा निर्गत सी-1826/19, सी-1077/18 के वारंटी अभियुक्त को न्यायालय के आदेश अनुसार पुलिस प्रशासन के द्वारा खोजबीन कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### बोल्डर लदा हाइवा जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र स्थित थाना भवन के समीप मंगलवार को थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने वाहन चेकिंग के दौरान बिना चालान के बोल्डर लदा एक हाइवा को जब्त किया। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा संख्या जेएच10बीसी/0988 बरियारडीह की ओर से आ रहा था। इसी दौरान वाहन को रुकवाकर बोल्डर से संबंधित कागजात की मांग की गई। चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर हाईवा को जब्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

### विवाद में बेटे ने घर में लगायी आग, मामला दर्ज

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत असना इंदरवा स्थित मां वैष्णो देवी नगर निवासी राधा देवी ने अपने पुत्र पर घर में आग लगाकर भाग जाने का आरोप लगाया है। राधा देवी के अनुसार उनका पुत्र संजय कुमार यादव उर्फ सोनू पिता प्रवीण यादव चार दिन पूर्व एससी एसटी केस में जेल से जमानत पर बाहर आया है। 2 दिन पूर्व उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया, वहीं 24 जुलाई को उसने पत्नी के सारे कपड़े घर से बाहर निकाल कर कपड़ा में आग लगा दिया, इसके बाद सोमवार शाम को अपने कमरे में भी आग लगाकर कमरा बंद कर अपने एक पुत्र को लेकर घर से फरार हो गया। वहीं राधा देवी ने कहा कि उनका पुत्र हमेशा शराब के नशे में घर आकर मारपीट करता था एवं पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता था।

### देसी शराब की भट्ठी ध्वस्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरजामू में एक खेत के समीप दो देशी महुआ शराब की भट्ठी सहित महुआ शराब बनाने के उपकरण तथा लगभग 5 क्विंटल जावा महुआ को डोमचांच थाना पुलिस ने नष्ट किया। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने कहा कि इस संबंध में महुआ शराब बनाने वाले की पहचान करने और मामले को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन कल

**कोडरमा।** जिला नियोजनालय की ओर से 27 जुलाई को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी ने बताया कि इस मेले में नियोजकों और नौकरी चाहने वाले युवाओं एवं युवतियों को एक निःशुल्क सुदृढ़ मंच प्रदान किया जाएगा। रोजगार मेला का आयोजन श्रम अधीक्षक कार्यालय परिसर झुमरीतिलैया में किया जाएगा। मेले में नियोजक के रूप में ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्रेड हार्ट स्कूल, रामकृपाल स्टील प्राईवेट लिमिटेड, झारखंड टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, रामगोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, झारखंड विधि महाविद्यालय झुमरीतिलैया सहित 25-30 निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल होगी।

# संदिग्ध अवस्था में मिला शव, हत्या की आशंका



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबार पंचायत ढोंगोपहरी निवासी 40 वर्षीया सलमा खातून (पति स्व. मुस्ताक अंसारी) का शव मंगलवार के अहले सुबह 5 बजे गांव के महरा अहरी तलाब के समीप बरामद किया गया। मृतिका सलमा खातून के देवर मो फिरोज अंसारी के द्वारा जानकारी दी गई कि मोहर्रम को लेकर सोमवार की रात्रि इमामबाड़े पर मिट्टी रखने का रस्म की तैयारी की जा रही थी। इस दौरान रात करीब 12:30 बजे तक सलमा खातून को घर के ही आस-पास देखा गया।

इमामबाड़ा मिट्टी रखने का रस्म पूरा होने के बाद सभी लोग अपने अपने घर चले गए और मेरी भाभी सलमा खातून भी अपने घर चली आई। जब सुबह उठे तो सूचना मिली की मेरी भाभी का शव तालाब के पास पड़ा है। यह सूचना मिलते ही आस-पड़ोस के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और कोडरमा थाना को इसकी सूचना दी गई। सुचना पाकर थाना प्रभारी द्वारिका राम दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उक्त हत्या की गुत्थी सुलझाने में कोडरमा थाना प्रभारी लगे हैं, जिसे लेकर मृतिका की तीन नाबालिग बेटियों व अन्य रिश्तेदारों से कोडरमा पुलिस थाने में लाकर गहनता से पूछताछ कर जानकारी एकत्रित कर रही है। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी द्वारिका राम ने जानकारी देते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में किया जा रहा है। तत्पश्चात अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही कहा कि दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, बहुत जल्द उक्त कांड में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# छापेमारी में 51 टन माइका जब्त, गोदाम हुआ सील



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला टास्क फोर्स की ओर से सोमवार को राजगढ़िया रोड क्षेत्र में छापेमारी में गोदाम से 51 टन माइका जब्त किया गया। छापेमारी का नेतृत्व एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने किया। मामले में जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय ने बताया कि गोदाम में अवैध तरीके से जंगल से माइका का खनन कर भंडारण किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद गोदाम पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गोदाम का संचालन किसके द्वारा किया जा रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है, फिलहाल गोदाम को सील कर दिया गया है। इस मामले में विभाग की ओर से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब हो कि हाल के दिनों में डोमचांच सहित झुमरीतिलैया में तीन माइका गोदामों में जिला टास्क फोर्स की ओर से छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में माईका, ढिबरा व माइका फ्लैक्स को जब्त किया गया है। मामले में खनन विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## जिला स्तरीय प्री. सुब्रतो कप फुटबॉल के फाइनल में डोमचांच विजयी

**कोडरमा।** जिला मुख्यायल स्थित बाघीटांड स्टेडियम में जिले के सभी प्रखंडों के बीच खेला जा रहा जिला स्तरीय प्री. सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 फाइनल मैच मंगलवार को अंडर 17 बालिका वर्ग डोमचांच बनाम जयनगर के बीच खेला गया। जिसमें डोमचांच की टीम ने 4-0 से जयनगर को हराकर मैच को जीत लिया है। बालिका अंडर 17 वर्ग मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब शिवानी कुमारी को दिया गया। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग में जयनगर बनाम चंदवारा के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें चंदवारा ने जयनगर के खिलाफ 2 गोल दाग कर 2-0 से जीत हासिल किया। जिसमें मैन ऑफ द मैच का खिताब धीरज कुमार को दिया गया एवं अंडर 14 बालक वर्ग में जयनगर बनाम कोडरमा के बीच खेला गया, जिसमें कोडरमा टीम ने जयनगर के खिलाफ 2-0 गोल दाग कर विजई हुई। जिसमे मैं ऑफ द मैच अभिजीत कुमार यादव को दिया गया एवं वहीं मैन ऑफ द सीरीज अंशु कुमारी को दिया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी सह कला संस्कृति पर्यटन विभाग कैलाश राम मौजूद थे। वहीं विभाग के सदस्य धीरेंद्र सिंह, पंकज कुमार, तरुण लाल, शिवम राज, टिंकू कुमार विश्वकर्मा, विशाल सिंह मौजूद थे। बताते चलें कि विजेता टीम प्रमंडल खेलने 27 जुलाई को कर्जन ग्राउंड हजारीबाग जाएगी।

# डोमचांच थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना परिसर में मंगलवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख एवं संचालन प्रदीप सिंह ने किया। बैठक में मुहर्रम को शांति पूर्ण तरीके ले मनाने की अपील की गई। वहीं राजद प्रखंड अध्यक्ष मो असलम ने बगड़ो चौक स्थित रेईनटांड़ में अतिक्रमण का मामला उठाया। इस दौरान सीओ मांदेव प्रिया ने कहा प्रशासन हमेशा आपके साथ खड़ी है, सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचें। वहीं बीस सुत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता ने सरकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए मुहर्रम शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने कहा कि कोई खतरनाक खेल न खेलें, शराब पर पूरी पाबंदी रहेगी, डीजे नहीं बजेगा।

मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश कुमार, शांति प्रिया, मेहता, महेन्द्र प्रसाद वर्मा, अशोक यादव, मंसूर अली, रामलाल यादव, बलराम भारती, भरत नारायण मेहता, मो. जहीर, मो. इसराईल, सुरेश कुमार, मो. असलम, परवेज खान, रामदेव पासवान, मनोज रजक, सुजीत मेहता, सलीम अंसारी, केपी चौधरी, रियाज अंसारी, मो. आजाद, हाजी मुस्लिम अंसारी, मो. जहीर, मो. रज्जाक, मो. सद्दाम, नीलकंठ मेहता, कोकिल यादव, कैलाश यादव आदि मौजूद थे।

## पौधों को पल्लवित करने का संकल्प प्रशंसनीय : सोनिया

डीपीएस स्कूल प्रांगण में छात्राओं ने पौधरोपण कर लिया संकल्प



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** इटखोरी के दिल्ली पब्लिक स्कूल में पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया गया। जिसके तत्वाधान में स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया और लोगों को बढ़ते प्रदूषण एवं घटते पेड़ के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक -एक पौधे लगाकर उसको पुष्पित व पल्लवित करने का संकल्प लिया। और समाज के लोगों को भी वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया । वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय के प्रबंधक बालदेव यादव ने किया । प्रदूषित पर्यावरण के खतरों से आगाह करते हुए वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि प्रत्येक छात्र छात्राओं को कम से कम एक वृक्ष लगाने का संकल्प करना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण द्वारा ही प्रदूषित पर्यावरण से समाज को बचाया जा सकता है। आज लोग अपने भौतिक सुख एवं अल्प लाभ के लिए वृक्षों की अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं जिसके भयावह परिणाम हम सबको देखने को मिल रहे हैं । विद्यालय के विद्यालय के निदेशक सोनिया कुमारी ने बच्चों के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों ने लगाए हुए पौधों को पल्लवित करने का संकल्प लिया है। वास्तव में यह अत्यंत प्रशंसनीय एवं सराहनीय है । उन्होंने वृक्षों की रक्षा एवं उनके रख - रखाव पर जोर देते हुए कहा कि आज वृक्ष तो कई लोग लगाते हैं।

## झामुमो प्रखंड कमिटी की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते लोग।

**भवनाथपुर।** झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक मंगलवार को स्थानीय पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने की। उक्त बैठक में प्रखंड क्षेत्र में जोर शोर से झामुमो की सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया गया। प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के बूथ का चुनाव प्रवेक्षक की नियुक्ति कर बूथ स्तर को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर पार्टी कार्यालय के प्रांगण में झंडोतोलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया, साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा गरीब गुरबो और जरुरतमंद लोगो के लिए राज्य में चलाई जा रही जनोपयोगी योजनाओं बारे में गाँव गाँव घूमकर लोगो को इसकी जानकारी देते हुए उन्हें इसका लाभ दिलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, प्रखंड सचिव बिनोद सिंह, उप प्रमुख पिंटू टोपो, शशि दूबे, संजय ठाकुर, विजय राउत, सुरेंद्र सिन्हा, शैलेंद्र यादव, उपेंद्र चौबे, कबूतरी देवी, शमसेर अंसारी, वकील अंसारी, दिनेश राम, सुनील तुरिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दीपक कुमार को मिला जिला परिषद के जिला अभियंता का अतिरिक्त प्रभार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** पंचायती राज विभाग झारखंड ने अधिसूचना जारी कर चतरा जिला परिषद के नए प्रभारी जिला अभियंता की नियुक्ति कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक ग्रामीण कार्य विभाग,गुण नियंत्रण प्रमंडल डालटगंज में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार को चतरा जिला परिषद के प्रभारी जिला अभियंता के पद पर प्रतिनियुक्ति की है। श्री कुमार ने मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय में जिला अभियंता का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर संवेदक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष शशिकांत सहाय उर्फ बड़े सहाय के नेतृत्व में जिले के संवेदकों ने जिला अभियंता दीपक कुमार का बुके देकर स्वागत किया। वहीं जिला परिषद के सहायक अभियंता आनंद पांडे के नेतृव में कार्यालय कर्मियों ने स्वागत किया।

# दो माह बीत जाने के बाद भी हत्यारोपी की गिरफ्तारी नहीं, मृतका के परिजन परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



इंद्रदेव यादव।

**मझिआंव।** दहेज को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा नवविवाहिता की हत्या के दो माह बीत जाने के बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसके कारण पीड़ित परिवार प्रशासनिक पदाधिकारियों के दहलीज पर बार बार चक्कर लगा रहा है। मामला बरडीहा थाना क्षेत्र के ललगड़ा गांव की है। इस संबंध में कांडी थाना क्षेत्र के चटनियां गांव निवासी मृतका रीना देवी के पिता इंद्रदेव यादव ने बताया कि ललगड़ा गांव के मोहर यादव के पुत्र अखिलेश यादव के साथ मैं अपनी पुत्री रीना देवी का विवाह हिंदू रिती रिवाज के साथ अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज देकर विवाह किया था। लेकिन कुछ दिनों के बाद ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा एक लाख रुपए नगद एवं मोटरसाइकिल की मांग करने लगे और नहीं देने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने मेरी पुत्री की हत्या कर दी। जिसको लेकर मेरे द्वारा मुख्य अभियुक्त दामाद अखिलेश यादव, समधी मोहर यादव एवं समधीन मनमतिया देवी के ऊपर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया था। दिए गए आवेदन के आलोक में बरडीहा थाना में केस कांड संख्या 32/23 दिनांक 05/06/2023 मामला दर्ज करने के बावजूद भी अभी तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इतना ही नहीं अभियुक्तों के द्वारा केस सुलह करने को लेकर बार-बार दबाव बनाया जा रहा है।

# नामधारी महाविद्यालय में प्राचार्य एवं वोकेशनल कोऑर्डिनेटर की मिलीभगत से व्याप्त है भ्रष्टाचार : विकास चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कांफ्रेंस करते जिला संयोजक व अन्य।

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा के जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा है कि श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के वोकेशनल डिपार्टमेंट समन्वयक प्रो. कुंदन सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. धर्मचंद्र लाल अग्रवाल द्वारा विभाग में आर्थिक भ्रष्टाचार का कार्य किया जा रहा है। वोकेशनल डिपार्टमेंट अंतर्गत बिजली की लचार व्यवस्था एवं इनवर्टर बैटरी कई महीनों से खराब रहने के कारण विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल पढ़ाई बाधित है। ज्ञात हो कि वोकेशनल में जितना थ्योरी पढ़ाई का महत्व है उससे ज्यादा प्रैक्टिकल का महत्व है। विभाग अंतर्गत बीबीए डिपार्टमेंट से समन्वयक एवं प्राचार्य के मिलीभगत से लगभग 23 हजार रुपए की निकासी अवैध तरीके से की गई है। विगत दिनों में की गई अवैध निकासी में जनरल सेक्शन से किए जाने वाले कार्यों का भुगतान शामिल है। महाविद्यालय के पानी टंकी रिपेयरिंग के लिए लगभग 8260 रुपए खर्च की गई है, जितने में एक नई पानी टंकी खरीदी जा सकती थी। वही विगत दो वर्ष पूर्व डिपार्टमेंट के लिए छपाई गई फॉर्म का भुगतान भी 10 दिन पूर्व की गई है। वोकेशनल डिपार्टमेंट एवं छात्र हित को दरकिनार करते हुए प्राचार्य कक्ष के लिए लगभग 11,300 रुपए की यूपीएस बैटरी खरीदी जाती है। ज्ञात हो कि वोकेशनल डिपार्टमेन्ट व्यावसायिक कोर्स के अंतर्गत आता है जिसमें डिपार्टमेंट के ही राशि से डिपार्टमेंट अंतर्गत शिक्षक एवं कर्मचारियों की मासिक भुगतान सहित अन्य खर्च शामिल हैं। नगर मंत्री अखिल कुमार ने कहा कि वोकेशनल डिपार्टमेंट के समन्वयक कुंदन सिंह अवैध तरीके से डिपार्टमेंट के समन्वयक बनाए गए हैं। वे भूगोल विभाग के शिक्षक हैं। फिर भी साइंस फैकल्टी के शिक्षकों को दरकिनार करते हुए प्रभारी प्राचार्य के जिद पर भूगोल के शिक्षक को समन्वयक बनाना और विगत दिनों हुए अवैध निकासी से यही प्रतीत होता है कि उनकी नियुक्ति डिपार्टमेंट से अवैध निकासी एवं पैसों का दुरुपयोग करने के लिए की गई है। मौके पर शुभेन्द्र दुबे भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### डीसी ने पीएमइजीपी व पीएमएफएमइ आवेदनों को अस्वीकृत किये जाने पर जतायी नाराजगी



**चतरा।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त अबू इमरान की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला उद्योग केंद्र चतरा और हजारीबाग के महाप्रबंधक शंभूशरण बैठा द्वारा पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी। बताया गया कि ऑनलाइन संबंधित कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएमएफएमई योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से कुल 230 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 28 आवेदनों का सत्यापन चल रहा है। अब तक कुल 08 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिसमें से कुल 12 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं। बैठक में उपायुक्त अबू इमरान ने पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के तहत बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी सत्यापित आवेदनों को यथाशीघ्र स्वीकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैंक को कम से कम 5 आवेदन तैयार करने होंगे। कम से कम 4 आवेदन स्वीकार किये जाने चाहिए। उन्होंने अनुपस्थित बैंकों को नियमानुसार कार्रवाई करने को भी कहा। इस बैठक में जेएसएलपीएस के डीपीएम अनिल डुंगडुंग अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक प्रबंधक, ईओडीबी. प्रबंधक शुभाशीष कुमार, पीएमएफएमई के राज्य अग्रणी परियोजना प्रबंधक, डीआरपी हेमंत केशरी समेत सभी बैंकों के जिला समन्वयक व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक संपन्न



**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड प्रमुख रोहन साव के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मनरेगा,सहकारिता, वन, बाल विकास परियोजना, पीएमजेएसवाई, जेएसएलपीएस, पंचायती राज, स्वास्थ्य, आपूर्ति आदि विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। सभी विभागों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। जिसमे पीरी वन क्षेत्र के इचाक पंचायत के वन क्षेत्र में लगे दस हजार पौधो को जांच करने हेतु प्रखंड प्रमुख के अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में प्रखंड प्रमुख रोहन साव, उपप्रमुख दामोदर गोप के अलावा पिरी, हुरनली, इचाक और चौपे पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शामिल हैं। साथ हीं जीरवाखुर्द, पंचायत के सलगी गांव में सड़क की एनओसी की मांग पर चर्चा किया गया। तथा सेरनदाग और जीरवाखुर्द में मनरेगा योजना से खेल मैदान नही बनने और पैसे की निकासी हो जाने का मामला भी प्रकाश में आया जिस पर योजना की जांच हेतु कमेटी बनाया गया। कमेटी में जिप सदस्य देवनन्दन साहू, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह,और बीपीओ राजेश पासवान शामिल है। वहीं स्वास्थ्य विभाग में बरते जा रहे अनियमितता पर जोरों से चर्चा की गई और समंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई गई तथा सुधार लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ नीतू सिंह,पूर्वी जिप सदस्य रोहणी देवी पंचायत समिति सदस्य मिथुन रजक,परमेश्वर यादव,सुशीला हेरेंज, अपर्णा देवी,अखिलेश उपाध्याय, सिशल्या मिंझ, पूरण भुइंया,ज्योति कुमारी रीना देवी चंचला देवी, एजीएम कुवारजीत कुमार सिंह,प्रखंड प्रधान सहायक अजय पासवान,निहाल वर्षी, मुकेश कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### 'ग्रीन सिटी क्लीन सिटी' अभियान के तहत पौधरोपण



पौधा लगाते लोग।

**गढ़वा।** सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीन सिटी क्लीन सिटी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सितंबर तक चलेगा। इसी अभियान के तहत मंगलवार को शहर के सोनपुरवा स्थित कामेश ओझा के खेत में पौधरोपण किया गया। इस दौरान आम, जामुन, अमरूद, सागवान, शीशम, कटहल, परिजात, नींबू, पीपल, पाकड़ आदि का पौधा लगाया गया। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। पौधरोपण को एक जन-अभियान बनाना होगा। पौधों से हमें जीवनदायिनी आक्सीजन मिलती है। आक्सीजन के महत्व को हम कोरोना की दूसरी लहर में भलीभांति समझ चुके हैं। धरती पर जिस तादाद में वनों की संख्या घटी है, इसके लिए कोई और नहीं, बल्कि हम स्वयं जिम्मेदार हैं। अब पर्यावरण को बचाने के लिए भी हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। मौके पर मुख्य रूप से श्यामानंद पांडेय, राजेंद्र ओझा, रामाश्रय मिश्रा, मिथलेश ओझा, दौलत सिंह, मनीष प्रसाद, सुरेश सिंह, नीतेश कुमार गुड्डू, संजय सिंह अग्रहरि, गौरव जायसवाल, निशांत पटेल, सूरज सिंह, प्रभाकर सिंह, डॉ संकेश सिंह, छोटन गौंड, विनोद चौधरी, मंटू केशरी आदि उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल की टक्कर में दो घायल



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के अखौरी तहले के समीप एवं 16 बीगहवा मैदान के सिवान पर दो मोटरसाइकिल के आमने सामने के हुई भीषण टक्कर में दो लोग घायल हो गये। दोनों घायल युवकों की पहचान घुरुआ खुर्द गांव निवासी एहरान खान के 21 वर्षीय पुत्र दादल खान एवं सफीर खान के 22 वर्षीय पुत्र अल्ताफ रजा के रूप में हुई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों एवं ग्रामीणों के सहयोग से स्थानीय रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल दादुल खान का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वही आंशिक रूप से घायल अल्ताफ रजा का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। घटना के संबंध में घायल अल्ताफ रजा ने बताया कि हम दोनों सीपड़ का सामान लेने मोटरसाइकिल से मझिआंव आ रहे थे। इसी बीच अखौरी तहले गांव निवासी रामदयाल मिस्त्री के पुत्र छोटू मिस्त्री वायरिंग करने वाला पाइप का एक बंडल अपने मोटरसाइकिल पर लोड कर विपरीत दिशा मझिआंव से अपने घर अखौरी तहले जा रहा था। इसी बीच दोनों मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दादूल खान का बाया पैर की जांघ की हड्डी टूट गई एवं चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया।

स्पीड न्यूज

## लोहा चोरी करते 3 चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, 7 क्विंटल लोहा जब्त


गिरफ्तार चोर।

चंदवा। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुआई में चंदवा पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर टावर का लोहा चोरी करने 3 चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने चोरों के पास से टावर काटकर जमा किये गए लगभग 7 क्वींटल लोहा को भी बरामद कर लिया। पकड़े गए चोरों की पहचान मनान अंसारी पिता सलामत अंसारी, महफिजूल अंसारी पिता स्व. हजरर अंसारी व खैरुल अंसारी पिता मतल्ली अंसारी (तीनो बोदा चंदवा) के रूप में हुई। मामले में अग्रतर कार्रवाई करते हुए चंदवा थाना कांड संख्या 157/23 में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को मंडल कारा भेज दिया गया।

# श्री श्री 108 ठाकुर जी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

➲ ग्रामीणों ने एसी के नाम सीओ को आवेदन सौंप लगायी न्याय की गुहार, कहा- फर्जी दस्तावेज के सहारे मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का हो रहा है प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। प्रखंड के सेरक पंचायत के ग्रामीणों ने सेरक स्थित श्री श्री 108 ठाकुर जी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे व अवैध तरीके से अपना बताते हुए हड़पने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। मामले को लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय चंदवा पहुंचे व अंचलाधिकारी को अपर समाहर्ता के नाम आवेदन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड के सेरक गांव में प्राचीनकाल से श्री श्री 108 ठाकुर जी का मंदिर स्थापित है। जिसका सीएस और आरएस खतियान है, मांगपत्र व रसीद वर्तमान समय तक कटते आ रहा है। न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी के वाद संख्या 353/21 के प्रथम पक्ष के लोग रामकुमार साहू, मुंशी प्रसाद साहू, सुरेंद्र प्रसाद साहू तीनो पिता स्व गुप्तेश्वर साहू तथा अनुज प्रसाद साहू पिता स्व. रामकिशुन साहू (सभी ग्राम सेरक) के द्वारा जबरदस्ती मंदिर की जमीन में भूमि विवाद पैदा कर दबंगता पूर्वक जाली कागजात के द्वारा सक्षम न्यायालय को गुमराह कर मंदिर की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। उक्त मामले में द्वितीय पक्ष के आदित्य यादव वैगरह श्री श्री 108 ठाकुर जी प्रति धार्मिक आस्था रखते हैं एवं मंदिर समिति के सदस्य हैं। प्रथम पक्ष के द्वारा झूठ व गुपचुप तरीके से मंदिर की भूमि पर वाद संख्या 353/21 किया है। साजिश के तहत वाद से संबंधित किसी प्रकार का नोटिस द्वितीय पक्ष को उपलब्ध नहीं कराया गया है। उक्त वाद में प्रथम पक्ष के लोगों के द्वारा न्यायालय को गलत एवं जाली ऑफलाइन/ऑनलाइन रसीद तथा मांग पत्र उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीणों ने उक्त बाद में 18/04/2022 को पारित एक पक्षीय आदेश को निरस्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में ग्राम प्रधान जगलाल उरांव, ललशु राम, सत्यवान यादव, जनार्दन साव, प्रदीप साव, ब्रजेश ठाकुर, मिथलेश साव, रिंकू राम, अर्जुन सिंह, अजय ठाकुर समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।

### क्या कहते हैं अंचलाधिकारी



मामले को लेकर पूछे जाने पर अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि मामले को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है, जांचोंपरांत उचित एवं न्याय सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## मनिका प्रखंड में माध्यमिक शिक्षक संघ का किया गया गठन



➲ अध्यक्ष बने संदीप पासवान, कहा- मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है, उसका बखूबी निर्वहन करूंगा

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कार्तिक उरांव लाइब्रेरी भवन में दिन मंगलवार को बैठक आयोजित कर 2019 बैच के माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से संदीप पासवान, सुरेश राम, रंजीत कुमार, गोविंद पासवान, दीपक कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया और सभी चयनित पदाधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संदीप पासवान ने कहा कि कमेटी के द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मैं बखूबी से निर्वहन करूंगा। मौके पर कमेटी को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा करते हुए सभी चयनित पदाधिकारियों ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के हर शिक्षकों के समस्याओं को दूर करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर शिक्षक रवि भूषण राजे, कासिम अख्तर, मोहम्मद दस्तगीर, वीरेंद्र टोप्पो, संजय कुमार, उपेंद्र प्रजापति, सुनील मींज, लारेंस बेंगरा, रविंद्र कुमार सिंह,मनोज कुमार दास, रमेश पाठक, सुनील एक्का, तपनारायण राम, हरीलाल एक्का, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## विधवा साथ दुष्कर्म व धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



चंदवा। थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत एक गांव से एक विधवा महिला के साथ दुष्कर्म व शिकायत करने पर जान से मारने का धमकी दिए जाने के मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता ने आवेदन देकर नगर ग्राम निवासी कृष्णा यादव पिता स्व. भुनेश्वर यादव के खिलाफ दुष्कर्म करने व धमकी देने का आरोप लगाई है। आवेदन दिए जाने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए चंदवा पुलिस ने चंदवा थाना में कांड संख्या 156/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी कृष्णा यादव को गिरफ्तार क र मंडल कारा लातेहार भेज दिया।

# लातेहार में कारगिल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

विजय दिवस
➲ प्रतियोगिताओं से निखरती है प्रतिभा : दशरथ साहू
➲ रोजगार परक है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : गौरव पुष्कर
➲ रंगोली से विद्यार्थियों ने किया कारगिल के शहीदों को याद



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार में रंगोली पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ती है साथ ही विद्यार्थियों की प्रतिभा में भी निखार आता है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डाल्टनगंज गौरव कुमार पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का विकास हो और उनमें देशभक्ति की भावना जागे, इसलिए किया जाता है। नई शिक्षा नीति 2020 के 3 साल पूरे होने के मौके पर श्री पुष्कर ने कहा कि नई शिक्षा नीति रोजगार परक है इसे इस तरह से बनाया गया है की छात्र-छात्राओं कॉलेज से निकलने के बाद रोजगार के अवसर प्राप्त हों। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार एवं कॉलेज की शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।

### विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण आज

कारगिल विजय दिवस के मौके पर गांधी इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 26 जुलाई को किया जाएगा. इस दौरान रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा उन्हें गणमान्य अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा।

एक नजर में

## टीबी को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



चंदवा। टीवी रोग को लेकर मंगलवार को मालहन गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम पिरामल स्वास्थ्य नामक एनजीओ की पहल पर किया गया। एनजीओ के डीपीओ योगेंद्र मोहन के नेतृत्व में मालहन पंचायत के मालहन व लोहरसी गांव में घर-घर घूम कर लोगों को टीवी रोग व इसके बचाव की जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि यह बीमारी का इलाज संभव है। अगर आपको लगातार खांसी हो रही है तो इसकी सरकारी अस्पताल में जांच करवाएं। बलगम आदि की जांच करवाने के बाद टीवी रोग की पहचान हो जाती है। इससे ग्रसित मरीज पोषण युक्त भोजन व दवाइयां लेकर पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की पहल पर टीवी रोगियों के लिए निच्छय मित्र भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी टीवी रोगियों को दी जा रही है। मौके पर उमेश कुमार सिंह, आजाद कुमार के अलावे मथुरा से आरती देवी, जितेंद्र सिंह,अनिल मुंडा, रमेश उरांव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न


बैठक में मौजूद अधिकारी।

लातेहार। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के द्वारा विमर्श के उपरांत डीवीसी नार्थ कर्णपुरा (पिपरवार) सब स्टेशन से पूर्व मध्य रेल धनबाद के टीसीएस बालूमाथ तक 132 के0वी0 ट्रांसमिशन लाईन हेतु, मगध रेलवे साईडिंग हेतु, आईआरबी-04 के स्थापना हेतु मौजा लटदाग में भूमि अपयोजन हेतु, ग्राम रामसेली सुग्गाबांध में कम्युनिटी सेंटर निर्माण हेतु, ग्राम गसिगड़ा में कम्युनिटी सेंटर हेतु वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति पर निर्गत करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इसके अलावा मनिका प्रखंड अंतर्गत ग्राम-अगरडीहा मंधनिया में सरना स्थल हेतु समेत चंदवा प्रखंड अंतर्गत लुकईया गंझुटोला एवं ग्राम काली डुमारो में सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

## मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य सहियाओं की बैठक संपन्न


बैठक में मौजूद लोग।

बारियातू। प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत बैठक की गयी। बैठक मे बीटीटी दिलीप दांगी ने उपस्थित सहियाओं को छूटे हुए बच्चे व गर्वती महिलाओ को नियमित टीकाकरण करवाने का दिशा-निर्देश दिया। वहीं सभी सहियाओं को अपने-अपने पोषक क्षेत्र मे एचबी एनसी, एचबीवाईसी व जन्म, मृत्यु प्रणाम पत्र बनवाने सहित अन्य बिंदुओ पर चर्चा करते हुए कई प्रकार के अहम जानकारी दी गयी। मौके पर सहिया साथी सोनामनी देवी, सुष्मा देवी, गुंजा देवी, सितामनी देवी, गौरी देवी, रेखा देवी, सहिया हलीमा खातून, पूनम देवी, कुंती देवी, सुनीता देवी, देवंती देवी, ललिता देवी, धनिया देवी, कलामनी देवी सहित बालूमाथ बारियातू के सहिया मौजूद थे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

बारियातू। जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निदेर्शानुसार झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेश कुमार राम एवं आयुष चिकित्सक डॉ सुरेन्द्र कुमार के देखरेख में विद्यालय में अध्ययनरत सभी -छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच के अंतर्गत विशेष रूप से किशोरी स्वास्थ्य, सर्दी, खांसी, एनीमिया, कुष्ठ, मलेरिया सहित कई अन्य बीमारियों का भी जांच किया गया , वहीं नि :शुल्क आवश्यक दवाएं भी दी गई साथ ही स्वास्थ्य रहने से संबंधित कई तरह के जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ एमपीडब्ल्यू संदीप कुमार,अशोक कुमार रवि, बलराम कुमार, रमेश पांडेय, एलटी संदीप कुमार, एएनएम कलावती देवी, रीता कुमारी, अर्चना हस्सा, स्नेहलता कुमारी, ऊषा कुमारी, सरिता कुमारी एवं पिंगल कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिमा देवी के प्रयास से हुटाप के तुरवा में लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणो में खुशी

खबर मन्त्र संवाददाता



चंदवा। चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी के सार्थक प्रयास से प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत तुरवा गांव में जले हुये ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद मंगलवार को जिप सदस्य प्रतिमा देवी ने विधिवत पूजन के उपरांत नारियल फोड़कर गांव में बिजली सेवा बहाल किया। लगभग छः माह के बाद बिजली से लाईट से गांव के जगमग होने के बाद ग्रामीणो में खुशी की लहर देखी गयी व ग्रामीणे ने जिप सदस्य प्रतिमा देवी को आभार व्यक्त किया। जिप सदस्य सरोज देवी ने बताया कि बीते दिनो ग्रामीणो के द्वारा सुचना प्राप्त हुयी थी, गांव में विगत लगभग छः माह से ट्रासफार्मर खराब है, जिस कारण ग्रामीणो के जरूरी कार्य, बच्चों की पढ़ाई, कृषि जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा कई बार विभाग को सुचना दिये जाने के बाद भी कोई पहल नहीं हो रहे है। ग्रामीणो की फरियाद सुनने के बाद मैंने तत्काल पहल करते हुये विभागीय अधिकारियें से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया व मंगलवार को गांव में बिजली सेवा बहाल कर दी गयी। मौके पर जिप सदस्य के प्रतिनिधि रोहित यादव, राजकिशोर साव, राधे साव, दिगम्बर साव, रमेश साव, प्रतिमा देवी, पार्वती देवी, जनक देवी, किरण देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बरवाडीह बीडीओ का औचक निरीक्षण



➲ आंगनबाड़ी केंद्र में 10:30 बजे तक बच्चों को नहीं मिला था नाश्ता

बेतला। बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने मंगलवार को सुबह कुटमु चौक स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, अखरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र व आगरा स्कूल का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान अखरा आंगनबाड़ी केंद्र में मात्र एक बच्चा 10:00 बजे तक मौजूद था, एवं चूल्हा तक जला नही था, जिससे बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सेविका सैदून बानो को फटकार लगाई एवं हिदायत दिया कि अपने कार्यों में सचेत रहें, एवं कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने वाले आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका व सहायिका पर कार्रवाई की जाएगी, वही अखरा विद्यालय का भी निरीक्षण किया विद्यालय में मैन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं बनता देख प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिक्षक प्रकाश कुजूर को भी फटकार लगाई एवं हिदायत दिया कि सरकार के महत्वकांक्षी योजना आंगनबाड़ी और विद्यालय में बच्चों का भविष्य प्राथमिक रूप से विकसित किया जाता है, ऐसे में आप सभी का इमानदारी पूर्वक एवं ससमय कार्य करेंगे, तभी बच्चे का पौष्टिक आहार के साथ-साथ शिक्षा मिल पाएगा, मौके पर बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह, बीएलओ उमेश रजक ,जमुना सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## बीडीओ की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन



बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विधवा पेंशन, राशन कार्ड नाम जोड़ने सहित कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका त्वरित निपटारा किया गया। जिसमें जन्म प्रमाण पत्र का 16 आवेदन,मृत्यु प्रमाण पत्र का 4 आवेदन, विधवा पेंशन के लिए 1 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए 16 वही राशन कार्ड के लिए 4 आवेदन प्राप्त हुआ। इन सभी मामलो का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला ने बताया कि विशेष अभियान चलाकर 14 जुलाई से लेकर 24 अगस्त तक जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है। उनके अभिभावक स्कूल से सत्यापित कर पंचायत भवन में फॉर्म जमा करा सकते हैं या पंचायत सचिव से मिलकर जन्म प्रमाण पत्र का काम करवा सकते है। इसके अलावा प्रखंड कार्यालय में भी आकर प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। मौके पर एलियो मोनिका मिंज,कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, संतोष कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



हेरहंज। थाना परिसर में मुहर्रम को ले कर हुई शांति समिति की बैठक संपन हुयी। बैठक की अध्यक्षता किए डीएसपी सह नवनियुक्त एसपी अजित कुमार सिंह ,थाना प्रभारी शुभम कुमार जिलापरिषद सदस्या चंचला देवी प्रमुख पार्वती देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास सर के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी सूरत में डीजे ऊँची आवाज में नही बजना चाहिए नही तो मुहर्रम के सदर कमिटी के जो भी लोग हैं सभी पर केस दर्ज कर ली जएगी। इस लिए शान्ति पूर्ण तरीके से मनाए मौके पर रहे मौजूद उपप्रमुख विजय भगत शिव सिंह लाड़ले खान ठेचुन नेता बिसुनदेव यादव टुनु राम विंदेश्वर यादव नूर मियाँ एनुल मियां सुनील रवि शिवनाथ रजक पाचो पंचायत के मुखिया तोहिद अंसारी निजामुद्दीन अंसारी बसंत गंझू नवादा गाँव के प्रधान उमेश ठाकुर एवं पूरे प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदाय के लोगों ने अपना अपना मनतब्य दिया एवं मोहर्रम पर्व सौहार्द पूर्ण मनाने का संकल्प लिया इस बैठक में दर्जनों लोग शामिल हुए।

# संत अन्ना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य।

महुआडांड़। संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में संत अन्ना का स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया। ज्ञात हो कि सात साल पहले अन्ना समाज के प्रोविंशियल सुप्रियर सिस्टर कुसुमा एवं सहायक प्रोविंशियल सिस्टर प्रदीपा की अगुवाई में संत जेवियर कॉलेज एवं छात्रावास में कार्य आरंभ किया गया था। संत अन्ना समाज ने छात्रावास एवं कॉलेज के सफल संचालन के लिए विशाखापट्टनम से सिस्टर कैसलीन, सिस्टर निर्मला और सिस्टर मरियाना को भेजा था। अन्ना का अर्थ है ईश्वर की कृपा या वरदान। इन सिस्टरो ने व्यवस्थित तथा अनुशासित प्रयास एवं क्षमता से कॉलेज व छात्रावास को खड़ा किया। जो महुआडांड़ जैसे सुदूरवर्ती, जनजातीय, पिछड़ा क्षेत्र के छात्राओं तक शिक्षा का प्रसार करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। छात्रावास में लड़कियों के लिए सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं जैसे पुस्तकालय बिजली, पानी, खेल के मैदान आदि। कार्यक्रम का शुरूआत प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश ने सभी सिस्टरों का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्रावास के छात्राओं के द्वारा रंगा- रंग कार्यक्रम पेश किया गया। फादर समीर ने कहा कि देश में हमारी धर्म बहने शिक्षा समाज सेवा के क्षेत्र मे अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। सिस्टर कैशलीन ने कहा कि धर्म बहनें अपने जीवन को प्रभु के चरणों में त्याग कर सभी धर्मविश्वासियों को प्रभु यीशु के दिखाए सच्चे मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं। इस महाविद्यालय को आगे बढ़ाने में संत अन्ना सिस्टरो का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक सिस्टर लीजा, सिस्टर कैशलीन एवं सिस्टर चन्द्रोदया ने सभी को धन्यवाद दिया। मौके पर महाविद्यालय के फादर डॉ. समीर और फादर राजीप तिर्की भी उपस्थित थे। प्राचार्य महोदय ने सभी को संत अन्ना पर्व की शुभकामनाएं दी साथ ही सिस्टरो के कार्यों एवं प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. शेफाली प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिस्टर कैसलिन, सि. चंद्रोदया, सि. प्रतिमा, प्राध्यापिका डॉ प्यारी कुजूर प्रो रोस एलिस, अंजना एक्का, रीमा रेणु कन्डुलना प्रो रश्मि सुमन टोप्पो प्रो शशि शेखर और सुरभी सिन्हा उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर


शिविर में शामिल लोग।

लातेहार। पीरामल फाउंडेशन व जिला प्रशासन के सयुक्त तत्वावधान में सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण, स्वच्छता एवं युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एडीसी गांधी फेलो जयश्री नाग ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि 17 जुलाई को बरवाडीह प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 353 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। 19 जुलाई गारू प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 123 छात्रों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जबकि 21 जुलाई को हेरहंज प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में 203 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविरों में ब्लड ग्रुप, बीपी व सुगर तथा आंखों की जांच की गयी। इसके अलावा बुखार, खांसी व एनीमिया की भी जांच की गयी। कुछ छात्राओं का हीमोग्लोबिन जांच के बाद उनमें एनिमिया की शिकायत पायी गयी। इन छात्राओं को आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां प्रदान की गयी। इन शिविरों में एडीसी गांधी फेलो जयश्री नाग व गांधी फेलो गायत्री कुमारी के अलावा पीरामल एडीसी टीम के प्रोग्राम लीडर शमीम अख्तर व प्रोग्राम मैनेजर देबंजन बनर्जी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर बैठक संपन्न



सरयू। मुहर्रम को आपसी भाईचारा के साथ मनाने को लेकर सोमवार को सरयू टिओपी परिसर मे शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत के नेतृत्व में किया गया। बैठक की संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने कहा की मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे एवं सौहार्द पूर्वक मनाने का अपील किया। वही श्री भगत ने अखाड़ा कमिटि ताजिया के लाइसेंस धारीओ से रूठ के बारे में जानकारी लेते हुए, कहा की निर्धारित मार्ग पर ही चलेंगे। उन्होंने कहा की डीजे बाजा में आपत्ति जनक गाना नारा नही बजाने का निर्देश दिए। जुलूस निकलने के दौरान एक दुसरे के भावनाओं का ख्याल रखें, सोशल मीडिया के द्वारा सौहार्द बिगाड़ने वाले पर पैनी नजर रखी जाये गी। किसी भी पर्व त्यौहार को भाईचारे के साथ सौहार्द वातावरण में मनाने को कहा गया। मौके पर अवर निरीक्षक शाहिद अंसारी, जगदीश महतो, कार्तिक उरांव, अबदुल कुद्दू, असगर हुसैन, शौकत अली, इश्वर प्रसाद, अमलेश प्रसाद, मुस्लिम अंसारी, समेत अन्य लोगों मौजूद थे।

# हेरहंज में बीस सूत्री की हुई बैठक, विभागों की कार्यप्रणाली पर जतायी गयी नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में मौजूद लोग।

हेरहंज। हेरहंज प्रखंड सभागार मे प्रखंड बीस सूत्री की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रामबृक्ष गंझु ने की। बैठक मे बीस सूत्री अध्यक्ष ने बारी बारी से बिभाग वार समीक्षा की और बिभागों की कार्यप्रणाली को देख कड़ी नाराजगी जताई। सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने मुख्यालय स्थित बने स्वास्थ केंद्र मे लोगो को जानकारी के लिए कही पर सूचना बोर्ड, स्वास्थ केंद्र परिसर मे गंदगी के अम्बार,एवं दवा की स्थिति की दैनिक स्थिति को देखते हुए कड़ी नाराजगी जताई। सांसद प्रतिनिधि ने कहा की लगातार दो बैठको मे इन मुद्दों को रखा गया परन्तु प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा कभी भी इस मामले को गंभीरता से नही लिया गया और न समय समय पर केंद्र का निरीक्षण किया जाता है। सूचना बोर्ड नही रहने के कारण लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ता है अस्पताल मे बाहर से आने वाले लोगो को पूछना पड़ता है की स्वास्थ केंद्र कहाँ पर कितनी दूरी पर है जबकि स्वास्थ बिभाग को चाहिए की ब्लॉक मुख्यालय से स्वास्थ केंद्र तक जगह जगह सूचना बोर्ड लगांनी चाहिए जिससे लोगो को सहूलियत हो। सांसद प्रतिनिधि ने शिक्षा बिभाग,मनरेगा,जे एस एल पी एस के द्वारा चलाई जा रही योजनाओ मे लापरवाही को लेकर बात रखी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने मामले की गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट तैयार कर जमा करने का निर्देश सभी को दिया है। इसके साथ ही प्रखंड स्तर पर चल रही विकास योजनाओ की समीक्षा की गई। सांसद प्रतिनिधि ने पंचायत स्तर पर लगाये गये सोलर जलमीनार जो खराब पड़े है उन्हे जल्द ठीक कराने की बात रखी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास ने सभी पंचायत सेवक को निर्देश दिया की खराब पड़े जलमीनार की सूची तैयार कर उसे दुरुस्त किया जाय। बैठक मे मुख्य रूप से बीस सूत्री उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद, प्रधान सहायक महेश राम, पंचायत सेवक बजरंगी प्रसाद, शिव मोहन मुंडा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी हरेंद्र पाल भगत, प्रभारी कृषि पदाधिकारी समीर भेंगरा, जन सेवक सूर्यप्रकाश, जे एस एल पी एस प्रखंड बीपीएम शिव कुमार, अविनाश कुमार, चंदन सिंह, विक्की देवल, नरेश प्रजापति, रोजगार सेवक विशाल कुमार, अंचल निरीक्षक अलीमुदिन अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## 15 अगस्त तक बनेगा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र : मुखिया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी पंचायत भवन में सोमवार को पखवाड़ा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा ने किया। बताया गया कि उक्त कार्यक्रम 14 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम के तहत जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने को ले जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने के लिए जागरूकता फैलाने आदि मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सचिव खुशबू रानी, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अनुज कुमार खत्री, मध्य विद्यालय सौन्दा डी के प्रधानाध्यापक मटूक राम, वार्ड सदस्य सुबोध रजक, सीता देवी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार, अरविंद झा, स्वयंसेवक संतोष रजक, आंगनबाड़ी सेविका सुनीति, देवी सरिता कुमारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

## श्रमिक संघ का महाधरना आज

**उरीमारी (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ भुरकुंडा शाखा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता धर्मेंद्र मिश्रा वह संचालन विकास कांत सिन्हा ने किया। बैठक में क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद थें। बैठक में कोयला मजदूरों की समस्याओं के समाधान को ले आगामी 26 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष होने वाले महाधरना की तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा गया कि भुरकुंडा परियोजना से लगभग 100 कर्मचारी महाधरना में हिस्सा लेंगे। क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है यह धरना सबों के लिए काफी हितकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह महाधरना कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। मौके पर शैलेंद्र सिंह, रोबिन मुखर्जी, अश्विन सहाय, शंभू रजवाड़, उमेश रविदास, मुद्रिका रविदास, सोमरा उरांव, मनोज मुंडा, रमेश कुमार, ष्णा मुंडा, अनिल राय सुरेश साव सहित संघ के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## वीरगंज में 19 राउंड गोली के साथ भारतीय युवक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल शहर से सटे नेपाल के पर्सा जिला पुलिस ने बीरगंज शहर से बंदूक की गोली के साथ मंगलवार को एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने उक्त युवक को वीरगंज के बस पार्क से गिरफ्तार किया है।युवक की पहचान बिहार के पश्चिमी चंपारण के बेतिया के लगुनाहा वार्ड नंबर 14 निवासी 22 वर्षीय मुरारी कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है। नेपाल के पुलिस प्रवक्ता प्रहरी नायब उपरीक्षक निर्मल बुढाथोकी ने जानकारी देते हुए बताया कि बस पार्क में नियमित जांच के दौरान संदेहास्पद स्थिति में उक्त युवक को रोककर जांच की गई, जिसके पास से 19 राउंड गोली बरामद किया गया। जिसमें 12 शक्तिमान व 12 एक्सप्रेस लिखा हुआ 15, केएफ 12 लिखा हुआ 3 एवं केएफ 1296 लिखा हुआ 1 राउंड गोली बरामद हुआ है। उक्त युवक को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ की जा रही है।

## ट्रेन रोकने के मामले में 1 नामजद व 8 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज

**सहरसा।** जाप कार्यकर्ताओं द्वारा सहरसा में एम्स निर्माण मामले को लेकर आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान ट्रेन रोको अभियान मामले में आरपीएफ ने कार्रवाई किया है। उक्त मामले को लेकर कुल 9 लोगों पर आरपीएफ ने मामला दर्ज किया है। जिसमें 1 नामजद और 8 अज्ञात शामिल है। ज्ञात हो कि स्थानीय रेलवे जंक्शन पर बीते रविवार को सहरसा में हो एम्स का निर्माण सहित अन्य मांगों को लेकर जाप कार्यकर्ताओं ने सहरसा-मानसी रूट पर पैसेंजर ट्रेन संख्या - 05521 सहरसा- समस्तीपुर को रोककर प्रदर्शन किया था।हालांकि उनका प्रदर्शन मात्र 20 मिनट के लिए ही किया गया था। इस दौरान ट्रेन परिचालन बाधित नहीं हुई थी। लेकिन रेलवे ट्रैक पर आकर प्रदर्शन करने को लेकर आरपीएफ ने कार्यकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज किया है।

# नीतीश कैबिनेट का फैसला : आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को हफ्ते में दो दिन मिलेगी मूंगफली



**पटना, 25 जुलाई (हि.स.)।** बिहार कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को कुल 35 एजेंडों पर मुहर लगी है। बिहार के विभिन्न आयोग, बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य के वेतन-मानदेय को बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य के वेतन के समान करने की स्वीकृति दी गई है। सूखा के मद्देनजर सिंचाई पर डीजल अनुदान के लिए 50 करोड़ के अतिरिक्त बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से कुल 100 करोड़ की अग्रिम निकासी और व्यय की स्वीकृति दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को सप्ताह में दो दिन भुना हुआ मूंगफली देने को लेकर राशि जारी की गई है। स्क्रैप पॉलिसी के तहत 15 साल पुराने वाहनों पर टैक्स में एकमुश्त छूट दी गई है। नीतीश कैबिनेट ने सात निश्चय योजना फेज 2 के तहत आरा नगर निगम क्षेत्र से जल निकासी के लिए 77 करोड़ 81 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इसी योजना के तहत सरकार ने समस्तीपुर नगर निगम क्षेत्र जल निकासी के लिए 48 करोड़ 25 लाख 54 हजार रुपये की राशि की स्वीकृति दी है। दोनों ही जिलों में सरकार ने बुडको को यह जिम्मेवारी सौंपी है। नीतीश कैबिनेट ने समस्तीपुर के सरायरंजन में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के विस्तार के लिए 5.30 एकड़ भूमि निःशुल्क विज्ञान एवं प्रोद्योगिक विभाग को देने का फैसला लिया है। सरकार ने पटना के फतुहां और धनरुआ में भारतमाला परियोजना के तहत एनएच 199 डी के लिए एनएचएआई को निःशुल्क जमीन हस्तानांतरित करने का फैसला लिया है। सरकार ने सूचना आयोग में पहले से सृजित पदों के अतिरिक्त विभिन्न कोटि के कुल 5 पदों के सृजन को स्वीकृति दी है। बिहार के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को कुपोषण से दूर रखने के लिए नाश्ते के अलावा बुधवार और शुक्रवार को मुर्गी का अंडा परोसा जाएगा। जो बच्चे अंडा नहीं खाते उन्हें भुनी हुई मूंगफली दी जाएगी। राज्य में बारिश कम होने के कारण उत्पन्न हुए सूखे के हालात को देखते हुए सरकार ने किसानों को डीजल अनुदान देने का फैसला लिया है। किसानों को राहत उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने पहले से स्वीकृत 50 लाख रुपए के अतिरिक्त एक सौ करोड़ रुपये डीजल अनुदान के लिए स्वीकृत किया है। चौथे कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य स्कीम मद से कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत 119 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके साथ सरकार ने कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी स्वीकृति दे दी है।

## फिल्म निर्देशक प्रकाश झा के पिता का निधन, पटना में ली अंतिम सांस

**एजेंसी**

**पटना।** बॉलीवुड के बड़े निर्देशकों में शुमार प्रकाश झा के पिता तेजनाथ झा का निधन हो गया है। पटना के जय प्रकाश नगर स्थित आवास (विपश्यना) पर उन्होंने अंतिम सांस ली। 95 वर्षीय तेजनाथ झा की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब थी। पटना के एक बड़े अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें सोमवार शाम अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था लेकिन रात होते उनकी तबीयत बिगड़ गई। जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया जाता तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। तेजनाथ झा के निधन से पूरे झा परिवार में शोक है। प्रकाश झा पटना पहुंचे, बांसघाट में होगा अंतिम संस्कार पिता के निधन की जानकारी मिलते ही प्रकाश झा परिवार के साथ पटना पहुंचे। पटना में अंतिम संस्कार कार्यक्रम होगा।

जेपी नगर (एजी कॉलोनी) स्थित आवास से ही शव यात्रा निकाली जाएगी। पटना के बांसघाट पर दाह संस्कार किया जाएगा। बड़े बेटे प्रकाश झा ही पिता को मुखाग्नि देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रकाश झा के पिता तेजनाथ झा प्रशासनिक अधिकारी थे। वह मूल रूप से पश्चिम चंपारण के बेतिया के बड़हरवा गांव के रहने वाले थे।

### भुरकुंडा में गोटा-गोटी खोरठा पुस्तक का लोकार्पपण

## बदलते भारत में स्थानीय भाषाओं की जानकारी प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण : डॉ गजाधर महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भदानीनगर (रामगढ़)।** झारखंझ राष्ट्र भाषा परिषद के तत्वावधान में मतकमा चौक भुरकुंडा स्तिथ स्टूडेंट्ड फ्रेंड्स कोचिंग प्रांगण में सोमवार को खोरठा में प्रथम पीएचडी धारक ड. गजाधर महतो प्रभाकर द्वारा लिखित खोरठा भाषा के नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित गोटा-गोटी व्याकरण एवं साहित्य खोरठा पुस्तक का लोकार्पण हुआ। गोटा-गोटी खोरठा पुस्तक लोकार्पण के मौके पर ड. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि झारखंड में प्रतियोगिता परीक्षाओं में अनिवार्य विषय के रूप में खोरठा और अन्य स्थानिय भाषाओं का भारी महव है। उन्होंने कहा कि बदलते भारत में स्थानीय भाषाओं की जानकारी प्रशासनिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। प्रस्तुत पुस्तक इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है। श्री महतो ने कहा कि स्नातक स्तरीय जेएसएससी की आगामी परीक्षाओं में यह पुस्तक निर्णायक साबित होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य भवानी महतो एवं पूर्व प्राचार्य अशोक मिश्रा ने कहा कि हमलोगों के लिए यह बड़ी गर्व की बात है कि हमारे बीच के शिक्षक डॉ. गजाधर महतो द्वारा लिखित गोटा-गोटी खोरठा पुस्तक का विमोचन हुआ है। यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी। मौके पर प्राचार्य कैलाश राम, प्राचार्य अमरनाथ महतो, प्राचार्य शशि कुशवाहा, डॉ. शंभु प्रसाद, विनय सिंह चौहान, दिनेश राजगढ़िया, मोगल राम, मोहन बेदिया, जयकिशोर महतो, रूपेश कुमार विश्वकर्मा, मिंटू विश्वकर्मा, आनंद बारला, राजीव कुमार उरांव, कमलेश कुमार, विजय, साहिल शर्मा, मानसी, ललिता सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

## नीतीश के 17 साल के शासन में भाजपा ने 14 साल दिया साथ : सुशील मोदी



**पटना (हि.स.)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश सरकार बिहार की गरीबी कम करने और विकास तेज करने का श्रेय अकेले लेना चाहती है जबकि सबको पता है कि उनके 17 साल के शासन में कुल 14 साल भाजपा साथ रही। दरअसल, गरीबी मिटाने में भाजपा और केंद्र सरकार का योगदान जदयू को नहीं पच रहा है। सुशील मोदी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार ने यदि दो बार पलटी मारकर लालू प्रसाद के गोड़ पर गिरने में 4 साल न गंवाये होते, तो गरीबों का ज्यादा भला होता। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के मंत्रियों-प्रवक्ताओं में यदि लोकलाज होता, तो वे केंद्र सरकार के विशेष सहयोग और भाजपा की लंबी भागीदारी को सिरे से खारिज नहीं करते। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लिए जो काम अलग से किये, वह भी सरकार के योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को दिखायी नहीं पड़ते। यह संगत का असर है। उन्होंने कहा कि बरौनी का जो उर्वरक कारखाना कांग्रेस-राजद शासन के दौरान बंद हो गया था, उसे केंद्र सरकार ने 8500 करोड़ रुपये खर्च कर फिर से चालू कराया। क्या यह सौगात सभी राज्यों की मिली? केंद्र सरकार ने दरभंगा एयर पोर्ट से हवाई सेवा शुरू की, जिससे उत्तर बिहार के लाखों लोगों को लाभ हुआ।

## बेगूसराय में एआइएसएफ का राष्ट्रीय सम्मेलन तय करेगा दिशा और दशा : राष्ट्रीय महासचिव

**बेगूसराय(हि.स.)।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विक्की माहेश्वरी ने कहा है कि हमारे संगठन ने इस देश के आजादी की लड़ाई लड़ी। अब लगातार देश के अंदर समान शिक्षा प्रणाली लागू कराने के लिए संघर्षरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को बिना संसद में लाए थोपने के दुस्साहस के खिलाफ संगठन आंदोलनरत है। मंगलवार को कायानंद भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि बेगूसराय की क्रांतिकारी धरती पर 28 सितम्बर से एक अक्टूबर तक होने वाले एआईएसएफ के राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से पांच सौ प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही विदेश से भी प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन एक नई दिशा और दशा तय करेगा। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम बनर्जी ने कहा कि मणिपुर में जो घटना घटी है, वह काफी निंदनीय है। हमारे संगठन का राष्ट्रीय स्तर का छात्रा विंग इसके खिलाफ देश में सड़कों पर लड़ाई लड़ रही है। हमारा संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन इस देश का इकलौता छात्र संगठन है जो महिलाओं, छात्राओं के शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के सवाल पर देशभर में कन्वेंशन और कॉन्फ्रेंस का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि एआईएसएफ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति बनाता है।

## नौ लोग बिजली चोरी में पकड़े गये प्राथमिकी के साथ लगा जुमार्ना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर शहरी क्षेत्र में विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें नौ लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ चक्रधरपुर थाने में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। इसके अलावा दोषियों पर आर्थिक दंड भी लगाया गया है। सभी नौ दोषियों पर लगभग 505,800 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। कार्यपालक अभियंता भामा पद टुडू के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में कनीय अभियंता अजय हंस के साथ बादल प्रकाश, मानव दिवस कर्मी शालोम जार्ज टोप्पो, प्रदीप विश्वकर्मा, महेश्वर महतो आदि शामिल रहे। छापेमारी में राखा आसनतलिया के सुखलाल उरांव जुमार्ना 10050 रुपए, राम उरांव जुमार्ना 10050 रुपए, दुली उरांव जुमार्ना 10050 रुपए, थाना रोड निवासी विनय मंडल जुमार्ना 65050 रुपए, पुरानी बस्ती निवासी दीनबंधु दास जुमार्ना 10520 रुपए, रोहित कुमार मिस्त्री जुमार्ना 20570 रुपए, पवित्र दास जुमार्ना 45510 रुपए, थाना रोड कनसा क्लीनिक सुमन घोष जुमार्ना 160875 रुपए व वेद प्रकाश पर 173125 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

## भटक कर दुमका पहुंचे मूक बालक को सीडब्ल्यूसी ने मां को सौंपा

### सोशल मीडिया ने बालक को परिवार से मिलाने में निभायी अहम भूमिका

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पांच दिन पूर्व दुमका रेलवे स्टेशन से मिले मूक बालक को मंगलवार को उसकी मां को सौंप दिया। इस बालक को उसके परिवार से मिलाने में सोसल मीडिया ने अह्म भूमिका निभायी। दरअसल 22 जुलाई को चाइल्डलाइन को दुमका रेलवे स्टेशन के पास एक बालक के पाये जाने के बारे में सूचना मिली। चाइल्डलाइन ने बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। बालक ठीक से बोल नही पा रहा था जिस कारण काफी प्रयास के बावजूद उसके परिजनों और घर के पता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डा राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने इस मामले की सुनवाई करते हुए बालक के सर्वोत्तम हित में उसका फोटा जारी करने का निर्णय लिया और बालक को बालगृह में आवासित कर दिया गया। इस निर्णय के आलोक में चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार ने उसी दिन सोसल मीडिया में बच्चे का फोटो जारी करते हुए उसके बारे में सूचना देने की अपील की। उसी दिन बच्चे की पहचान हो गयी और उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया। मंगलवार को 7 वर्षीय इस बालक की मां सीडब्ल्यूसी के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित हुई। अपने बयान में देवघर नगर थाना क्षेत्र में रहनेवाली इस महिला ने बताया कि उसे एक बेटी और दो बेटा है जिसमें से यह बालक सबसे छोटा है। उसका बेटा मूक है पर बात समझता है। आधार कार्ड में उम्र अधिक दर्ज होने के कारण उसका स्कूल में नामांकन नहीं हो पाया है। वह मधुपुर की रहनेवाली है और देवघर में बच्चों के साथ ससुराल में रहती है। उसके पति मजदूरी करते हैं।

# बारिश की कामना को लेकर आदिवासी समाज ने विधि विधान से रचायी मेढक व मेढकी की शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मासलिया।** जिले के मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत के गोलपुर में मेढ़की की घर आई मेंढक की बरात। सुनने में अजीब सा लगता है। पर यह सही है।मंगलवार को ग्राम प्रधान शिवधन हेम्ब्रम के नेतृत्व में गोलपुर में एक विवहा का आयोजन किया गया। जहाँ वर पक्ष गोलपुर के पुड़वाद टोला निवासी राम मुर्मू ने गांजे-बजे तथा सागा सबंधीयों के साथ कन्या पक्ष गोलपुर गांव के तालटोला निवासी ग्राम प्रधान शिवधन हेम्ब्रम के घर पहुंचे। बाराती के आगमन पर कन्या पक्ष की ओर से भव्य स्वागत किया।आदिवासी समाज मे किये जाने वाले सभी विधी विधन को किया गया। जिसके बाद माझी थान स्थित मंडप नायकी राम मुर्मू, जोकमिझी बाबुधन हेम्ब्रम ने आदिवासी रीती रिवाज से मेंढक संग मेढ़ीकी का विवहा संपन्न कराया। मेढ़क के विवाह को देखने पंचायत के विभिन्न गांव के लोग जुटे। ग्राम प्रधान शिवधन हेम्ब्रम जानकारी देते हुए बता कि मेढ़क का विवाह का आयोजन हमने इस लिए कराया है कि इस विवाह के हो जाने पर बारिश होगी।

श्रावण मास बितने कि ओर आग्रसर से और अबतक खेती शुरू नही हुआ है।आदिवासी समाज मे मान्यता है कि मेढ़क की सादी कराने से बारिश होती है। विगत वर्ष मेढ़क के विवाह के पश्चात बारिश हुआ। निश्चित रूप से इस विवाह के बाद बारिश होगी। मौके पर नायकी राम मुर्मू, जोक मांझी बाबू धन हेम्ब्रम, प्रकाश सोरेन, जोनास हेम्ब्रम आदि मौजूद रहे।

एक नजर में

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थानीय महात्मा गांधी नगर स्थित विद्या भारती विद्यालय में आज से विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। वहीं वंदना सभा में आगंतुक अतिथि, विज्ञान प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं वंदना की गई। अतिथियों का परिचय सदन प्रमुख आचार्य चंद्रशेखर कुमार के द्वारा कराया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने विज्ञान सप्ताह के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक सामने रखा। वहीं उन्होंने कहा कि आज से आगामी 2 अगस्त तक विद्यालय में विज्ञान सप्ताह मनाया जाएगा, इस दौरान प्रत्येक दिन विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भैया बहनों के बीच किए जाएंगे, जिससे उनके अंदर छिपी हुई खोजी प्रवृत्ति और वैज्ञानिक प्रतिभा का निखार हो सके। मौके पर प्रदीप कुमार, मनोज कुमार सिंह, डॉ. धीरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, टिंकू कुमार, विपिन दे, धीरज कुमार पांडेय, वीरेंद्र प्रसाद, विपिन कुमार, मुन्ना सिंह, पवन कुमार शर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्रा, विजय मिश्रा, विजय तिवारी, रामानुज पांडेय, शर्मिष्ठा शाहा, अनीता कुमारी, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, चंद्र कावेरी निहाल, सोनी कुमारी, मोनिका कुमारी, रिमझिम सिंह आदि छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## मिट्टी लाने के लिए मुहर्रम के पंचमी का जुलूस निकला

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के मुस्लिम बहुल इलाकों में 29 जुलाई को मुहर्रम का अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं सोमवार की रात मिट्टी लाने के लिए स्थानीय जयनगर, खेसकरी, रघुनियाडी, नईटांड़, गरचाच, बेको, पीपचो, मंडरिया सहित सभी मुस्लिम बस्ती के इमामबाड़ा से गाजे बाजे के साथ पंचमी का जुलूस निकाला गया। जुलूस की शक्ल में मुस्लिम समुदाय के लोग मिट्टी लाने के लिए अपने अपने इलाके में पहुंचे। मिट्टी लेने के बाद फिर जुलूस की शक्ल में लोग इमामबाड़ा पहुंचे, वहा फिर फातिहा हुई। इस दौरान जुलूस में जयनगर थाना प्रभारी, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील पासवान, अमित कुमार, विकेश कुमार, दिलीप कुमार मंडल सहित कई पुलिस जवान तैनात दिखे। इस दौरान उन्होंने बाकी और दिन बचे सभी कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। मौके पर कोशर खान, सलीम खान, तस्सवर खान, समीम खान, आबिद रजा, रहमत खान, सन्नू खान, इस्लाम अंसारी, इब्राहिम अंसारी, अकबर खान, समसाद खान, असगर खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पद पर मनोनीत हुए मनोज सहाय पिंकू

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा गत 20 जुलाई को जारी मनोनयन पत्र के अनुसार झारखंड के कोडरमा निवासी मनोज सहाय पिंकू को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंदन अरुण कुमार सिन्हा द्वारा जारी मनोनयन पत्र में श्री सहाय को समाज के प्रति समर्पण एवं संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। बधाई देने वालों में ए.के श्रीवास्तव, चंदन सिन्हा, शैलेंद्र कुमार अभय, ब्रह्मदेव प्रसाद, अमल कुमार सिन्हा, शैलेश कुमार, प्रीति सहाय, निरंजन सिन्हा, भारत बख्शी, नीरज कुमार, सुनील कुमार, रविंद्र सिन्हा, नीरज कर्ण, रतन सिन्हा, जुगनू जयंत सिन्हा, नवीन सिन्हा, बेबी सिन्हा, गोपाल कुमार गुतुल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. शरद कुमार, चंद्रशेखर जोशी, नवनीत ओझा आदि मौजूद थे।

पेज 1 का शेष

## रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों...

एसीबी ने राज्य सरकार से पूर्व मंत्रियों के विरूद्ध पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी जिसके आलोक में मंत्रिपरिषद ने यह फैसला लिया है। **5 प्रतिशत उत्पाद का निर्यात :** कैबिनेट की बैठक में झारखंड निर्यात नीति 2023 की मंजूरी दी गई। इसके तहत यह नीति 5 वर्ष तक लागू होगी और इसका मुख्य उद्देश झारखंड में उत्पादित सामान का कम से कम पांच फीसदी निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक मंडल में मनोनीत निदेशक की नियुक्ति की जायेगी। भारत सरकार के निर्देश के अनुसार वैसी कंपनी जो 1000 करोड़ रुपये तक का लोन ले रखी है। उसमें निदेशक मनोनीत रखना आवश्यक होगा। **पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा :** राज्य के सरकारी सेवा में कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मियों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जायेगा। इन कर्मियों को मिलने वाले मेडिकल भत्ता के रूप में दिये जाने वाले 1000 रूपये को सरकार ने अब 500 रुपये कर दिया है। नये प्रावधानों के तहत अब सरकारी कर्मियों को मेडिकल भत्ता के शेष 500 रूपये को सालाना 6 हजार के रूप में सरकार बीमा कंपनियों को प्रीमियम के रूप में देगी। इसके अलावा यदि इलाज का खर्च 5 लाख से अधिक होता है, तो फिर कॉरपस फंड से यह राशि प्रदान की जायेगी। इसका लाभ सभी सरकारी व सेवानिवृत कर्मियों के अलावा विधानसभा सदस्यों के लिए कार्यरत कर्मियों, विश्वविद्यालय में कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

## पुरस्कार लेने से पहले...

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2015 में अशोक वाजपेयी पहले साहित्यकार थे जिन्होंने अपना साहित्य अकादमी पुरस्कार लौटाने की घोषणा की थी। उनके बाद, देश भर के 39 अन्य विद्वानों ने भी अपने साहित्य अकादमी पुरस्कार लौटाये। इस लिस्ट में नयनतारा सहगल, उदय प्रकाश, कृष्णा सोबती, मंगलेश डबराल, काशीनाथ सिंह, राजेश जोशी, केकी दारूवाला, अंबिकादत्त, मुनव्वर राणा, खलील मामून, सारा जोसेफ, इब्राहिम अफगान और अमन सेठी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। साहित्यकार, पुरस्कार तो लौटाने की घोषणा कर देते हैं, लेकिन स्मृति चिन्ह और राशि नहीं लौटाते।

## ऐसा दिशाहीन विपक्ष...

बैठक में विपक्षी दलों के हंगामे से निपटने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गयी साथ ही इस पेश किये जाने वाले बिलों पर विचार विमर्श किया गया। मणिपुर मुद्दे पर भी बैठक में चर्चा की गयी। **एनडीए तीसरी बार भी सत्ता में आयेगा :** पार्टी संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएम ने संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्ष की आलोचना की और भरोसा जताया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत के बाद सत्तारूढ़ एनडीए को लगातार तीसरा कार्यकाल मिलना तय है। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि पीएम ने विपक्ष के हताश और निराश व्यवहार का जिक्र किया और कहा कि उसके इस रुख से यह दिखायी पड़ता है कि उसने आने वाले कई वर्षों तक विपक्ष में रहने का निर्णय लिया है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम बड़े नेता उपस्थित थे। मानसून सत्र शुरू होने के बाद भाजपा संसदीय दल की यह पहली बैठक थी।

## क्या दूसरे राज्यों के टेट पास को...

प्रार्थी ने कोर्ट से राज्य सरकार को जेटेट परीक्षा शीघ्र लेने संबंधी आदेश देने का आग्रह किया है। प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा है कि बीते 7 वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है ऐसे में सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाए। क्योंकि सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया है कि राज्य सरकार बिना जेटेट की परीक्षा लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है, जिससे करीब चार लाख अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे। बता दें कि सूरज बिहारी मंडल एवं अन्य की ओर से भी सीटेट परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गयी है।

# मणिपुर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

## गृह मंत्री शाह ने खड़गे और चौधरी को लिखा पत्र, चर्चा में अमूल्य सहयोग दें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में पिछले कुछ दिनों से जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को विपक्षी दलों का एक बार फिर से आह्वान किया कि वे मणिपुर जैसे संवेदनशील विषय पर चर्चा करें क्योंकि देश के लोग उन्हें देख रहे हैं और वे जनता का खौफ करें। शाह ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर यह भी कहा कि वे मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा में अमूल्य सहयोग दें।गृह एवं सहकारिता मंत्री ने निचले सदन में बहु राज्य सहकारी समितियां संशोधन विधेयक 2022 पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए मणिपुर के विषय का उल्लेख किया और बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के दोनों नेताओं को पत्र

### संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा के लिए सदन में उचित माहौल बनाये विपक्ष

लिखा है। शाह ने यह भी कहा कि सरकार को मणिपुर पर चर्चा से कोई डर नहीं है और उसे कुछ छिपाना भी नहीं है।उन्होंने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच कहा कि मैंने आज दोनों सदन के विपक्ष के नेता को पत्र लिखा है कि कितनी भी लंबी चर्चा के लिए मैं तैयार हूं। सरकार को कोई डर नहीं है, जिसको चर्चा करनी है वो चर्चा करने आए। हमें कुछ छिपाना नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सभी दल इस महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने में सहयोग करेंगे। मणिपुर के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को भी लोकसभा में कहा था कि सरकार इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा को तैयार है और विपक्ष से आग्रह है कि वे चर्चा होने दें और सच्चाई सामने आने दें। कांग्रेस और विपक्षी



गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के अन्य घटक दल मानसून सत्र के पहले दिन से ही मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद में वक्तव्य देने और चर्चा की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हंगामे के कारण संसद के मानसून सत्र के पहले चार दिन दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई।

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो गत बुधवार, 19 जुलाई, को सामने आने के बाद राज्य के पहाड़ी क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की बहुसंख्यक मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में तीन मई को आदिवासी एकजुटता मार्चह्न के आयोजन के बाद राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

### जनता के खौफ को ध्यान में रखें

गृह मंत्री ने विपक्षी सदस्यों के लिए कहा कि जनता आपको देख रही है, चुनाव में जाना है। जनता के खौफ को ध्यान में रखें। आपसे विनती है कि मणिपुर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा के लिए सदन में उचित माहौल बनाइए। खरगे और चौधरी को लिखे पत्रों में शाह ने कहा कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और उन्होंने सभी से पार्टी की विचारधारा से ऊपर उठकर सहयोग करने का अनुरोध किया।

## संसद में चौथे दिन भी नहीं चला प्रश्न काल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर मुद्दे को लेकर आज भी हंगामा किया जिसके कारण मानसून सत्र में लगातार चौथे दिन प्रश्नकाल बाधित रहा और अध्यक्ष ओम बिरला को हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल आरंभ किया विपक्ष के सदस्य हंगामा करते हुए आसन के सामने आ गये और नारेबाजी करने लगे। अध्यक्ष ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे।हंगामा बढ़ता देख लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से कहा, ह्लप्रश्नकाल जैसा महत्वपूर्ण काल आप नहीं चलाने दे रहे हैं। दुनिया के सबसे लोकतंत्र में नारेबाजी कर रहे हैं। हंगामा किसी समस्या का समाधान नहीं होता। आप अपनी सीट पर बैठिए। मैं हर मुद्दे पर



आपको बोलने का पर्याप्त समय दूंगा।मेरा आप से आग्रह है कि संसद की गरिमा को बनाए रखें।प्लेकार्ड सदन ने लेकर आना संसदीय परंपरा के अनुकूल नहीं है। मैंने पहले भी आपसे आग्रह किया है। आप सभी वरिष्ठ सदस्य हैं, संसद की गरिमा को बनाए रखें। आप सदा नहीं चलाना चाहते हैं, प्रश्नकाल नहीं चलाना चाहते हैं, गंभीर मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं। बिरला की बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

**राज्यसभा में भी हंगामा :** राज्यसभा में मंगलवार को आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह के निलंबन, मणिपुर की स्थिति तथा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही 12:00 बजे तक स्थगित कर दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्षी दलों के सदस्य संजय सिंह निलंबन को लेकर नारेबाजी करने लगे। सभापति ने सदस्यों से शांत होने की अपील की और सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया।

# चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

## इसरो ने दूरस्थ नियंत्रण प्रणाली का प्रयोग कर पांचवीं प्रक्रिया पूरी की

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में ऊपर उठाने की पांचवें चरण की प्रक्रिया मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस प्रक्रिया से यान पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकलेगा और एक अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के तहत चंद्रमा की तरफ बढ़ेगा। इस तरह की प्रत्येक प्रक्रिया का मतलब है कि यान पृथ्वी की कक्षा से आगे निकल रहा है और चंद्रमा की कक्षा के करीब पहुंच रहा है। इसरो ने कहा कि यह कार्य बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) से किया गया। इसरो ने कहा कि यान के 127609 किलोमीटर 236



किलोमीटर की कक्षा में पहुंचने की उम्मीद है। अवलोकन के बाद हासिल की गई कक्षा की पुष्टि की जाएगी। चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को चंद्रमा की सतह के लिए उड़ान भरी थी। इसरो ने कहा कि चंद्रयान को कक्षा में ऊपर उठाने की अगली प्रक्रिया ह्यट्रांसलूनार इंजेक्शन (टीएलआई) एक अगस्त 2023 को मध्य रात्रि 12 बजे से एक बजे के बीच की जाएगी। इसरो के एक अधिकारी ने बताया कि टीएलआई

### ▸▸ 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग कराने की कोशिश करेगा इसरो

की प्रक्रिया के बाद चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकल जाएगा और उस पथ पर अग्रसर हो जाएगा, जो उसे चंद्रमा के करीब ले जाएगा। अधिकारी के मुताबिक, दूसरे शब्दों में कहें तो एक अगस्त को टीएलआई प्रक्रिया पूरी होने के बाद यान पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकल जाएगा और चंद्रमा के करीब पहुंचने के अपने सफर की शुरूआत करेगा। उन्होंने बताया कि टीएलआई प्रक्रिया चंद्रयान-3 को लूनार ट्रांसफर ट्रैजेक्टरी (चंद्र स्थानांतरण प्रक्षेपवक्र) यानी चंद्रमा की कक्षा में दाखिल होने के सफर पर ले जाएगी। इसरो ने कहा है कि वह 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने की कोशिश करेगा।

## हाइकोर्ट में ज्ञानवापी सर्वे पर सुनवाई आज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के एएसआई द्वारा सर्वेक्षण के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की अपील पर बुधवार को अगली सुनवाई करेगा। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर 21 जुलाई के वाराणसी की जिला अदालत के आदेश को चुनौती दी है। जिला अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर की अदालत में इस मामले में जल्द सुनवाई करने का यह कहते हुए आग्रह किया कि उच्चतम न्यायालय का 24 जुलाई का आदेश बुधवार (26 जुलाई) शाम पांच बजे तक ही प्रभावी है। उच्चतम न्यायालय ने मस्जिद कमेटी को उच्च न्यायालय जाने के लिए कुछ मोहलत दी थी।

## हंगामे के बीच जैविक विविधता (संशोधन) बिल लोकसभा से पारित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में हिंसा पर विपक्षी दलों के सांसदों के हंगामे के बीच, मंगलवार को जैविक विविधता (संशोधन) विधेयक, 2022 लोकसभा से पारित हो गया। इस विधेयक से जैविक घटकों के सतत उपयोग और कमजोर समुदायों के साथ लाभों के उचित एवं न्यायसंगत बंटवारा सुनिश्चित किया जा सकेगा। सदन द्वारा विधेयक पारित होने से पहले लोकसभा में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस समय दुनिया तीन तरफ से जलवायु संकट का सामना कर रही है। इसमें जलवायु परिवर्तन, मरुस्थलीकरण और जैविक संसाधनों का नुकसान शामिल है। जैविक विविधता अधिनियम से जैविक घटकों के सतत उपयोग और कमजोर समुदायों के साथ न्यायसंगत बंटवारा सुनिश्चित हो सकेगा।

### ▸▸ जैविक घटकों के उपयोग और कमजोर समुदायों के साथ न्यायसंगत बंटवारा सुनिश्चित हो सकेगा : भूपेंद्र

उन्होंने कहा कि इस विधेयक से जैविक घटकों के व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना चाहते हैं। आयुष मंत्रालय द्वारा जैविक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। हम इस क्षेत्र में अनुसंधान, सहयोग और नवाचार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार इज ऑफ डूइंग बिजनेस और जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा देना चाहती हैं। इस दिशा में आगे बढ़ाने का काम इस विधेयक द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने दिसंबर 2021 में जैविक विविधता अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव रखा, तो देश के जैव विविधता संसाधनों के बढ़ते शोषण के लिए इसकी आलोचना की गई।

## स्पीड न्यूज

### गीतिका आत्महत्या मामले में कांडा बरी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गीतिका शर्मा आत्महत्या मामले में हरियाणा के विधायक गोपाल कांडा को मंगलवार को बरी कर दिया। राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश विकास ढल ने इस मामले की सह-अभियुक्त अरुणा चड्ढा को भी बरी कर दिया है।

### बीआरएस विधायक का चुनाव अवैध घोषित

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने एक सनसनीखेज फैसले में राज्य में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक वनमा वेंकटेश्वर राव के चुनाव को अमान्य करार दिया है और दूसरे स्थान पर रहे श्री जलागम वेंकटराव के चुनाव को सही घोषित किया है।

### यौन शोषण के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**शहडोल ।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को 10वीं कक्षा की एक छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### किश्तवाड़ में भूस्खलन से एक श्रमिक की मौत

**किश्तवाड़/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मंगलवार को एक सड़क निर्माण स्थल पर भूस्खलन होने से एक श्रमिक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछल गांव के रहने वाले अबिद हुसैन (25) और मुशरफ(23) चतरू इलाके के सुंबल में भूस्खलन की चपेट में आ गए।

### सेंसेक्स में 29 अंक की आंशिक गिरावट

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 29 अंक की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी 8.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 19,680.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 19,729.35 से 19,615.95 अंक के दायरे में रहा।

### आइएएस रानू साहू को 10 दिन जेल भेजा

**रायपुर।** कोल लेवी स्कैम मामले में गिरफ्तार आईएएस रानू साहू को तीन दिन की ईडी की हिरासत खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट ने रानू साहू को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### लापता चल रहे चीन के विदेश मंत्री बर्खास्त

**बीजिंग।** एक महीने से अधिक समय से लापता चल रहे चीन के विदेश मंत्री किन गैंग को बर्खास्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर वान यी को नया विदेश मंत्री बनाकर चीनी विदेश नीति की कमान सौंपी गयी है। किन गैंग एक माह से अधिक समय से लापता चल रहे थे।

## आयुष्मान की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का पोस्टर जारी

**नयी दिल्ली।** आयुष्मान खुराना अभिनीत फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के निमार्ताओं ने मंगलवार को फिल्म का आधिकारिक पोस्टर जारी किया। निर्माता एकता कपूर की अगुवाई वाले बालाजी मोशन पिक्चर्स और खुराना ने पोस्टर साझा किया। इससे फिल्म में अभिनेता के ह्यलुकह्ण की भी जानकारी मिलती है। खुराना ने इंस्टाग्राम पर कहा, कि यह तो सिर्फ पहली झलक है। आइने में वस्तुएं जैसे दिखाई देती हैं उससे कहीं अधिक खूबसूरत होती हैं। ड्रीम गर्ल 2 2019 में आई कॉमेडी फिल्म का दूसरा संस्करण है। इस फिल्म में उन्होंने ऐसे पुरुष का किरदार निभाया था जो पूजा बनकर लड़कियों की आवाज



निकालता था। फिल्म में अनन्या पांडे, अन्नू कपूर, परेश रावल, विजय राज, मनोज जोशी, राजपाल यादव, सीमा पाहवा, मनजोत सिंह और अभिषेक बनर्जी भी हैं।

## अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी जद एस : देवेगौड़ा

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (सेक्युलर) के सुप्रीमो एच डी देवेगौड़ा ने राजग के साथ चुनावी गठबंधन की संभावनाओं को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि उनका दल लोकसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगा। देवेगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने पिछले सप्ताह कहा था कि उनकी पार्टी विभिन्न मामलों को लेकर राज्य में कांग्रेस की सरकार के खिलाफ भाजपा के साथ मिलकर काम करेगी। इसी के साथ अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा और जद(एस) के हाथ मिलाने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। जद (एस) और भाजपा के विधायकों ने अपमानजनक आचरणके लिए विधानसभा से 10 भाजपा नेताओं को निलंबित किए जाने के बाद सदन के सत्र का बहिष्कार कर दिया था।

## शांति के बिना नहीं हो सकते रिश्ते सामान्य

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने चीन के सुरक्षा सलाहकार वांग यी से साफ कहा है कि शांति के बिना दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स देशों के सम्मेलन से इतर हुई बातचीत में डोभाल और वांग यी ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान दोनों के बीच भारत-चीन से जुड़े सीमा विवाद पर भी चर्चा हुई है। यी ने डोभाल से दोनों देशों के बीच रिश्तों को स्थिर करने की बात कही। इसके जवाब में डोभाल ने भी दोनों देशों के आपसी हितों का जिक्र किया।

वांग यी ने डोभाल से कहा कि दोनों पक्षों को रणनीतिक विश्वास बढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही आम सहमति और सहयोग पर ध्यान

### चीन के सुरक्षा सलाहकार से मिले डोभाल, दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर हुई चर्चा



केंद्रित और बाधाओं को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द मजबूत और स्थिर विकास की पटरी पर लाना चाहिए। वांग यी ने जोर देकर कहा कि चीन भारत समेत व्यापक विकासशील देशों के साथ बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लोकतंत्रीकरण का समर्थन कर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण दिशा की ओर बढ़ाने को तैयार है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भारत-चीन सीमा विवाद पर बात की। डोभाल ने कहा कि 2020 से भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर स्थिति ने रणनीतिक विश्वास और रिश्ते के सार्वजनिक और राजनीतिक आधार को खत्म कर दिया है।

इस मौके पर स्थिति को पूरी तरह से हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए निरंतर प्रयासों के महत्व पर जोर दिया, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## मणिपुर में महिला से छेड़छाड़ में बीएसएफ का जवान निलंबित

**नयी दिल्ली।** बीएसएफ ने बीते सप्ताह मणिपुर में एक राशन की दुकान पर एक स्थानीय महिला से छेड़छाड़ करने के आरोपों में अपने एक जवान को निलंबित कर दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक सीसीटीवी कैमरे में कैद वीडियो में हेड कांस्टेबल सतीश प्रसाद अपनी वर्दी पहने हुए और इंसास राइफल के साथ महिला के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करते हुए दिख रहा है। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में साझा किया गया। यह घटना 20 जुलाई को इंफाल वेस्ट जिले में दर्ज की गई थी। अर्धसैनिक बल को शिकायत मिलने के बाद आरोप की जांच की गई और बाद में उसी दिन जवान को निलंबित कर दिया गया।

# कोचिंग इंडस्ट्री में आकाश इंस्टीट्यूट आगे भी बढ़त बनायेगा : नायर

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट पर अब स्वामित्व देश की सबसे बड़ी एड टेक कंपनी वायजू का है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा एड टेक टेकओवर भी था। खैर, आकाश का स्वामित्व बदला है किन्तु इसके मूल्य और शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर पहले की तरह ही बना हुआ है। देश के कोचिंग इंडस्ट्री में आकाश का दबदबा बना हुआ है। 14 जून को आकाश के नेशनल फ्रेंचाइजी हेड राजेश पी नायर जमशेदपुर में थे, जिनसे आकाश इंस्टीट्यूट की भविष्य की योजनाओं पर खबर मन्त्र के विशेष संवाददाता सत्येन्द्र कुमार ने राजेश पी नायर से विशेष बातचीत।

**सवाल :** आकाश के वायजू के अधिग्रहण के बाद क्या बदलाव आया है और इसके फ्रेंचाइजी विस्तार को लेकर क्या योजना है?

**खबरमन्त्र से बातचीत**

▸▸ अगले पांच वर्ष में देश भर में कोचिंग सेंटरों की संख्या दोगुनी करेगा आकाश

▸▸ अब इंस्टीट्यूट का नार्थ-ईस्ट इंडिया में अपने सेंटरों का नेटवर्क बढ़ाने पर जोर



**नायर :** वायजूस से जुड़ने के बाद आकाश की साइज बढ़ गई है। लेकिन आकाश का जो बेस वैल्यू और प्रिंसपल है,जिस बुनियाद की स्थापना हमारे चेयरमैन जेसी चौधरी साहब ने की थी उनके वैल्यू सिस्टम को आज भी कायम रखा गया है। सर अभी बोर्ड में है किन्तु उनका मार्गदर्शन और अनुभव का लाभ मिलता है। उन्हीं के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहे हैं। वायजूस प्रबंधन ने कहा है कि आप जो कर रहे हैं उसके एक्सपर्ट हैं, हम उसमें इंटरफेयर नहीं करेंगे। पहले की तरह ही काम करते रहे, खासकर ऑफलाइन में। इसलिए बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।

**सवाल :** वाजूस ने काफी सही समय पर आकाश का अधिग्रहण किया है। आकाश ऑफलाइन कोचिंग में अग्रणी था जबकि बावजूस डिजिटल एजूकेशन में विशेषज्ञ है। ऐसे में ऑफ लाइन विशेषज्ञता की जब डिजिटल विशेषज्ञता से जुड़ाव हुआ तो आकाश में क्या ट्रिमेंडस पॉजिटिव बदलाव हुआ है।

**नायर :** वायजूस से जुड़ाव से पूर्व भी आकाश में एक डिजिटल विंग था। हम उसे अच्छी तरह से आगे बढ़ा रहे थे। अब यह डिजिटल पार्ट बावयजूस प्रबंधन ऑपरेट कर रहा है। ऑफलाइन टीम ऑपरेट कर रही है।

**सवाल :** डिजिटल विंग का प्रदर्शन कैसा है? कितने स्टूडेंट उसका लाभ ले रहे हैं, और ऑफलाइन कोचिंग का क्या हाल है? कितने छात्र उसका लाभ ले रहे हैं। ग्रोथ रेट क्या है?

**नायर :** डिजिटल पर मैं नहीं बता पाउंगा। जहां तक क्लास रुम कोचिंग की बात है तो बीते वित्तीय वर्ष के मुकाबले हम औसतन 30 प्रतिशत ग्रोथ लेने में सफल रहे हैं, यद्यपि कोचिंग के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा पहले से बढ़ी है। जहां -जहां आकाश की विजिब्लिटी है उन शहरों में नये-नये प्रतिस्पर्धी उभरे हैं। फिर भी 30 % ग्रोथ हासिल की है जबकि अभी एडमिशन प्रोसेस जारी है।

**सवाल :** अधिग्रहण से पूर्व आकाश के देश भर में कितने स्टडी सेंटर ,फ्रेंचाइजी सेंटर थे। नये प्रबंधन में कितना विस्तार हुआ है।

**राजेश पी नायर :** आज की तारीख में आकाश के पास कुल 315 स्टडी सेंटर हैं। इसमें 41 फ्रेंचाइजी सेंटर हैं किन्तु वे भी हमारे स्टडी मैटेरियल, टीचर्स के जरिए ही संचालित हो रहे हैं। अगले पांच वर्ष में 500 प्लस सेंटर का नंबर टच करेंगे। डिजिटल सेंटर खोलेंगे।

**सवाल :** आकाश का फूटफाल देश के हर स्टेट में है। हम जानना चाहेंगे कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी को लेकर किस स्टेट के छात्रों में दिवानगी है।

**नायर :** इस बार नीट-2023 के रिजल्ट ने इस बार एक नये ट्रेंड का संकेत दिया है। इस बार दक्षिण भारतीय राज्यों से नीट के टॉपर आये हैं जबकि पहले हमारे यहां इंजीनियरिंग में साउथ से ज्यादा प्रजेंस रहता था। पहले हमारे अधिकांश टॉपर दिल्ली से आते थे। इस बार नीट में टॉप 20 में 7 बच्चे दक्षिण भारत से हैं। आकाश के इस बार एक लाख 3,143 छात्रों ने नीट इस बार क्वालिफाई किया है। इसमें 5 बच्चे टॉप टेन में, 29 बच्चे टॉप 50 में और 56 बच्चे टॉप 100 में हैं जबकि 17 बच्चे स्टेट टॉपर बने हैं। लेकिन झारखंड,बिहार में मेडिकल और इंजीनियरिंग को लेकर पहले की तरह ही दिवानगी है। फर्क महज इतना आया है कि पहले बच्चे कोटा भागते थे अब उनके शहर में ही आकाश जैसा उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान का प्रजेंस हो गया है। होम टाउन में रह कर बच्चे तैयारी पर फोकस कर रहे हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# चावल के निर्यात पर रोक, खाद्य महंगाई बढ़ेगी



## अनाज की कमी से भारत में होगी परेशानी

**अनुमान** लगाया जा रहा है कि मार्च 2024 तक मुद्रास्फीति 5% पर रहेगी। हालांकि, अगर अनाज की कीमतों में तेज वृद्धि होती है, तो महंगाई बढ़ सकती है। हाल ही में देश से सस्ते गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात बंद कर दिया है।अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में बताया है कि जहां लोग खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से चिंतित हैं, वहीं मुख्य समस्या सिर्फ टमाटर से नहीं बल्कि अन्य चीजों से भी है। वे विशेष रूप से चावल और गेहूं जैसे अनाजों को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि इनकी कमी के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। अनुमान लगाया है कि मार्च 2024 तक मुद्रास्फीति 5% पर रहेगी। हालांकि, अगर अनाज की कीमतों में तेज वृद्धि होती है, तो महंगाई बढ़ सकती है। स्थिति को बेहतर ढंग से समझने के लिए अर्थशास्त्री आने वाले हफ्तों में बारिश और चावल रोपण के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

अर्थशास्त्री चिंतित हैं क्योंकि उत्तर पश्चिम भारत में चावल की फसल अच्छी तरह से नहीं लगाई गई है, और देश के दक्षिण और पूर्व में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। इससे भारत के चावल निर्यात में समस्याएं पैदा हो सकती हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक है। इसके अलावा, अगर चावल का उत्पादन प्रभावित होता है, तो इससे गेहूं की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका उपयोग कुछ मामलों में चावल के विकल्प के रूप में किया जाता है। इसका ग्लोबल लेवल पर फूड की कीमतों पर प्रभाव पड़ सकता है। भारत में अनाज की कीमतें कुछ कारणों से और भी बढ़ सकती हैं। रूस ने चेतावनी जारी की कि ब्लैक सी में यूक्रेन के बंदरगाहों पर जाने वाले जहाज हथियार ले जा रहे हैं और इसके कारण पिछले सप्ताह गेहूं की कीमतें बढ़ गईं। इसके अतिरिक्त, अल नीनो अनाज की कीमतों को भी प्रभावित कर सकता है और उन्हें बढ़ा सकता है।

अनाज भारत में लोगों के जीवनयापन के खर्च को महत्वपूर्ण तरीके से तय करता है। गेहूं भारतीय आहार का एक बुनियादी और आवश्यक हिस्सा है। गेहूं सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के कारण जून में खुदरा महंगाई तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.81% पर पहुंच गई है। इससे अर्थशास्त्रियों को यह अनुमान लगाना पड़ा है कि बाकी साल के दौरान कीमतों में बढ़ोतरी जारी रहेगी। परिणामस्वरूप, केंद्रीय बैंक हालातों को कंट्रोल में करने के लिए लंबे समय के लिए ब्याज दरों में बदलाव न रखने का फैसला ले सकता है।

## चीनी क्षेत्र के विकास के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही रफ्तार



संजीव चोपड़ा

(- केन्द्रीय सचिव, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग)

**भारत** सरकार ने हाल ही में चीनी सत्र 2023-24 के लिए गन्ने के 315 रुपये प्रति क्विंटल के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) की घोषणा की है, जिसमें भुगतान लागत के साथ-साथ पारिवारिक श्रम के मूल्यांकित मूल्य (ए2+एफएल लागत) पर 100 प्रतिशत से अधिक का मार्जिन शामिल किया गया है। यह फसलों के लिए सबसे ज्यादा मार्जिन में से एक है, जिससे किसानों के लिए ऊंचा रिटर्न सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस फैसले से लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रित लाभान्वित होंगे। नई एफआरपी का उद्देश्य भारतीय चीनी उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करते हुए किसानों की आकांक्षाओं को पूरा करना है।

एफआरपी वह बेंचमार्क कीमत है जिससे कम मूल्य पर कोई भी चीनी मिल गन्ना नहीं खरीद सकती। इसलिए, यह न्यूनतम समर्थन मूल्य की तरह है लेकिन यहां पर खरीद चीनी मिलों द्वारा की जाती है, सरकार द्वारा नहीं।

भारत में चीनी उद्योग का इतिहास उतार-चढ़ाव वाला रहा है और हाल के वर्षों में यह एक मजबूत क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। 2020-21 से पहले 8 वर्षों में, भारत सरकार ने चीनी क्षेत्र को वित्तीय संकट से बाहर लाने के लिए 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी, ताकि मिलों द्वारा किसानों का भुगतान तत्काल जारी किया जा सके। हाल के वर्षों में, केंद्र सरकार के लक्षित हस्तक्षेप, चीनी उद्योग की कुशलता और अनुकूल वैश्विक कारकों के कारण चीनी क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। चीनी क्षेत्र की सेहत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2021-22 के बाद से, इथेनॉल परियोजनाओं के लिए ब्याज अनुदान योजना (जिसके तहत 30 जून, 2023 तक 494 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं) को छोड़कर चीनी मिलों को कोई बजटीय सहायता नहीं दी गई है।

आधुनिकीकरण और विविधीकरण के लिए क्षेत्र में पूंजीगत व्यय के बढ़े हुए स्तर से पिछले 6 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश हुआ है और ग्रामीण युवाओं के लिए 50,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर की कीमतों का रुझान न केवल इस क्षेत्र की वर्तमान स्थिति बल्कि इसकी भविष्य की संभावनाओं का भी एक विश्वसनीय संकेत है। ऐसा देखा गया है कि शीर्ष 10 सूचीबद्ध चीनी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (उनकी गन्ना पेराई क्षमता के आधार पर) पिछले 4 वर्षों में दोगुना से अधिक हो गया है। चीनी क्षेत्र के कायापलट का श्रेय तीन प्रमुख कारकों को दिया जा सकता है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 इस लिहाज से अहम पहल रही जिसने चीनी क्षेत्र के पुनरुद्धार में सबसे अधिक योगदान दिया है। इसके जरिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दिया गया।

हालांकि, पेट्रोल के साथ इथेनॉल सम्मिश्रण (ईबीपी) कार्यक्रम वर्ष 2003 से लागू किया जा रहा है, लेकिन राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति की घोषणा को इस क्षेत्र में पुनरुत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण घटना कहा जा सकता है। तब से, कई नीतिगत पहलों ने इथेनॉल संयंत्रों की स्थापना की प्रक्रियाओं को सरल बना दिया है और मोलासेस से उत्पादित इथेनॉल के लिए लाभकारी मूल्य की पेशकश की गई है। केंद्र सरकार ने इथेनॉल परियोजनाओं के लिए ब्याज अनुदान योजना भी शुरू की है, जिसके तहत देश में इथेनॉल उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परियोजना के प्रस्तावकों को प्रति वर्ष 6 प्रतिशत ब्याज या 50 प्रतिशत ब्याज, जो भी कम हो, की 5 वर्षों के लिए प्रतिपूर्ति की जाती है। इसके तहत वर्ष 2018 से अभी तक 4,400 करोड़ लीटर अनुमानित क्षमता वाली 1,200 से ज्यादा परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी जा चुकी है।

महज दो वर्षों के दौरान, इथेनॉल मिश्रण का प्रतिशत दोगुना हो गया है और इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (दिसंबर-नवंबर), 2021-22 के दौरान लगभग 434 करोड़ लीटर इथेनॉल मिश्रित किया गया था, जो 10 प्रतिशत के लक्ष्य को पार कर गया। ईबीपी कार्यक्रम अब 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है, जिससे भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा इथेनॉल उत्पादक देश बन जाएगा।

इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप पिछले 4 वर्षों के दौरान चीनी आधारित डिस्टिलरीज को 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। इस साल तेल विपणन कंपनियों को इथेनॉल की बिक्री से डिस्टिलरीज को 22,000 करोड़ रुपये मिलेंगे।

# धान की बुआई 21 जुलाई तक 3 फीसदी बढ़ी, दलहन का रकबा 10 फीसदी घटा

अनुष्का चौधरी

**देश** के कुल चावल उत्पादन का लगभग 80 फीसदी खरीफ सत्र से आता है। मोटे अनाज का रकबा 21 जुलाई तक बढ़कर 134.91 लाख हेक्टेयर हो गया है।

चालू खरीफ सत्र (ग्रीष्मकालीन बुआई) में 21 जुलाई तक धान की बुआई का क्षेत्रफल तीन फीसदी बढ़कर 180.2 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि दलहन का रकबा 10 फीसदी घटकर 85.85 लाख हेक्टेयर रह गया है। कृषि मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में धान का रकबा 175.47 लाख हेक्टेयर और दलहन का रकबा 95.22 लाख हेक्टेयर था।

मोटे अनाज का रकबा बढ़कर 134.91 लाख हेक्टेयर तक पहुंचा

धान खरीफ की मुख्य फसल है, जिसकी बुआई आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के साथ शुरू होती है। देश के कुल चावल उत्पादन का लगभग 80 फीसदी खरीफ सत्र से आता है। आंकड़ों के अनुसार, श्री अन्न या मोटे अनाज का रकबा 21 जुलाई तक बढ़कर 134.91 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल इसी अवधि में 128.75 लाख हेक्टेयर था।

### तिलहन का रकबा बढ़कर 160.41 लाख हेक्टेयर हो गया

गैर-खाद्यान्न श्रेणी में तिलहन का रकबा बढ़कर 160.41 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि में 155.29 लाख हेक्टेयर था। मूंगफली का रकबा 34.56 लाख हेक्टेयर से थोड़ा बढ़कर 34.94 लाख हेक्टेयर हो गया है। वहीं सोयाबीन का रकबा 111.31 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 114.48 लाख हेक्टेयर हो गया है।

### खरीफ फसलों का कुल रकबा बढ़कर 733.42 लाख हेक्टेयर तक पहुंचा

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कपास का रकबा 109.99 लाख हेक्टेयर से मामूली गिरावट के साथ 109.69 लाख हेक्टेयर रह गया। गन्ने का रकबा 53.34 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 56 लाख हेक्टेयर रहा। सभी प्रमुख खरीफ फसलों का कुल रकबा शुक्रवार (21 जुलाई) तक बढ़कर 733.42 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि में 724.99 लाख हेक्टेयर था।

## हल्दी की कीमतें 42 प्रतिशत बढ़ीं

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने भारत में केरल के तट पर आठ जून को दस्तक दी थी, जबकि इसकी सामान्य तारीख एक जून है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) ने पहले कहा था कि अल नीनो की स्थिति बनने के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान भारत में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। एक महीने से भी कम समय में हल्दी की कीमतें 42% बढ़ीं

एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक हल्दी का हाजिर भाव 20 जून को मोटे तौर पर 8,100 रुपये प्रति क्विंटल था, जो 19 जून को बढ़कर 11,500 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

जीरा, टमाटर और दलहन के बाद अब हल्दी की कीमत बढ़ने की बारी है। प्रमुख इलाकों में बोआई में देरी, व्यापारियों के पास स्टॉक कम होने और पिछले कुछ सीजन में कम मुनाफा के कारण इसकी खेती को लेकर उदासीनता के कारण एक महीने से भी कम समय में हल्दी की कीमत में करीब 42 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। कुछ व्यापारियों का कहना है कि कुछ जमाखोरी भी संभव है, क्योंकि कई साल के बाद इससे मुनाफे में सुधार हुआ है।

एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक हल्दी का हाजिर भाव 20 जून को मोटे तौर पर 8,100 रुपये प्रति क्विंटल था, जो 19 जून को बढ़कर 11,500 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक हल्दी की खुदरा महंगाई जनवरी के 7.6 प्रतिशत से घटकर जून में 4 प्रतिशत पर आ गई है, जो मंत्रालय के अंतिम उपलब्ध आंकड़े हैं।

हल्दी लंबे समय में तैयार होने वाली फसल है और इसकी ज्यादातर फसल 250 से 270 दिन में पकती है। इसकी बोआई सामान्यतया जाते मॉनसून के वक्त जुलाई में शुरू होती है और मार्च में फसल तैयार होती है। हालांकि कुछ ऐसी किस्में हैं, जो जल्दी तैयार हो जाती हैं, लेकिन अधिकतर फसल को तैयार होने में 8 महीने लग जाते हैं। पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक 2022-23 फसल वर्ष में भारत में 11.6 लाख टन हल्दी का उत्पादन हुआ, जो 2021-22 के 12.2 लाख टन की तुलना में मामूली कम था।

सामान्यतया 2,90,000 से 3,30,000 हेक्टेयर जमीन पर हल्दी की खेती की जाती है। लेकिन 2022-23 में आधिकारिक अनुमान के मुताबिक इसके रकबे में करीब 10,000 हेक्टेयर की कमी आई है। तेलंगाना के निजामाबाद के आरमूर इलाके के हल्दी किसान मधुसूदन ने कहा, ह्यपिछले 5 साल में हल्दी की कीमत बमुश्किल 5,000 से 7,000 रुपये प्रति क्विंटल के ऊपर गई है, जो उत्पादन की लागत निकालने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसकी वजह से किसानों ने इसकी जगह दूसरी खेती शुरू कर दी।

इस साल तेलंगाना और महाराष्ट्र में बारिश कम हुई है, इसकी वजह से बुआई का रकबा और कम हुआ है ह्ण उन्होंने कहा कि आरमूर में हल्दी का रकबा घटकर 20,000 से 25,000 एकड़ रह गया है, जो 5 साल पहले 35,000 एकड़ था।

हल्दी कारोबारी पूनम चंद गुप्ता ने कहा कि महाराष्ट्र के प्रमुख उत्पादक इलाकों महाराष्ट्र के सांगली और नांदेड़, तेलंगाना के निजामाबाद और तमिलनाडु के इरोड में पिछले साल की तुलना में अब तक बोआई का रकबा 10 से 15 प्रतिशत कम हुआ है, जिसकी वजह से कीमत बढ़ी है।

बहरहाल कुछ कारोबारियों का कहना है कि प्रमुख उत्पादक राज्यों में बारिश तेज होने के साथ बोआई गति पकड़ेगी, जिससे खुले बाजार में हल्दी की कीमत में कमी आ सकती है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 1 जून से 19 जुलाई तक कुल मिलाकर दक्षिण पश्चिम मॉनसून से बारिश तेलंगाना में सामान्य से 1 प्रतिशत ज्यादा हुई है, जबकि महाराष्ट्र में 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इन दोनों राज्यों में पिछले कुछ दिनों ने मॉनसून ने जोरदार वापसी की है, जिससे स्थिति सुधरेगी। पिछले सप्ताह तक तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र उन राज्यों में थे जहां ज्यादातर जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई थी।

### बड़े शहरों में सब्जियों पर खर्च 84 फीसदी बढ़ा

सब्जी व्यापारियों की मानें तो अगले कुछ हफ्तों तक सब्जियों के ऊंचे भाव से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है और कुछ दिन तक हालात ऐसे ही रह सकते हैं।

महंगाई की आंच में सब्जियां इस कदर उबलने लगी हैं कि लोगों के खाने का स्वाद बिगड़ने के साथ उनका बजट भी बिगड़ गया है। बड़े शहरों में रहने वालों की थाली में आसमान छूती सब्जियां मुश्किल से ही आ रही हैं। आपूर्ति कम होने से बाजार में सब्जियां कम ही आ रही हैं, जिससे बड़े शहरों के बाशिंदों का मासिक बजट हिल गया है। सब्जी व्यापारियों की मानें तो अगले कुछ हफ्तों तक सब्जियों के ऊंचे भाव से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है और कुछ दिन तक हालात ऐसे ही रह सकते हैं। देश में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कारण लगातार भारी बारिश हो रही है, जिससे देश के प्रमुख फसल उत्पादक क्षेत्रों में खेत-खलिहानों में पानी भर गया है।। पिछले एक महीने में इसकी बढ़ती कीमतों ने पूरे देश में हाहाकार मचा दिया है। हालात की नजाकत समझकर सरकार भी हरकत में आ गई है, जिससे भाव कुछ नरम पड़े हैं। दिल्ली की आजादपुर मंडी में 81 रुपये प्रति किलोग्राम चल रहे टमाटर के भाव पिछले कुछ दिनों में घटकर 65 रुपये प्रति किलो रह गए हैं। मगर एक महीने पहले के मुकाबले इनके भाव अब भी 207 प्रतिशत अधिक हैं।

` उपलब्ध आंकड़ों एवं लोगों के खपत के तरीके का विश्लेषण किया है। इससे पता चला है कि कुछ चुनिंदा सब्जियों पर शहरी लोगों को पिछले एक महीने (22 जून से 23 जुलाई) में 84 प्रतिशत ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ी है। सब्जियों के दाम बढ़ने से पूरी खाद्य महंगाई के आंकड़ों पर असर पड़ सकता है।

पिछले कुछ महीनों में गेहूं और चावल के साथ मसालों और दलहन के भाव में भी भारी तेजी आई है। उनके बढ़े दाम भी औसत भारतीयों की जेब में तगड़ी सेंध लगा सकते हैं। चावल की बात करें तो पिछले सप्ताह जारी एक आधिकारिक बयान में स्वीकार किया गया कि साल भर पहले के मुकाबले इसके दाम में 11.5 प्रतिशत इजाफा हुआ है। चावल भारतीयों का प्रमुख खाद्यान्न है, इसलिए इसके दाम में इजाफा लोगों की जेब पर सीधा असर डालता है।

काला सागर होकर यूरोप, अफ्रीका और दुनिया के अन्य हिस्सों को गेहूं की आपूर्ति से जुड़ा समझौता रूस के पीछे हटने से खटाई में पड़ गया है। इससे गेहूं का आयात करने वाले देशों में खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

भारत में गेहूं का पर्याप्त भंडार मौजूद है मगर दुनिया भर में इसकी कीमतें बढ़ीं तो देश में महंगाई थामने के लिए सस्ता गेहूं आयात करना सरकार के लिए मुश्किल हो सकता है। खाद्य तेल में तो महंगाई का असर दिखना शुरू भी हो गया है। पिछले एक महीने में सूरजमुखी के कच्चे तेल का आयात मूल्य 10 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

## बस्तर के काली मिर्च की शान, नया कीर्तिमान

दीपक कुमार त्यागी



**यह** छत्तीसगढ़ के लिए ही नहीं, संपूर्ण देश के लिए गौरव का विषय है कि बस्तर में संचालित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म्स एंड रिसर्च सेंटर से विकसित 'काली मिर्च-16' को उत्पादन की मात्रा, गुणवत्ता तथा सभी मापदंडों पर देश की सर्वश्रेष्ठ काली मिर्च के रूप में केंद्र सरकार के शीर्ष मसाला अनुसंधान संस्थान में दर्ज किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ में ब्लैक गोल्ड कहा जाता है। यह देश में नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाले छत्तीसगढ़ के बस्तर जनपद की बड़ी सफलता है।

इस उपलब्धि का श्रेय डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी के कोंडागांव में स्थापित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म्स एंड रिसर्च सेंटर को जाता है। उल्लेखनीय है कि केरल और देश के अन्य भागों में काली मिर्च के एक पेड़ से अधिकतम औसत उत्पादन लगभग पांच किलोग्राम का रहा है। इस सेंटर में विकसित की गई काली मिर्च-16 में औसत उत्पादन मात्रा 8 से 10 किलोग्राम है। उत्पादन की मात्रा के साथ गुणवत्ता में भी यह काली मिर्च अन्य काली मिर्च से बेहतर है।

भारतीय मसाला बोर्ड की आधिकारिक पत्रिका स्पाइस इंडिया में प्रकाशित लेख में भारतीय मसाला अनुसंधान विज्ञानियों ने बस्तर की इस काली मिर्च को देश में सबसे अधिक उत्पादन देने वाली प्रजाति बताया है। कोंडागांव क्षेत्र में उगाई जाने वाली इस काली मिर्च के एक पौधे में भारत में काली मिर्च के औसत उत्पादन चार से पांच किलोग्राम से करीब दोगुना आठ से दस किलोग्राम सूखी काली मिर्च का उत्पादन होता है।

कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए मशहूर और चार बार देश के सर्वश्रेष्ठ किसान का अवार्ड प्राप्त करने वाले किसान डॉ. राजाराम त्रिपाठी विगत दो दशक से गर्म तथा सूखी जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त काली मिर्च की प्रजाति विकसित करने में लगे हुए थे। सन 2016 में उन्हें इसमें सफलता मिली। आज काली मिर्च-16 केवल बस्तर के किसानों में ही नहीं बल्कि देश के अन्य सभी भागों में भी सफलता पूर्वक उगाई जा रही है।पेड़ों पर ही पकी इस काली मिर्च के देश के साथ-साथ विदेशी भी दीवाने हैं। इस काली मिर्च की गुणवत्ता के सामने बाकी सभी देशी-विदेशी किस्म उन्नीस साबित हुई है। इस सेंटर की काली मिर्च के साथ ही हर्बल चाय, सफेद मूसली, स्टीविया, इंसुलिन पौधा, आस्ट्रेलियन टीक लकड़ी, काला चावल, हल्दी और अन्य सभी हर्बल उत्पादों ने भी देश और दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी इस सफलता का श्रेय बस्तर की माटी को देते हैं। डॉ. त्रिपाठी कहते हैं, उन्होंने आस्ट्रेलियन टीक वृक्ष के साथ काली मिर्च की खेती की शुरूआत की। इससे उत्पादन बढ़ा। आस्ट्रेलियन टीक में अन्य पौधों की तुलना में करीब 300 गुना नाइट्रोजन की मात्रा को भूमि में संधारित करने क्षमता होती है। इस वजह से प्राकृतिक तरीके से उत्पादन बढ़ता है। डॉ. राजाराम के पितामह शंभूदत्त प्रतापगढ़ से 70 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ आए थे।

## निर्भीक नस्ल की मुर्गी से अधिक लाभ

**किसान** पोल्ट्री फार्म में कैरी निर्भीक मुर्गी पाल कर कमा सकते हैं अच्छा पैसा भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित कैरी निर्भीक एक देसी नस्ल की मुर्गी है, जो मूल रूप से असील पीला जैसी दिखाई देती हैं। कैरी-निर्भीक नर (मुर्गा) के पंखों का रंग सुनहरा-लाल होता हैं जबकि मादा (मुर्गी) में सुनहरे-लाल से पीला होता हैं। इसकी त्वचा और टांग का रंग पीला होता है, जबकि नर में कर्णमूल लाल और मादा में लाल और सफेद होता है।

आंखों का रंग मुख्यतः काला है।कैरी-निर्भीक अंडे और मांस उत्पादन के लिए दोहरे प्रकार का रंगीन स्वदेशी चिकन है। इसका मांस प्रोटीन के गुणों से भरपूर होता है। इस नस्ल की मुर्गी तेज तर्रार, आकार में बड़ी, शक्तिशाली और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली होती हैं। नर में लड़ने की प्रवृत्ति और मादा में चिड़चिड़ेपन की प्रवृत्ति इस किस्म के कुछ अनोखे लक्षण हैं। इस नस्ल के नर और मादा का वजन लगभग 20 सप्ताह के अंदर ही 1850 और 1350 ग्राम के आसपास हो जाता है। इस किस्म की मुर्गियों से लगभग 170-180 दिनों में 170-200 अंडों का उत्पादन ले सकते हैं। इनके अण्डों का वजन लगभग 54 ग्राम होता हैं।

इन पक्षियों की प्रजनन क्षमता, अंडों से निकलने की क्षमता और अंडे के अंदर रहने की क्षमता क्रमशः 88, 81 94% के आसपास दर्ज की गई है। आजकल कई किसान इस पक्षी को 2000 से 5000 पक्षियों के साथ स्टॉल फीडिंग के साथ सीमित क्षेत्र में रखते हैं।अगर किसान चाहें तो कैरी निर्भीक मुर्गी का पोल्ट्री फार्म शुरू करके कम खर्च में अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### पीएम किसान योजना की 14 किस्त 28 जुलाई तक

**देशभर** के किसानों के लिए खुशखबरी! सरकार ने जारी की पीएम किसान योजना की 14वी किस्त की तारीख झ पीएम किसान योजना का लाभ लेने वाले किसानों की लिए एक खुशखबरी हैं। पीएम किसान योजना की अभी 14वीं किस्त जारी होना बाकि हैं, जिसका सभी किसानों को बेसवरी से इंतजार हैं। देशभर के करोड़ो किसानों का इंतजार अब खत्म होने वाला हैं। सरकार द्वारा सभी किसानों के खातों में इसी महीने के आखिरी सप्ताह तक पीएम किसान योजना की 14 वी किस्त ट्रांसफर कर दी जायेगी। फिलहाल सरकार ने पीएम किसान योजना की 14 वीं किस्त की तारीख को तय कर दिया हैं। सरकारी बेवसाइट के अनुसार 14वीं किस्त के 2 हजार रुपए किसानों के खातों में 28 जुलाई ट्रांसफर कर दी जायेगी।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जुलाई को देश के 8.5 करोड़ किसानों को एक साथ पीएम किसान योजना की 14 वीं किस्त जारी करेंगे।

## जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझना होगा



**जलवायु** परिवर्तन के प्रभावों के कारण प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता भी बढ़ी है और ऐसी घटनाएं अब बार-बार हो रही हैं। इसके चलते ही अप्रत्याशित तरीके से वर्षा, गर्मी की तीव्र लहर, बाढ़, तूफान, सूखा और चक्रवात जैसी घटनाओं की तीव्र पुनरावृत्ति देखी जा रही है। इसका परिणाम शहरों में भोजन, पानी और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में नजर आ रहा है।

यह एशिया के लिए भी विशेष रूप से सच है, जहां तटीय शहर ऐसी आपदाओं की चपेट में सबसे अधिक आते हैं। इसके चलते ही तटीय तथा समुद्री पर्यावरण, कृषि और पशुधन से जुड़े क्षेत्र के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

अप्रत्याशित और अचानक दिखने वाली जलवायु घटनाएं, विकसित और विकासशील दोनों ही देशों को प्रभावित करती हैं लेकिन विकासशील देशों में इसको लेकर काफी संवेदनशीलता और गंभीरता है। कई शहरों ने अतीत में भी प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं का अनुभव किया है, जिसके चलते हजारों निवासी या तो मलबे के नीचे दब गए हैं या बह गए हैं। जब भी किसी शहरी क्षेत्र में कोई आपदा देखी जाती है तब हर बार आसपास के क्षेत्र में व्यापक तरीके से लोगों के हताहत होने की घटनाओं के साथ-साथ अन्य नकारात्मक प्रभावों का अनुभव किया जाता है। इससे शहर का बजट, विकास और वृद्धि की दिशा में खर्च होने के बजाय प्रारंभिक राहत कार्यों और आपातकालीन प्रतिक्रिया में खर्च हो जाता है।